सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 25.5 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,697 |
| निफ्टी | 25,542 |

सोना 97,430 चांदी 1,06,963

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मंधाना आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 2 जुलाई 2025 | 18 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 184, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केंद्र की रोजगार लिंक्ड इन्सेंटिव योजना को मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपए के इंप्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च डेवलेपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी है। (अनंत ज्ञान)

### पटाखा फैक्टरी में धमाका, 5 की मौत

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ, न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग और फंसे हो सकते हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। घायलों को इलाज के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस बहाल

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ केस में सस्पेंड आईपीएस विकास कुमार को मंगलवार को सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने बहाल कर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि हादसे के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जिम्मेदार है। पुलिस भगवान या कोई जादूगर नहीं है। पुलिस को व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जाता तो उससे भारी भीड़ को नियंत्रित करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। (अनंत ज्ञान)

### जून में 1.85 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जून माह में जीएसटी से 1.85 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार 1 जून को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी जून 2024 में सरकार ने 1.73 लाख करोड़ रुपए जीएसटी कलेक्ट किया था। (अनंत ज्ञान)

### हाईकोर्ट ने रद्द किया ड्रग कंट्रोलर का आदेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में राज्य औषधि नियंत्रक के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें दवा निर्माताओं को मादक पदार्थ की बिक्री की जानकारी संबंधित जिला पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को देना अनिवार्य किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दवा नियंत्रण से जुड़े नियम बनाने का अधिकार विशेष रूप से केंद्र सरकार के पास है। कोर्ट ने कहा कि राज्य औषधि नियंत्रक द्वारा जारी किया गया यह कार्यालय आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दी वित्तीय सहायता -पेज 2
- मोदी सरकार ने हिमाचल की सड़कों के लिए दिए 3667 करोड़: अनुराग -पेज 3
- टांडा कॉलेज एक साल में बनेगा प्रदेश का उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थान -पेज 4
- लौंगनी के स्याठी गांव का नहीं बचा नमोनिशान -पेज 9
- स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स सम्मानित -पेज 10

### रेलवे ने सुपर मोबाइल ऐप की लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मंगलवार को अपनी नई RailOne ऐप लॉन्च कर दी है। इस सुपरऐप की शुरुआत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह ऐप रेलवे की सभी सार्वजनिक सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाकर यूजर्स को सुविधाएं देने वाला है। इसमें टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस चेक, टिकट रिफंड और ट्रेन में खाना ऑर्डर करने जैसी कई सेवाएं मिलेंगी। यह ऐप एंड्रॉयड-आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

# मंडी में तीन जगह बादल फटने से 6 लोगों की मौत,15 लापता

## एनडीआरएफ ने 233 लोगों को किया रेस्क्यू; मकान-गोशालाएं ढहीं, सड़कें बंद

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** हिमाचल के मंडी जिले में आसमान से तबाही बरस रही है। करसोग, गोहर और धर्मपुर उपमंडलों में बादल फटने की घटनाओं में 6 लोगों की जान चली गई है, जबकि 15 लोग लापता और 15 लोग घायल हुए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य राहत दलों ने युद्धस्तर पर चलाए गए अभियान में अब तक 233 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। जिलेभर में 24 मकान और 12 गोशालाएं मलबे में समा गई हैं। इसके अलावा 30 पशुओं की भी मौत हो गई। जिले में 2 दर्जन के आसपास छोटे और बड़े पुल बह गए हैं और 50 के आसपास सड़कें बंद हैं। चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग फोरलेन पर भी जगह-जगह भू-स्खलन और सड़कें टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। थलौट के पास टनल 13 के पास रातभर पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे और यात्रियों ने टनल के अंदर ही रात गुजारी।

वहीं, राज्य आपदा प्रबंधन बल के अनुसार, मानसून सीजन में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 घायल हैं और 21 लापता हैं। वहीं, प्रदेशभर में 466 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं तथा 1056 ट्रांसफार्मर ठप पड़े हैं और एक हजार से ज्यादा जल आपूर्ति परियोजनाएं बाधित हो गई हैं।

**मानसून सीजन में अब तक 51 लोगों की मौत 100 घायल**

**प्रदेश में 466 सड़कें क्षतिग्रस्त** | **1 हजार से ज्यादा ट्रांसफार्मर ठप** | **कई जल आपूर्ति परियोजनाएं बंद**



मंडी जिले में बादल फटने और भू-स्खलन से हुआ व्यापक नुकसान।

### गोहर में दो परिवारों के 9 लोग घरों के साथ बहे

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान गोहर।** मंडी के गोहर उपमंडल की स्यांज पंचायत में भारी बारिश के चलते ज्यूणी खड्डु में आई बाढ़ में दो बच्चों व तीन महिलाओं सहित 9 लोग अपने 2 मकानों सहित बह गए। सोमवार रात करीब 2 बजे हुई इस घटना में एक ही परिवार के 7 सदस्य शामिल हैं। पंचायत स्यांज के पंगल्यूर व बागा गांव में खड्ड के किनारे बने दो मकान भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में बह गए। बचाव कार्य के लिए प्रशासन की टीमें वहां पहुंची, लेकिन भारी बरसात की वजह से सड़कें और रास्ते बहुत खस्ताहाल हो चुके हैं, जिस कारण बचाव कार्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सराज में रोपवे ही एकमात्र सहारा

**भू-स्खलन** से सराज की ओर जाने वाले सभी संपर्क मार्ग बंद हो चुके हैं। बालीचौकी, गाडागुशैनी, थाची, सोमनाचनी, थुनाग, बग्स्याड़, कुथाह, चिउनी, छतरी और बाखली में लगभग 50 घरों व दुकानों को क्षति पहुंची है। फिलहाल पूर्व जयराम सरकार के समय बनाया गए बगलामुखी रोपवे से ही आवाजाही संभव हो पा रही है।

### लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया

**लैंडस्लाइड** की आशंका को देखते हुए मंडी सदर की पैलेस कॉलोनी से 11 लोगों को सुरक्षित विपाशा सदन राहत कैंप में शिफ्ट किया गया। वहीं, टारना क्षेत्र में 16 लोगों को उनके रिश्तेदारों के पास सुरक्षित पहुंचाया गया है। वहीं, डाइट मंडी की 29 छात्राओं को गुरुद्वारे में राहत कैंप में शरण दी गई है।

### धर्मपुर उपमंडल में 26 पशुओं की मौत

**मंडी** जिले के धर्मपुर उपमंडल के त्रयांबला, शरठी, नालदा खड्डु और भदराणा गांवों में 6 मकान और आठ गौशालाएं ढह गई, जिससे 26 पशुओं की जान चली गई। स्थानीय प्रशासन ने यहां 17 प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत के रूप में 10-10 हजार रुपए व राशन किटें प्रदान की हैं। प्रशासन प्रभावितों की हर संभव मदद कर रहा है।

### राहत और बचाव कार्य जारी

**प्रशासन** ने संवेदनशील क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से नदी-नालों के किनारे न जाने की अपील की है। राहत दल लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू कार्य में जुटे हुए हैं। वहीं, मंडी में दोपहर बाद तक बिजली भी गुल रही। शहर में नालों पर ऊपर अतिक्रमण होने के कारण शहरभर में तबाही का मंजर देखने को मिला।

# शहीद अरविंद्र और सूबेदार कुलदीप के बनाए जाएंगे स्मारक द्वार : सीएम

## कहा, नादौन में 'ब्यास आरती उत्सव' का शीघ्र होगा श्री गणेश

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के धनेटा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। सुक्खू ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में शहीद हुए अरविंद्र सिंह और सूबेदार कुलदीप चंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों के गांवों में इनके स्मारक द्वार बनाए जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां इनकी वीरता से प्रेरित हो सकें। वहीं, नादौन में 'ब्यास आरती उत्सव' का भी शीघ्र श्री गणेश कर दिया जाएगा। नादौन विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धनेटा में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई की पढ़ाई शुरू होगी। उन्होंने इस स्कूल को-एजुकेशन में बदलने और विज्ञान विषय की कक्षाएं आरंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय धनेटा में बीएड और बीसीए कोर्सिज शुरू करने को कहा, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने नादौन में नया कृषि विपणन केंद्र खोलने की भी घोषणा की।

- **धनेटा स्कूल में अगले सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम**
- **नादौन में खोला जाएगा नया कृषि विपणन केंद्र**




# पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पंचायतीराज और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रबंधक (तकनीकी) अचल जिंदल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने मंत्री और उनके सहयोगियों पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात की और दोषियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

- **एनएचएआई के मैनेजर ने मंत्री पर मारपीट का लगाया आरोप**

# थाइलैंड में संवैधानिक न्यायालय ने पीएम शिनावात्रा को पद से हटाया



**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड के संवैधानिक न्यायालय ने पीएम पैतोंगटार्न शिनावात्रा को उनके पद से हटा दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के नेता हुन सेन से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत में उन्होंने थाई सेना के कमांडर की आलोचना की थी। इसे थाईलैंड में गंभीर मामला माना जाता है, क्योंकि सेना का वहां काफी प्रभाव है। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ आई शिकायत की जांच की जाएगी। अगर वह दोषी पाई गईं, तो उन्हें हमेशा के लिए पद से हटाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. बिंदल तीसरी बार हिमाचल भाजपा अध्यक्ष

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पीटरहाफ में आयोजित कार्यक्रम में की घोषणा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को शिमला के होटल पीटरहाफ में आयोजित संगठन पर्व -2025 कार्यक्रम में डॉ. राजीव बिंदल को तीसरी बार हिमाचल प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष घोषित किया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह और प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

इस दौरान जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष का फैसला रसोई घर एवं डाइनिंग टेबल पर होता है, जबकि भाजपा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। जितेंद्र सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'कांग्रेस के नेताओं को क्या पता कि लोकतंत्र क्या होता है।' उन्होंने कांग्रेस में 'मां और बेटे' के फैसलों को ही मान्यता मिलने पर जोर दिया और कहा कि कांग्रेस में हर कोई खुद को अध्यक्ष समझता है, लेकिन इतिहास देखें तो दादा, बेटा, पोता, नहीं तो पोती' को ही अध्यक्ष बना दिया जाता है। वहीं, भाजपा में कोई भी आम कार्यकर्ता अध्यक्ष बन सकता है और अंत तक किसी को पता नहीं होता कि कौन चुना जाएगा, जो कांग्रेस में संभव नहीं है। कार्यक्रम में 1000 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



### कार्यकर्ताओं ने पार्टी को शिखर पर पहुंचाया

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि तीन पीढ़ियों के संघर्ष के बाद आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। उन्होंने अपने गृह राज्य जम्मू-कश्मीर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भाजपा का कोई रिवाज नहीं था, लेकिन कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने पार्टी को शिखर पर पहुंचाया है।

### भाजपा ने 4 और प्रदेशाध्यक्ष चुने

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा ने हिमाचल के अलावा उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। हिमाचल में डॉ. राजीव बिंदल तो मध्य प्रदेश में बैतूल विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। आंध्र प्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है। महाराष्ट्र में रवींद्र चाव्हाण को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50 प्रतिशत राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है। (अनंत ज्ञान)






# सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दी वित्तीय सहायता

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन में सहायक जिला न्यायवादी कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन में 1.28 करोड़ की लागत से निर्मित सहायक जिला न्यायवादी कार्यालय भवन का उद्घाटन तथा 7.61 करोड़ रुपए से नाबार्ड के अंतर्गत बनने वाली सेरा से सेरा पखरोल मानपुल सड़क के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत दो जाने वाली 3 लाख रुपए की आवास अनुदान की पहली किस्त के तौर पर एक लाख रुपए की राशि लाभार्थियों को प्रदान की। लाभार्थियों में रोहित कुमार गांव बैहली, डाकघर बाड़ा, तहसील नादौन, राहुल गांव कुथियाना डाकघर डांगरी, तहसील नादौन, अक्षय अग्निहोत्री गांव व डाकघर पत्साई, तहसील नादौन तथा दीपक गांव कारगू जगीर, डाकघर बधेरा, तहसील कांगू, जिला हमीरपुर शामिल हैं। सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत दो लाख विवाह अनुदान राशि भी पात्र लाभार्थियों को वितरित की। इसमें खुशबू ठाकुर गांव व डाकघर कलूर, तहसील नादौन, रवि कुमार गांव खुग दी भुन, डाकघर कोहला, तहसील नादौन, आंकाक्षा गांव केहड़ू, डाकघर



सुक्खू ने सेरा से सेरा पखरोल मानपुल सड़क के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया।

भीड़ा, तहसील हमीरपुर, शिखा, वार्ड नं. 3 डाकघर व तहसील सुजानपुर तथा प्रदीप कुमार गांव व डाकघर री तहसील सुजानपुर जिला हमीरपुर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने अनीता कुमारी पुत्री राकेश कुमार गांव व डाकघर कशमीर, अंजना देवी पुत्री अमर सिंह गांव दाड़, डाकघर कशमीर, हीना पुत्री शेर मोहम्मद गांव व डाकघर वेहा को मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत राशि प्रदान की।

उन्होंने रवीना कुमारी पुत्री सुदर्शना देवी गांव व डाकघर मनसाई तथा अनीता देवी पुत्री सुमना देवी गांव व डाकघर पनयाली को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत धनराशि प्रदान की। उन्होंने खुशी शर्मा पुत्री पवन कुमार गांव काई दी बाहल तथा रुद्र प्रताप शर्मा पुत्र पवन कुमार गांव काई दी बाहल को मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत राशि प्रदान की।

सीएम ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत लाभार्थियों को 359 इंडक्शन चूल्हे भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने राजकीय डिग्री कॉलेज धनेटा की विद्यार्थी अंजलि देवी को प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 21 हजार रुपए तथा धनेटा कॉलेज के वरुण शर्मा को सांस्कृतिक गतिविधि में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने के लिए 5100 रुपए दिए।

## मुख्यमंत्री से मिलने के लिए धनेटा में उमड़ा हुजूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नादौन विधानसभा क्षेत्र के धनेटा में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलने के लिए अच्छा खासा हुजूम उमड़ा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी विधायक कमलेश ठाकुर एक-एक कर आम जनता से मिले और उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना। विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं को सुलझाया गया।

मुख्यमंत्री ने जनता के साथ ही आम लोगों को भी अनेक सौगातें दीं और मौके पर ही उनके काम कर दिए। ओबीसी नेता रविंद्र गड्डी व कांगड़ा बैंक के निदेशक मोती जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नादौन सहित पूरे प्रदेश में विकास की झड़ी लगाई हुई है। दंगड़ी के प्रधान नसीब सिंह, धनेटा की प्रधान मधु बाला, गलोड़ खास के प्रधान संजीव शर्मा व हड़ेटा के उपप्रधान संजय शर्मा ने कहा कि बिना दोपहर का भोजन किए उन्होंने समस्याएं सुनीं।



नादौन विस क्षेत्र के धनेटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में सीएम का भव्य स्वागत हुआ।

## नए कैंपस में जल्द शिफ्ट होगा मेडिकल कॉलेज जोल सप्पड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज को बहुत जल्दी नए जोल सप्पड़ स्थित परिसर में शिफ्ट कर दिया जाएगा। यहां पर एक वूमेन हॉस्टल का भी निर्माण होगा और 300 करोड़ की लागत से उत्तरी भारत का सबसे बढ़िया कैंसर हॉस्पिटल भी यहीं पर तैयार होगा। जिसमें मुकम्मल फैकल्टी होगी। मरीजों को दूसरी जगह इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। यह सारा कंप्लेक्स ऐसा बनेगा जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की कक्षाएं 6 महीनों के भीतर हमीरपुर से यहां पर शिफ्ट कर दी जाएंगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को धनेटा में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने अभी कहा कि यहां की सारी स्थिति अब अंतिम चरण में चल रही है जो जो कमियां थी उन्हें पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नादौन में इंडोर स्टेडियम बनाने की जो योजना थी, उसे मूर्त रूप दे दिया गया है और बहुत जल्दी यह बन कर तैयार हो जाएगा। यहीं पर बगल में मौजूदा बस स्टैंड का विस्तार किया जाएगा और नया बस अड्डा यहीं पर बनाया जाएगा। इसके लिए भी अलग से योजना तैयार हो चुकी है। जिस पर काम जारी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सड़क किनारे खड़ी कार के टायर ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ पुलिस चौकी के अंतर्गत सरेड़ी कस्बे में गत रात चोर एक गाड़ी का अगला टायर चुरा कर ले गए और गाड़ी को ईंटों पर खड़ा कर दिया। इस शरारती तत्वों ने गाड़ी को खोलने का भी प्रयास किया, मगर उसमें कामयाब नहीं हुए। सरेड़ी गांव के अश्वनी कुमार पुत्र कृष्ण चंद ने बताया कि घर के पास वह अकसर अपनी गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी करते हैं और आज सुबह जब उनकी पत्नी ने गाड़ी को देखा तो उसका एक टायर नहीं था और गाड़ी को ईंटों के ऊपर खड़ा कर दिया था। अश्वनी कुमार ने तुरंत इस की सूचना गलोड़ पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की और मामले की जांच में जुट गई। इस मामले पर गलोड़ पुलिस के प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। रात्रि गश्त भी पुलिस ने बढ़ा दी है।

### धूमल ने डॉ. बिंदल को प्रदेशाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल के दो बार के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने डॉ. राजीव बिंदल को एक बार फिर भाजपा हिमाचल प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रो. धूमल ने कहा कि डॉ. बिंदल एक अनुभवी, कर्मठ और जमीनी नेता हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा भाजपा प्रदेश में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिंदल के नेतृत्व में भाजपा पंचायतीराज, निगम-निकाय, लोकसभा और विधानसभा के आगामी चुनावों में विजय प्राप्त कर प्रदेश में विकास और जनसेवा के अपने संकल्प को और प्रभावी ढंग से पूरा करेगी।

### भोरंज की 5 मुख्य सड़कों पर खर्च होंगे 47 करोड़

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विस क्षेत्र में सड़कों का जाल और मजबूत हो रहा है। क्षेत्र की पांच मुख्य सड़कों के विस्तारीकरण पर करीब 47 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से इन कार्यों को युद्धस्तर पर अंजाम दिया जा रहा है, ताकि दिसंबर 2025 तक सभी परियोजनाएं पूरी की जा सकें। भोरंज विस क्षेत्र हमीरपुर जिले में सड़क घनत्व के मामले में अव्वल है, वहां अधोसंरचना को और बेहतर बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**जिन सड़कों पर हो रहा कार्य :** जाहू-हमीरपुर सड़क वाया बस्सी सड़क को सुलगवान से कैहरवीं तक चौड़ा किया जा रहा है, जिस पर 18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, साथ ही पट्टा-अवाहदेवी सड़क (तरक्वाड़ी तक) के चौड़ीकरण पर 9 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत तीन सड़कें बन रही हैं जिनमें बस्सी से तलाहर-सरकाघाट वाया भरेड़ी, तरक्वाड़ी से अवाहदेवी वाया ढो, बढ़ार से झनिक्कर हैं। इन तीन सड़कों पर 20 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, मंडल भोरंज केके भारद्वाज ने बताया कि पांच मुख्य सड़कों का दिसंबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। करीब 47 करोड़ का बजट खर्च किया जा रहा है। इससे लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।

### बिंदल तीसरी बार बने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. राजीव बिंदल के तीसरी बार चयन पर जिला हमीरपुर सहित पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि डॉ. बिंदल के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा संगठन को मजबूती दी है और आने वाले समय में भी भाजपा उनके मार्गदर्शन से नई ऊंचाइयों को छुएगी। जिला महामंत्री अजय रिंटू ने कहा कि उनका अनुभव पार्टी के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष विजयपाल सोहरू, बिना कपिल, भाजपा नेत्री उषा बिरला, पूर्व मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत, राकेश पठानिया, वरिष्ठ नेता प्यारेलाल शर्मा, रसील सिंह मनकोटिया, कमलेश परमार, अजय शर्मा, सभी 10 मंडलों के अध्यक्षों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि संगठन को और मजबूती मिलेगी। पूर्व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कहा कि डॉ. बिंदल का सरल जीवन और संगठन के प्रति समर्पण सभी कार्यकर्ताओं के लिए आदर्श है।

### विधायक सुरेश ने लोगों को बांटे चूजे व फीड

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विस क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि भलवानी पंचायत घर में वाटरशेड परियोजना के तहत 6 पंचायतों के 42 किसानों को 12 लाख रुपए के चूजे व फीड बांटी। इस दौरान लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भलवानी उपस्वास्थ्य केंद्र को स्तरोन्नत करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा तथा उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन को डिस्मेंटल करने नया भवन तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भलवानी में युवाओं की सुविधा के लिए ग्रामीण स्तरीय पुस्तकालय खोली जाएगी। इसके अलावा फर्नीचर के लिए 50 हजार और ककड़ोट गांव को जोड़ने वाल सड़क पर पेवर ब्लॉक लगाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा, खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह, भलवानी पंचायत प्रधान अमनदीप, उपप्रधान मोहित कुमार, धमरोल प्रधान वीना देवी, ककड़ विनोद कुमार, बड़ैहर विरेंद्र महलवाल, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष विरेंद्र कुमार, वाटरशेड परियोजना कनिष्ठ अभियंता अनुराधा कंवर व अन्य उपस्थित रहे।

### हिंद संग्राम परिषद धंगोटा ने गरीब परिवार को दी मदद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिंद संग्राम परिषद इकाई धंगोटा की सीमांत पंचायत भैल के भंगाला गांव के गरीब परिवार को 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने बताया कि भंगाला गांव के प्रेम लाल व उसके पुत्र ज्योति राम का एक साथ निधन हो जाने से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जैसे ही इसकी सूचना हिंद संग्राम परिषद को मिली तो उन्होंने अपनी टीम सहित भंगाला पहुंचकर संस्था की ओर से मृतक की पत्नी कमला देवी को 5000 रुपए सौंपे और आगे भी सहायता जारी रखने का आश्वासन दिया।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर एकजुटता की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस की शुभकामनाएं दी और अपील की कि सभी अपनी एकजुटता का प्रमाण दें और अपनी एकता को दिखाएं ताकि कोई भी नॉन कैडर अधिकारी की नियुक्ति हमारे ऊपर न हो। डॉ. डोगरा ने सभी चिकित्सकों से अपील की कि वे सभी एक बहुत ही बड़े मिशन से जुड़े हुए हैं, जहां पर मानवता के आगे हमें कुछ नहीं दिखता लेकिन स्वाभिमान की लड़ाई सभी को लड़नी है। डॉ. डोगरा ने सरकार ही नहीं बल्कि विपक्ष को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए और वर्तमान सरकार से मांग की कि चिकित्सकों के स्वाभिमान को ध्यान में रखते हुए हिमाचल में नॉन कैडर अधिकारियों की नियुक्ति निदेशक पद से हटाई जाए।

# कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा शुरू



श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा में भगवान शिव के भजन गाए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा आयोजित की जा रही श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ मंगलवार को बाल भवन वार्ड नंबर 5 में नवनिर्मित बहुआयामी सभागार में कलश यात्रा के साथ किया गया।

इससे पहले कथा वाचक आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज का सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कथा के पहले दिन कथा वाचक आचार्य मुकेश शर्मा महाराज ने कहा कि शिव कथा का अवश्य श्रवण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर संसार में कल्याण की मूर्त हैं, इसलिए भगवान भोले नाथ के नाम का सिमरन करना चाहिए जिससे मनुष्य के जीवन में कल्याण होगा।

संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी व गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा सुनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को 12.15 बजे हवन यज्ञ, पूर्णाहुति डाली जाएगी। उसके बाद 10 जुलाई को भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# लापरवाही : टौणी देवी स्कूल पर मंडराया खतरा

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** जहां एक ओर भारी बारिश के चलते जिला प्रशासन ने एहतियातन सभी स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं, वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में लगी कंपनी की लापरवाही के चलते स्कूल भवन के ठीक पीछे भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हो गया है। इससे स्कूल की पिछली दीवार से सटा मलबे का बड़ा ढेर जमा हो गया है, जिससे भवन की संरचनात्मक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है।



राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कंपनी के खिलाफ रोष।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि यह स्थिति अचानक नहीं बनी है, बल्कि इस निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाहियों की वजह से पहले भी दो बार जिलाधीश को लिखित शिकायत भेजी जा चुकी है। इसके साथ ही कंपनी के उच्चाधिकारियों को भी बार-बार सूचित किया गया, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बनाई जा रही नाली का निर्माण भी बिना सुरक्षा ढंग से शुरू कर दिया गया था, जो तकनीकी रूप से खतरनाक है। इससे निकला मलबा सीधा विद्यालय भवन के पीछे डाला जा रहा था, जिससे भारी बारिश के दौरान जल बहाव के साथ वह मलबा स्कूल भवन से आकर टकरा गया। इस संबंध में एक लिखित शिकायत पुलिस चौकी में भी दर्ज करवाई गई थी, परंतु दुर्भाग्यवश कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

उन्होंने प्रशासन से पुनः अपील की है कि विद्यालय की सुरक्षा को प्राथमिकता पर लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्रों की जान खतरे में पड़ सकती है। विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में भी इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और स्कूल परिसर को तत्काल सुरक्षित किया जाए, साथ ही मलबे की तुरंत सफाई करवाई जाए और दीवार की सुरक्षा के लिए मजबूत ढंग से निर्माण किया जाए।

गौरतलब है कि टौणी देवी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी वर्षा हो रही है, जिससे कई स्थानों पर भू-स्खलन और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में विद्यालय के पीछे जमा यह मलबा किसी भी समय और बड़ी आपदा को जन्म दे सकता है। यह स्थिति न केवल एक विद्यालय की सुरक्षा का प्रश्न है, बल्कि यह एक गंभीर उदाहरण है कि किस प्रकार विकास कार्यों में लापरवाही और जवाबदेही की कमी से सार्वजनिक संस्थान और जान-माल खतरे में आ जाते हैं।

# चुनाव में कौन उतरेगा हाईकमान करेगा तय : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विधानसभा चुनावों को लेकर के अपने बेटे की उतरने की चर्चा पर स्थिति स्पष्ट की कि कांग्रेस किस को प्रत्याशी बनाकर चुनाव में उतारेगी, यह हाईकमान पर निर्भर होगा क्योंकि पार्टी का निर्णय ही अंतिम होता है तथा चुनाव में जनता हार जीत का फैसला करती है।

सुजानपुर सिविल अस्पताल में पहुंचे धनीराम शांडिल ने माना कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर के जो देरी हुई है, इतनी देरी नहीं होनी चाहिए लेकिन सब पहलुओं को रखकर ही कांग्रेस हाईकमान अध्यक्ष पद का चुनाव करेगा जिसको लेकर के शीघ्र ही प्रदेश कांग्रेस को कांग्रेस का अध्यक्ष मिल जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री करनाल धनीराम शांडिल ने कहा कि जनता ही जज होती है तथा जो लोग बोलते हैं उन्हें सुनना पड़ता है और एडजस्ट करना पड़ता है। आर्मी तथा सिविल में इस चीज को लेकर काफी फर्क है। जब वह भी राजनीति में आए तो अपने आप को एडजस्ट किया।

# ऊलेड़ के पास सड़क हुई जलमग्न

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर उपमंडल की सड़कों का रखरखाव ठीक नहीं होने के चलते सड़कें जलमग्न हो गई हैं। इसके चलते प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग की संपत्ति बर्बाद होने से लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। मामला बड़सर उपमंडल की सड़क मार्ग बिझड़ी-भोटा बाया रोपड़ी का है। एक तरफ तो यह सड़क मार्ग बहुत ही संकीर्ण है तथा ऊलेड़ के पास जलमग्न होने के चलते वाहन चालकों को सड़क का कुछ हिस्सा दिखाई नहीं दे रहा है तथा हर वक्त उक्त स्थान पर एक्सीडेंट होने का भी खतरा बना रहता है।

कारण चाहे कुछ भी हो, परंतु आखिरकार परेशानी तो आम जनता और वाहन चालकों को ही उठाना पड़ती है। बिझड़ी-भोटा वाया रोपड़ी की दशा और दिशा इतनी खराब है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अब अगर बात करें जहां पर पानी रुका है, वहां पर निकासी नालियां पूर्णता बंद हैं। स्थानीय लोगों ने बिझड़ी भोटा बाया रोपड़ी जिस जगह पर जलभराव रहता है, उसे ठीक करने की मांग की है।



बिझड़ी-भोटा बाया रोपड़ी सड़क मार्ग जलमग्न।

> मामला ध्यान में है। विभाग की लेबर सड़क ठीक करने के लिए भेज दी गई है। शाम तक सड़क मार्ग से पानी हटा दिया जाएगा।
>
> **-सुरेश कुमार, जेई पीडब्ल्यूडी**

## समीरपुर में दो घरों की गिरी दीवारें

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते समीरपुर पंचायत में दो घरों की दीवारें ढह गईं। पहला हादसा समीरपुर गांव की निवासी नुरां देवी पत्नी स्व. धर्म सिंह के पुराने मकान में हुआ, जहां भारी बारिश के कारण दीवार गिर गई। सौभाग्य से किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई।

वहीं, दूसरा मामला गांव सागरोह खुर्द का है, जहां बीपीएल श्रेणी की कांता देवी पत्नी स्व. धर्म चंद का हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना घर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ, जब अचानक घर की दीवार गिर गई। उस समय घर में कांता देवी और उनका बेटा रवि कुमार मौजूद थे, लेकिन दोनों सुरक्षित बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत प्रधान ठाकुर चंदमोहन सिंह मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन को सूचित करते हुए पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

# ब्यास नदी से एक महिला का शव बरामद

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** लगातार हो रही बारिश से ब्यास नदी पूरे उफान पर है, जिससे काफी नुकसान हुआ है। जल शक्ति विभाग की कई योजनाएं जलमग्न हो गई हैं। ब्यास नदी में नादौन के पास एक महिला की डेड बॉडी भी मिली है, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। बारिश से नादौन क्षेत्र में जलशक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग व बिजली बोर्ड व किसानों की भूमि में भूमि कटाव सहित करीब 10 करोड़ का नुकसान हो गया है। भारी बारिश के कारण औद्योगिक क्षेत्र कोहला में भी पानी घुस गया है। नादौन में कई दुकानों व घरों में भी पानी घुस गया है।

अग्निशमन केन्द्र नादौन में भी बारिश का पानी घुस गया है। ब्यास नदी में आए उफान से जलशक्ति विभाग को करीब 6 करोड़ का नुकसान हो गया है। हालांकि इसका सही आकलन ब्यास नदी में जल स्तर घटने के बाद ही पता चल पाएगा। जल शक्ति विभाग की करीब आधा दर्जन पेयजल उठाऊ योजनाएं प्रभावित हुई हैं। ब्यास नदी के साथ लगती सड़क ब्यास नदी में उफान के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। इसी तरह क्षेत्र में और भी कई सड़कों को क्षति पहुंची है, जिससे लोक निर्माण विभाग को करीब 1 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसी तरह बिजली बोर्ड को भी करीब 25 लाख का नुकसान हुआ है। बिजली विभाग के करीब 14 पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिस वजह से कई गांवों की बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है, लेकिन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था करके बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित कर दी है।

बारिश के कारण कई कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिसका आकंन किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग के एक्सईएन राजव सहगल ने बताया कि बारिश से विभाग को करीब 6 करोड़ का अनुमान नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग के एक्सीयन राजिंद्र सिंह ने बताया कि बारिश के कारण विभाग को नादौन डिविजन में करीब 1 करोड़ का नुकसान हुआ है। बिजली बोर्ड के एक्सईएन करणवीर सिंह ने बताया कि विभाग को करीब 25 लाख का नुकसान हुआ है। बिजली

## आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कर रहा निगरानी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में पिछले 24 घंटों से हो रही लगातार भारी बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिस कारण कुछ घटनाएं हुई हैं, साथ ही, प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में भी लगातार बारिश और कई स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिससे ब्यास नदी के जलस्तर में भारी मात्रा में वृद्धि दर्ज की गई है। परिणामस्वरूप, पंडोह बांध से प्रातः 3 बजे के लगभग लगभग 1,64,590 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हमीरपुर स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहा है और समय-समय पर चेतावनियां एवं परामर्श जारी कर रहा है।

सप्लाई के वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण प्रभावित हुई जन सेवाओं बारे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उचित समाधान किए जाने के दिशा निर्देश दिए हैं।

# ब्यास का जलस्तर बढ़ने से खैरी गांव के 51 लोगों का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

खैरी गांव के बल्ला में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से मंगलवार सुबह 2 बजे के करीब नदी के पास रहने वाले 51 लोग फंस गए, जिन्हें आईआरबी जंगलबेरी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर सभी को बचा लिया। इस दौरान लोगों के घरों में तेजी से पानी घुस रहा था, जिसकी सूचना पंचायत को दी गई। पंचायत ने सुजानपुर के तहसीलदार को सूचित किया। सुजानपुर संधोल मार्ग जगह-जगह बंद होने के चलते सुजानपुर से रेस्क्यू टीम भेजना मुश्किल हो गया। इस पर जंगलबेरी स्थित आईआरबी को इस बारे जानकारी दी गई, जिन्होंने मौके पर 35 जवान भेजे। स्थानीय पंचायत के अन्य लोगों और आईआरबी की टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।



आईआरबी के जवान लोगों का रेस्क्यू करते हुए।

बल्ला गांव ब्यास नदी के किनारे बसा है, जहां पर 5 से 6 घर हैं। तहसीलदार प्रवीण ठाकुर ने बताया कि उन्हें रात के समय सूचना मिली कि बल्ला गांव में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों के घरों में पानी घुस गया है, जिस पर सुजानपुर पुलिस को सूचित किया गया और एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट किया गया, लेकिन सुजानपुर संधोल मार्ग में जगह-जगह ल्हासा गिरने तथा खड्डों का जलस्तर बढ़ने से वहां पर पहुंचना एक मुश्किल टास्क था, पर बटालियन के जवानों ने मौके जाकर 21 लोकल तथा 30 प्रवासी लोगों को बचाया, जो कि चुनौती भरा कार्य था।

उन्होंने बताया कि मौके पर नायब तहसीलदार और सुजानपुर के एसएचओ सहित सुजानपुर पुलिस ने इस बचाव कार्य को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि कई घरों में पानी का जलस्तर छत तक पहुंचना शुरू हो गया था।

**कहर** जलशक्ति विभाग को सबसे अधिक नुकसान, 3-4 दिन तक नहीं हो पाएगी पेयजल आपूर्ति

# भारी बारिश से जिले में 10 करोड़ का नुकसान

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भारी बारिश से जिले में करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले 24 घंटों की बारिश से जलशक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। जलशक्ति विभाग को 8 करोड़ 97 लाख 22 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। हमीरपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाली पेयजल योजनाओं की पंपिंग मशीनरी खराब हो गई, वहीं पंप हाउस में पानी घुस गया है।

नदी और खड्डों में उफान के कारण पेयजल योजना की पाइपें टूट गई हैं। इस कारण अगले तीन-चार दिन तक पानी की आपूर्ति होना संभव नहीं है। बताया जा रहा है जहां से पेयजल योजना की मेन पाइपें टूट चुकी हैं वहां पर पानी के बहाव के कारण यह पता लगाना मुश्किल है कि कहां से पाइपें टूटी हैं। जब पानी का स्तर कम नहीं होगा और जो रेस्क्यू टीमें उन टूटी हुई पाइपों तक नहीं पहुंच पातीं, तब तक पानी की आपूर्ति को बहाल करना मुश्किल है। जानकारी के अनुसार जलशक्ति विभाग कि जितनी भी पेयजल योजनाएं हैं उन सभी को नुकसान हुआ है।



पंप हाउस में पानी घुसने से पेयजल आपूर्ति भी कुछ दिनों के लिए बाधित हो जाएगी।

**जिला में कहां कहा हुआ नुकसान**

भारी बारिश से एक सड़क दुर्घटना, बागवानी विभाग को 2 लाख 17 हजार रुपए, 2 पक्के मकानों को नुकसान हुआ है जिसमें 3 लाख 50 हजार का नुकसान हुआ है। एक कच्चा मकान जिसे 50 हजार रुपए का नुकसान, डंगे गिरने से लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए का नुकसान, 4 गोशालाओं में क्षति होने से 2 लाख 53 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा बारिश से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे लोक निर्माण विभाग को 93 लाख 8 हजार रुपए का नुकसान, जल शक्ति विभाग को 8 करोड़ 97 लाख 22 हजार रुपए व विद्युत बोर्ड को 1 लाख 65 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले 24 घंटों में जिले में लगभग 10 करोड़ 4 लाख 15 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है।

इस बारे में जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश सोनी ने बताया कि पेयजल योजनाओं की पंपिंग मशीनरी खराब हो गई, जिसकी मरम्मत करने में समय लगेगा। इसके अलावा पेयजल योजना की पाइपें कहां से टूटी हैं, इसका पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने बताया कि नदी और खड्डों का जलस्तर इतना बढ़ गया है कि जहां से पाइपें टूटी हैं, वहां तक पहुंचना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि पेयजल योजनाओं को नुकसान होने के कारण तीन-चार दिन तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी।

# निर्माण कंपनी के खिलाफ आक्रोश दरोगण में लोगों ने किया चक्का जाम



घरों में पानी घुसने से आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे 3 को जाम कर दिया।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

मूसलाधार बारिश के बाद नेशनल हाईवे नंबर 03 की नालियों का पानी लोगों के घरों और खेतों में तबाही मचाने लगा तो लोग सड़क पर बैठ गए और चक्का जाम कर दिया। बमसन तहसील की पंचायत दरोगण पति कोट के गांव दरोगण में करीब डेढ़ घटा लोग सड़क पर बैठे रहे। इस चक्का जाम से सड़क के दोनों तरफ करीब 100 गाड़ियां रुक गईं।

पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पंचायत उपप्रधान संजीव, नीलम, ओंकार, दलीप, भक्तराम, रिखी राम, विचित्र सिंह ने निर्माण कंपनी की लापरवाही पर कड़ा रोष जताया।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों और साइट इंजीनियर को बार-बार बरसाती नाले से होने वाले नुकसान से आगाह किया गया, लेकिन किसी ने कोई परवाह नहीं की, मजबूरन प्रशासन तक अपनी जायज मांग पहुंचाने के लिए चक्का जाम करना पड़ा। इसके बाद एसएचओ हमीरपुर ने निर्माण कंपनी के अधिकारियों से बात की तथा एसएचओ के आश्वासन के बाद जाम खोल दिया गया।

## हिमाचल का दर्दनाक मानसून

# फटते बादल, खिसकती जमीन और खतरे में भविष्य

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हर साल मानसून का आगमन हिमाचल प्रदेश के लिए अब खुशहाली की फुहारें नहीं, बल्कि एक डरावनी आपदा लेकर आता है। बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ की घटनाएं यहां के जनजीवन का एक कड़वा सच बन गई हैं। बीते लगभग सात-आठ वर्षों से यह त्रासदी इतनी नियमित हो गई है कि यह सवाल उठना लाजिमी है, क्या हम अपनी गलतियों की कीमत चुका रहे हैं? क्या यह सिर्फ प्रकृति का रौद्र रूप है या हमारी अपनी लापरवाहियां इसमें शामिल हैं? मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जब किसी छोटे से भौगोलिक क्षेत्र में एक घंटे के भीतर 100 मिलीमीटर या उससे अधिक बारिश होती है, तो उसे बादल फटना कहते हैं। यह सामान्य बारिश नहीं, बल्कि पानी की एक ऐसी अभूतपूर्व मात्रा होती है जो पल भर में सब कुछ तबाह करने की क्षमता रखती है।

जानकारी के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में नमी से भरी हवा जब ऊंचे पहाड़ों से टकराकर ऊपर उठती है, तो वह ठंडी होकर घने बादल बनाती है। विज्ञान कहता है कि जब हवा के ऊपर उठने वाली धाराएं इतनी तेज होती हैं कि बारिश की बूंदें नीचे नहीं गिर पातीं, तो वे बादल में ही जमा होती रहती हैं और बड़ी होती जाती हैं। जब ये धाराएं अचानक कमजोर पड़ती हैं, तो जमा हुआ सारा पानी एक साथ, अप्रत्याशित रूप से जमीन पर गिर जाता है, जिससे भयावह स्थिति पैदा हो जाती है। यह प्रक्रिया पहाड़ी भू-भाग की विशिष्टता के कारण यहां अधिक प्रबल होती है।

प्रदेश में पिछले करीब सात से आठ वर्षों से बादल फटने की घटनाओं में चिंताजनक और लगातार वृद्धि हुई है। जो घटनाएं पहले कभी-कभार सुनने को मिलती थीं, वे अब हर मॉनसून में एक नहीं, बल्कि कई बार हो रही हैं। यह पैटर्न राज्य के पर्यावरण और निवासियों के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है।

### प्रकृति का प्रकोप या मानव निर्मित आपदा?

**एक** गहन विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि हिमाचल में बढ़ रही इन आपदाओं के पीछे सिर्फ प्रकृति का प्रकोप ही नहीं, बल्कि मानवीय हस्तक्षेप भी एक बड़ा और निर्णायक कारण है। यह वह सच्चाई है जिससे हम आंखें नहीं मूंद सकते। अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण से पहाड़ी ढलानों पर बिना सोचे-समझे किए गए बड़े पैमाने के निर्माण कार्य, जैसे सड़कें, सुरंगें, जलविद्युत परियोजनाएं और बहुमंजिला इमारतें, मिट्टी को कमजोर कर रहे हैं। पहाड़ों को काटकर बनाए गए ये ढांचे, बिना उचित जल निकासी प्रणाली के बारिश के पानी को अनियंत्रित तरीके से बहने देते हैं, जिससे भूस्खलन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।



अनंत ज्ञान खास खबर

### अंधाधुंध वनों की कटाई से बढ़ती परेशानी

**अंधाधुंध** वनों की कटाई से परेशानी बढ़ रही है। जंगल, पहाड़ों की रीढ़ होते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को मजबूती से पकड़कर रखती हैं और पानी के बहाव को नियंत्रित करती हैं। अंधाधुंध वनों की कटाई ने मिट्टी के कटाव को बढ़ावा दिया है, जिससे बारिश का पानी तेजी से जमीन में घुसकर उसे अस्थिर कर रहा है, परिणामतः भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। नदी किनारों के अतिक्रमण से नदियों के प्राकृतिक बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण और निर्माण कार्य ने बाढ़ के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। जब बादल फटते हैं, तो नदियों का पानी आबादी वाले क्षेत्रों में घुस जाता है, जिससे जान-माल का अधिक नुकसान होता है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भी वैश्विक स्तर पर बढ़ता तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) सीधे तौर पर इन घटनाओं से जुड़ा है। गर्म हवा अधिक नमी सोखती है, जिससे बादलों में पानी की मात्रा बढ़ जाती है और उनके फटने की संभावना अधिक तीव्र हो जाती है। हिमालयी क्षेत्र, अपनी विशिष्ट संवेदनशीलता के कारण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति विशेष रूप से सुभेद्य है। यह एक वैश्विक संकट है, लेकिन इसका स्थानीय प्रभाव हिमाचल जैसे राज्यों पर कहीं ज्यादा दिख रहा है।

### विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियां

**बादल** फटने की घटनाएं अक्सर पहाड़ी इलाकों में होती हैं। वैज्ञानिक समझाते हैं कि जब नमी से भरी हवा पहाड़ों से टकराकर तेजी से ऊपर उठती है, तो यह ठंडी होती है और बड़े, ऊर्ध्वाधर क्यूम्यलोनिंबस बादल बनाती है। ये बादल इतनी बड़ी मात्रा में पानी जमा कर लेते हैं कि वे उसे और नहीं रोक पाते और सारा पानी एक साथ, तेजी से नीचे गिर जाता है। उनके मुताबिक, अभी तक बादल फटने जैसी घटनाओं को लेकर कोई गंभीर शोध नहीं हुए हैं। उन्होंने उपरोक्त वैज्ञानिक कारण गिनाएं हैं जो अत्यधिक बारिश से बादल फटने जैसी घटनाओं को जन्म देते हैं।



### सरकार का पुणे स्थित मौसम विज्ञान संस्थान के साथ करार

**प्रदेश** सरकार की तरफ से जानकारी दी गई है कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने जैसी घटनाओं पर शोध कार्य जारी है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद ने पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार का मुख्य उद्देश्य राज्य में बादल फटने और अन्य चरम मौसमी घटनाओं की निगरानी, पूर्वानुमान और उनके प्रभावों को कम करने के लिए वैज्ञानिक सहयोग स्थापित करना है।

### समाज को जगाने और दिशा दिखाने का समय

**यह** समय है जब हम सिर्फ त्रासदी पर शोक न मनाएं, बल्कि आत्मचिंतन करें और जिम्मेदारी लें। हिमाचल का भविष्य हमारे और आपके हाथों में है। हमें अपनी गलतियों से सीख कर एक नई दिशा तय करनी होगी। सतत विकास की नीति से हमें विकास की ऐसी नीति अपनानी होगी जो पर्यावरण के अनुकूल हो। पहाड़ों को बेवजह और अनियंत्रित तरीके से काटने के बजाय, हमें ऐसी निर्माण तकनीकों का उपयोग करना चाहिए जो भू-वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित और टिकाऊ हों।

सख्त नियम और उनका कड़ाई से पालन हो और निर्माण कार्यों के लिए सख्त नियमों का निर्धारण हो तथा उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। अवैध निर्माण पर तुरंत और बिना किसी रियायत के रोक लगे तथा नदियों के किनारे हुए अतिक्रमणों को हटाया जाए।

व्यापक पौधरोपण और संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाए जाएं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां वनों की कटाई हुई है। मौजूदा वन संपदा का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि जंगल ही हमारे पहाड़ों के सबसे बड़े रक्षक हैं। आपदा प्रबंधन में सुधार और क्षमता निर्माण से प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। स्थानीय समुदायों को आपदा के दौरान प्रतिक्रिया देने और खुद को बचाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। राहत और बचाव कार्यों को और अधिक तेजी से और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए संसाधनों और प्रशिक्षण में निवेश किया जाए।

जन-जागरूकता और शिक्षा से आम जनता को इन आपदाओं के कारणों और परिणामों के बारे में गहराई से जागरूक किया जाए। उन्हें बताया जाए कि वे किस प्रकार पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हैं और आपदा से पहले व उसके दौरान क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

हिमाचल सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि एक जीवंत और संवेदनशील ईको सिस्टम है, जिसकी अपनी वहन क्षमता और सीमाएं हैं। अगर हम प्रकृति का सम्मान नहीं करेंगे, तो वह हमें बार-बार सबक सिखाएगी। अब समय आ गया है कि हम अपनी गलतियों से सीखें, एक जागरूक समाज बनें और हिमाचल को इस वार्षिक त्रासदी के चक्रव्यूह से बाहर निकालें। यह हमारे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।

### बादल फटने से हुई भारी तबाही

- 26 जून को कांगड़ा जिले में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने तीन लोगों की जान ले ली और कई लापता हो गए। धर्मशाला के पास एक हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना स्थल पर काम कर रहे मजदूर पानी के तेज बहाव में बह गए।
- एक जुलाई को मंडी जिले के गोहर, करसोग और धर्मपुर में कई जगहों पर बादल फटे। इस आपदा में दो घर पूरी तरह तबाह हो गए, चार लोगों की मौत हो गई और सोलह लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। राज्य को अनुमानित 800 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है।
- राजधानी शिमला में भी भारी बारिश ने भूस्खलन और भवन ढहने की घटनाओं को जन्म दिया है, जिससे लोगों की नींद उड़ गई है और उनके भीतर असुरक्षा का भाव गहराया है।
- वहीं, बीते साल 2024 में कुल्लू-मनाली में कई बादल फटने से आई भीषण बाढ़ ने पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया था, जिससे पुनर्निर्माण में महीनों लगे। फिर 2023 शिमला के समर हिल में शिव मंदिर के पास हुए भीषण भूस्खलन में 14 शव बरामद हुए थे और 7 लोग लापता हो गए थे। इसी दौरान मंडी जिले के क्लेशधर में भी भूस्खलन से 7 लोगों की मौत हुई। पूरे मानसून में हिमाचल में 170 से ज्यादा बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं दर्ज की गईं, जिससे लगभग 9,600 घर क्षतिग्रस्त हुए।
- साल 2021-2022 में चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में लगातार बादल फटने की घटनाएं हुईं, जिसने सड़कों, पुलों और कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचाया। धर्मशाला के भागसूनाग में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने वाहनों को बहा दिया और संपत्ति को भारी क्षति पहुंचाई।
- ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं, बल्कि हर एक घटना के पीछे बर्बाद हुए जीवन, टूटे हुए सपने और परिवारों की अथाह पीड़ा की कहानियां हैं, जो हमें झकझोरने के लिए काफी हैं।



### प्रति घंटा 20 मिमी या उससे अधिक वर्षा को बादल फटना कहा जा सकता है: संदीप शर्मा

**शिमला** स्थित मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा के अनुसार, बादल फटना कोई शाब्दिक विस्फोट नहीं है, बल्कि एक छोटे से क्षेत्र में कम समय में बहुत अधिक बारिश का होना है। यह अक्सर 20-30 वर्ग किलोमीटर के दायरे में प्रति घंटा 20 मिलीमीटर या उससे अधिक वर्षा के रूप में परिभाषित होता है। इसका मतलब है कि एक जगह पर अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है, जबकि कुछ ही दूरी पर सामान्य या कोई बारिश नहीं होती है।

### संकटमोचन की शरण में भाजपा




पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार के पावन दिन हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के परिणाम से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के साथ शिमला स्थित विश्व प्रसिद्ध जाखू मंदिर में श्री हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर सर्वकल्याण की कामना की।

## मोदी सरकार ने हिमाचल की सड़कों के लिए दिए 3667 करोड़: अनुराग

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से संसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में सड़क, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 3,667 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना को मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री मोदी व सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार इस मंजूरी पर केंद्र सरकार का धन्यवाद करने की बजाय विभागीय अधिकारियों पर जानलेवा हमले करवाने में संलिप्त है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का देवभूमि हिमाचल से विशेष लगाव जगजाहिर है। केंद्र में मोदी सरकार के पिछले एक दशक से ज्यादा समय में मोदी ने हिमाचल के हितों की विशेष चिंता की और सदा ही बेहतर हिमाचल निर्माण में अपना योगदान दिया है। कुल्लू जिले में जलोड़ी जोत के नीचे सुरंग की सैद्धांतिक मंजूरी देते हुए केंद्र सरकार ने 1,452 करोड़ रुपए व काला अंब पांवटा साहिब को चार लेन का बनाने के लिए 1,385 करोड़ इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए मंजूर किए हैं।

उन्होंने कहा कि विमल नेगी मामले में सीबीआई जांच अभी भी जारी है और अब एक और अधिकारी का सिर फट गया है। क्या हिमाचल में सरकारी अधिकारी अब भी सुरक्षित हैं? क्या उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाएगा? ये गंभीर सवाल हैं और मुख्यमंत्री को इनका जवाब देना चाहिए।

## प्रतिभा सिंह ने केंद्र से मांगी विशेष आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से जान-माल के भारी नुकसान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित और सचेत रहने के साथ-साथ आपदा प्रबंधन के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करने का आग्रह किया है।

**हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बारिश से तबाही**



प्रतिभा सिंह ने केंद्र सरकार से राज्य में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए तत्काल आर्थिक मदद की गुहार लगाई है, ताकि पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, इस भयावह बाढ़ में अब तक 44 से अधिक लोगों और सैकड़ों मवेशियों की अकाल मृत्यु हुई है। इसके अतिरिक्त, भारी बारिश के कारण लोगों के घर, गौशालाएं और किसानों-बागवानों की नकदी फसलें व सब्जियों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। प्रदेश के सभी जिलों, विशेष रूप से मंडी, कुल्लू, शिमला और सोलन में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से सरकारी संपत्ति, सड़कें और पुलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

प्रतिभा सिंह ने क्षतिग्रस्त पुलों और सड़कों के पुनर्निर्माण के साथ-साथ प्रभावित लोगों की मदद के लिए केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता जारी करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से भी अपील की है कि वे राज्य के हित में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक सहायता जारी करवाने में सहयोग करें।






# टांडा मेडिकल कॉलेज एक साल में बनेगा प्रदेश का उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थान : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से किया संवाद, बोले- रोबोटिक सर्जरी मशीन की जाएगी स्थापित

**सर्जरी और जांच के लिए जीरो वेटिंग पीरियड पर दिया बल**

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा को हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सीएम ने सोमवार देर शाम को मेडिकल कॉलेज टांडा के विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों के साथ विभिन्न मामलों पर गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने स्टाफ की आवश्यकताओं की समीक्षा की और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए 1,730 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, इससे लोगों को प्रदेश के भीतर ही उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी तथा इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने सर्जरी और डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए वेटिंग पीरियड को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधारों के परिणामस्वरूप हिमाचल एनएएस-2025 सर्वेक्षण में 21वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचा है। इसी तरह अब स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार किए जा रहे हैं और आगामी महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में भी शीघ्र रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की जाएगी।



टांडा कॉलेज के विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों के साथ विभिन्न मामलों पर चर्चा की।

### तकनीशियन व सहायक कर्मियों के भरे जाएंगे पद

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज में नए विभाग खोले जाएंगे और लोगों की सुविधा के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स, तकनीशियन और अन्य सहायक कर्मियों के पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जीएनएम सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।

# ड्रग तस्कर की 1.27 करोड़ से अधिक संपत्ति जब्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** के साथ लगते रक्कड़ के ड्रग तस्कर संजय कुमार उर्फ छप्पन की एक करोड़ 28 लाख के करीब संपत्ति जब्त कर ली गई है। कांगड़ा पुलिस के फ्रीज आदेश को दिल्ली समक्ष प्राधिकरण एवं प्रशासक, एसएएफईएम एवं एनडीपीएसए से सहमति मिल गई है। धर्मशाला के रक्कड़ में विभिन्न स्थानों का ड्रग सप्लायर संजय एक महिला खनियारा की वर्षा संग मिलकर बड़ी तस्करी का खेल चल रहा था।

उक्त ड्रग तस्कर एक करोड़ 27 लाख 71 हजार 816 रुपए की संपति जब्त की गई है। इनमें एक संपत्ति एक करोड़ दो लाख 94 हजार 300, दूसरी 22 लाख 59 हजार 600 तथा एक महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन दो लाख,17 हजार 916 मूल्य की है। इसके अतिरिक्त, जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा पूर्व में भी 51 लाख की अवैध संपत्ति की जब्ती की पुष्टि की जा चुकी है।

गौरतलब है कि 6 अप्रैल, 2025 को संजय कुमार उर्फ छप्पन पुत्र गुरदेव कपूर निवासी गांव व डाकघर रक्कड़, धर्मशाला तथा उसकी साथी सुमन कुमारी उर्फ वर्षा पुत्री प्रताप चंद निवासी खनियारा को 1.246 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में पुलिस थाना धर्मशाला में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत एफआईआर संख्या 62/25 छह अप्रैल को दर्ज की गई थी। यह अपराध एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा के अंतर्गत आता है।

इस मामले में पुलिस थाना धर्मशाला जिला कांगड़ा द्वारा आरोपी संजय कुमार उर्फ छप्पन की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की वित्तीय जांच की गई, जिसमें उसके द्वारा अवैध रूप से बनाए गए मकानों, अन्य संपत्तियों और वाहनों का मूल्यांकन किया गया। इसके पश्चात एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68 (एफ) के अंतर्गत पुलिस थाना धर्मशाला द्वारा आरोपी की संपत्तियों को जब्त/फ्रीज करने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इस अधिनियम के अंतर्गत यह आदेश दिया गया है कि जब्त की गई संपत्तियों को न तो बेचा जा सकता है और न खरीदा जा सकता है और न ही किसी अन्य प्रकार से उपयोग में लाया जा सकता है। जब तक कि पुलिस थाना प्रभारी या सक्षम प्राधिकारी एवं दिल्ली से अनुमति प्राप्त न हो। संजय कुमार उर्फ छप्पन लंबे समय से नशे के व्यापार में संलिप्त था, और उसे पकड़ने के लिए जिला पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। इससे पूर्व भी उस पर एक्ट के तहत मामला संख्या 39/18 18 मार्च, 2018 में मुकदमा दर्ज किया गया था तथा उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत तीन अन्य मामले भी दर्ज हैं। 16 जून को सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक, एसएएफईएम एवं एनडीपीएसए दिल्ली से आरोपी संजय कुमार की दो अवैध संपत्तियों तथा एक वाहन की जब्ती के आदेश प्राप्त हुए।

### नहीं बख्शे जाएंगे तस्कर: एसएसपी शालिनी



**पुलिस** विभाग कांगड़ा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईपीएस शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि यह न केवल कांगड़ा पुलिस की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि नशे के व्यापार में शामिल लोगों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी ने कहा कि कांगड़ा पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ कठोर कार्रवाई निरंतर जारी है। भविष्य में भी इस अवैध धंधे में संलिप्त आरोपियों की संपत्तियों की जांच और जब्ती की प्रक्रिया पूरी दृढ़ता से जारी रहेगी।

## लायंस क्लब धर्मशाला की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला लायंस क्लब की बैठक अध्यक्ष लायन आरपी चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई। 2024-25 कार्यकारिणी को भंग करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। लायन मोहिंदर सिंह धीमान को अध्यक्ष, लायन नसीब सिंह पठानिया को सचिव, लायन प्रजैश मल्ही को कोषाध्यक्ष और लायन मदन लाल शर्मा को पीआरओ 2025-26 के लिए नियुक्त किया गया। सभी लायन सदस्यों की ओर से नयी कार्यकारिणी को बधाई दी और आशा जताई कि लायंस क्लब धर्मशाला लोगों की भलाई के सभी कार्य बढ़-चढ़कर पूर्ण करेगा।

## पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने प्रदेशाध्यक्ष बनने पर डॉ. बिंदल को दी बधाई, बोले-

# भाजपा संगठन होगा और अधिक मजबूत



डॉ. राजीव बिंदल को तीसरी बार भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं देते विपिन परमार, रविंद्र धीमान व अन्य।

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

**जयसिंहपुर** के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने डॉ. राजीव बिंदल को तीसरी बार हिमाचल प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे भाजपा की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती की जीत बताया।

रविंद्र धीमान ने कहा कि डॉ. बिंदल की संगठनात्मक क्षमता, प्रतिबद्धता और अनुभव भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। यह नियुक्ति संगठन के लिए एक नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा का संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. बिंदल के नेतृत्व में भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा 2027 की तैयारी को और गति मिलेगी।

## पालमपुर भाजपा ने प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बिंदल को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागिनी रकवाल ने डॉ. राजीव बिंदल को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिंदल का एक पार्षद से लेकर मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और अब तीसरी बार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के रूप में एक लंबा अनुभव रहा है, सभी को साथ लेकर पार्टी के लिए दिन रात कड़ी मेहनत करने का नतीजा है कि आज उन्हें फिर तीसरी बार भाजपा प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक जिला पालमपुर डॉ. बिंदल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास करेगा। इस मौके पर पालमपुर जिला के महामंत्री राजेश राणु, अभिमन्यु भट्ट, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र डढवाल, सतीश शर्मा, गोकुल ठाकुर, संजीव धरवाल, डॉ. अनिल मिन्हास, जिला के सभी मंडल अध्यक्ष, गोपेश शर्मा, सुरेश पठानिया, सुरेंद्र कपूर आदि ने बधाई दी है।

# पठानिया ने रछियालु में किया हैंडपंप का उद्घाटन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**उपमुख्य** सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने रछियालु पंचायत में हैंडपंप में स्थापित विद्युत संचालित मोटर का विधिवत उद्घाटन किया।

इसके बाद पठानिया ने रछियालु पंचायत में जनसमस्याओं को सुनते हुए कहा कि मैं आपका विधायक नहीं, बल्कि आपका सेवक हूं। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में जनता के आशीर्वाद से शाहपुर क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया गया है और इसका श्रेय सभी विभागीय अधिकारियों को जाता है, जिन्होंने कड़ी मेहनत और निष्ठा से क्षेत्र में विकास को गति दी है। सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए सतत कार्य कर रही है। आपदा के समय भी सरकार ने कंधे से कंधा मिलाकर जनता के साथ खड़े होकर राहत कार्यों को अंजाम दिया है। एयरपोर्ट विस्तार योजना के तहत रछियालु पंचायत के लगभग 125 प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से 177 करोड़ का मुआवजा प्रदान किया जा चुका है। पठानिया ने आश्वस्त किया कि जिन परिवारों को विस्थापित होना पड़ा है, उन्हें सरकार द्वारा पुनर्वास के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। विधायक ने बताया कि प्रभावित परिवारों को 100 कनाल क्योडियां की सरकारी भूमि पर पुन: बसाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। आपको घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मेरे घर के दरवाजे आप सभी के लिए हमेशा खुले हैं और मैं हर परिस्थिति में आपके साथ रहूंगा। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी करतार चंद, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अमित डोगरा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ बलवीर सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार, पंचायत प्रधान संजू देवू, उपप्रधान मुख्त्यार सिंह आदि मौजूद रहे।



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रछियालु में जनसमस्याओं को भी सुना।

## न्यूज ब्रीफ

### सांख्यिकी दिवस की महत्ता पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला सांख्यिकी कार्यालय धर्मशाला में 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पवन सिंह, सेवानिवृत्त उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या विभाग, हिमाचल प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला योजना कार्यालय से सांख्यिकी सहायक अंजू बाला ने की। प्रो. पीसी महालनोबिस के योगदान को स्मरण करते हुए सांख्यिकी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने समन्वय और एकजुटता के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों ने भी अपने विचार साझा किए और इस दिवस को आंकड़ों की विश्वसनीयता तथा जागरूकता का प्रतीक बताया।

### एएसआई ठाकुर चंद्र हंस हुए सेवानिवृत्त



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** मानगढ़ (नौण) के ठाकुर चंद्र हंस राणा 36 वर्ष 8 महीने पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद एएसआई पद से सेवानिवृत्त हो गए। चंबा जिले में आयोजित एक सम्मान समारोह में एसपी चंबा अभिषेक यादव ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी और उनके सेवाकाल की सराहना की।

# नियांगल पंचायत भवन जनता को समर्पित

## कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने किया उद्घाटन, बोले- सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध




कोटला क्षेत्र की नियांगल में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

अनंत ज्ञान, कोटला

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मंगलवार कोटला क्षेत्र की नियांगल पंचायत में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन किया।

इस पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर भी स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। कृषि मंत्री ने कहा कि नियांगल पंचायत के पास पिछले पांच वर्षों से अपना पंचायत भवन नहीं था, लेकिन अब पंचायत को अपना भवन मिल गया है, जिससे पंचायत की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आएगी।

उन्होंने बताया कि इस भवन के ऊपर एक और मंजिल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें एक बहुउद्देशीय हॉल बनाया जाएगा। यह हॉल पंचायत बैठकों के साथ-साथ ग्रामीणों के विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्रो. चंद्र कुमार ने वर्ष 2023 में आई भीषण प्राकृतिक आपदा का उल्लेख करते हुए बताया कि नियांगल पंचायत के कई परिवारों के मकान इस आपदा में पूरी तरह जमींदोज हो गए थे। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक प्रभावित परिवार को 7-7 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई थी। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों को इस राशि की दूसरी किस्त नहीं मिली है, उन्हें भी जल्द यह राशि प्रदान की जाएगी।

### कृषि ढांचे में बदलाव लाने के लिए किया प्रेरित

कृषि मंत्री ने किसानों को खेतीबाड़ी के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर नवाचार अपनाने और कृषि ढांचे में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विभाग के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें, ताकि नई तकनीकों की जानकारी मिलती रहे और उत्पादन में बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्राकृतिक गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी पर क्रमशः 60, 40 और 90 रुपए प्रति किलो की न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित कर खरीद कर रही है। भैंस और गाय के दूध की खरीद भी क्रमशः 61 और 51 रुपए प्रति लीटर की दर से की जा रही है। इस अवसर पर बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता विशाल पत्रावल, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग के एसडीओ अमन रिहालिया, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ राजेश कुमार, नायब तहसीलदार कोटला कोविंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# राजेश शर्मा ने संभाला स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का कार्यभार

## कहा- मेरा फोकस शिक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता पर रहेगा



प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का कार्यभार संभालते डॉ. राजेश शर्मा।

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** डॉ. राजेश शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड के 38वें अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में आयोजित समारोह में उन्होंने विधिवत कार्यभार संभाला।

इस मौके पर बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य फोकस शिक्षा प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य रहेगा कि पांचवीं का बच्चा पांचवीं की किताब खुद पढ़ सके। उन्होंने बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत प्राथमिक शिक्षा ही आगे की कक्षाओं की नींव बनती है, इसलिए इस क्षेत्र में बदलाव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस मौके पर बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा, अधिकारियों व बोर्ड के कर्मचारियों ने डॉ. राजेश शर्मा का स्वागत किया।

### सीएम शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गंभीर

डॉ. शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर बेहद गंभीर हैं। उनके मार्गदर्शन में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राजेश ने कहा कि मूल्यांकन प्रणाली को तकनीकी रूप से सशक्त किया जाएगा, ताकि परीक्षा परिणाम समय पर और त्रुटिरहित जारी हो सकें। उन्होंने बताया कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, परीक्षा प्रणाली को सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों तक संसाधनों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकताएं है। प्रारंभिक शिक्षा में गुणवत्ता सुधार, परीक्षाओं में पारदर्शिता, मूल्यांकन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण, शिक्षकों और छात्रों का प्रशिक्षण, समय पर डेटशीट और परिणाम जारी करना डॉ. राजेश शर्मा चिकित्सा क्षेत्र की जानी-मानी हस्ती हैं। वे कई व्यापारिक व सामाजिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं।

# मजदूरों की सुरक्षा का किसी को ध्यान नहीं: रविंद्र सिंह



**मानवाधिकार आयोग को लिखा पत्र**

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के राज्य महासचिव रविंद्र सिंह रवि ने धर्मशाला में मजदूरों के बादल फटने के कारण बह जाने पर राज्य मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश का श्रम विभाग मजदूरों के हितों को सुरक्षित नहीं कर रहा है, उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा और अन्य लाभों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा था और वहां पर अढ़ाई सौ से ज्यादा मजदूर काम पर थे, लेकिन उनकी सुरक्षा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यहां तक की उन सब मजदूरों का कोई रिकॉर्ड भी नहीं मिल रहा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने निर्माण श्रमिकों के लिए भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कानून 2986 की स्थापना की है, जिसको लागू करने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय ने कई दिशा-निर्देश हिमाचल सरकार को दिए हैं। हिमाचल हाईकोर्ट ने कई आदेश श्रम विभाग को दिए, लेकिन प्रदेश के लेबर मंत्री और श्रम विभाग आज तक नहीं जाग पाया और नतीजा यह हुआ कि कितने ही गरीब मजदूर अपनी जिंदगी से हाथ धो बैठे। अगर ये मजदूर कल्याण बोर्ड में पंजीकृत होते तो उनके आश्रितों को लाखों में मुआवजा मिलता है। उन्होंने मानवाधिकार आयोग से गुहार लगाई है कि गरीब मजदूरों को इंसाफ दिलाया जाए।

**सर्वेक्षण** कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सतर्क रहने की सलाह

# सेब और गुठलीदार फलों पर पर्णभक्षी भृंग का प्रकोप

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कीट विज्ञान विभाग की ओर से किए गए हालिया सर्वेक्षण में पाया कि इस वर्ष प्रदेश के विभिन्न जिलों में सेब, आड़ू, प्लम और खुरमानी फलों पर पर्णभक्षी भृंग (चेफर बीटल) का प्रकोप बढ़ गया है। कीट विज्ञान विभाग के ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट के अंतर्गत सॉयल आर्थोपोड पेस्ट्स के वैज्ञानिकों, डॉ. कुलदीप सिंह वर्मा और डॉ. सुमन सांजटा के अनुसार, यह पहली बार है जब इतने बड़े पैमाने पर वयस्क पर्णभक्षी भृंगों को फलों को खाते हुए देखा गया है।

वैज्ञानिकों ने फलों और पत्तियों पर इन भृंगों के बढ़ते प्रकोप को देखा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कीट का प्रकोप न केवल पत्तियों तक सीमित है, बल्कि अब यह फलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे फलों पर गहरे छेद, सड़न और संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। आम तौर पर यह कीट शाम के समय जमीन में से निकलकर फलदार पौधों पर बैठ जाते हैं और पत्तों एवं फलों को खाते हैं और भोर होते-होते जमीन में वापस चले जाते हैं। इस वर्ष पर्णभक्षी भंग की संख्या में वृद्धि के पीछे मुख्य कारण है मई-जून माह में पूर्व मानसून वर्षा का समय से पहले आगमन है। इसके कारण जमीन में उपयुक्त नमी होने के चलते वयस्क भृंग आसानी से बाहर निकल आए। कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाएं।



**उपाय** **मानसून** से पहले गहरी जुताई करें, ताकि लार्वा सतह पर आ जाएं और पक्षी उन्हें खा सकें। प्रकाश प्रपंच (लाइट ट्रैप्स) लगाकर वयस्क भृंग की निरंतर निगरानी करें। समय-समय पर वयस्क भृंगों एवं उनकी अविकसित अवस्था को ढूंढकर इकट्ठा करके नष्ट कर दें। नीम की खली (नीम केक) को खेतों में मिलाएं। जैविक नियंत्रण के लिए ब्यूवेरिया बस्सियाना और मेटारीज़ियम अनीसोप्लिए जैसे जैविक कवकों का प्रयोग करें।

### कीट पर नियंत्रण नहीं पाया तो होगा गंभीर संकट

**वयस्क** भृंगों के नियंत्रण के लिए पेड़ों पर बाइफेंथ्रिन 8-10 फीसदी @ 0.6-0.75 मिली/लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। नियंत्रण के लिए आसपास की मेड़ों पर उगने वाले जंगली गुलाब एवं कठी पर भी छिड़काव करें, क्योंकि ये भी इस कीट के मुख्य पोषक पौधे हैं। वैकल्पिक रूप से, क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी @ 2.5 मिली/लीटर पानी में मिलाकर भी पेड़ों पर छिड़काव किया जा सकता है। मिट्टी में सफेद ग्रब के नियंत्रण के लिए इन्हीं रसायनों का उपयोग जड़ों के आसपास सिंचाई के माध्यम से करें। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस कीट पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह हिमाचल की बागवानी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकट बन सकता है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बागानों की नियमित निगरानी करें, और विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लें। अधिक जानकारी और तकनीकी सहायता के लिए किसान विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# मालोट में बेसिक लीडरशिप कैंप, शिमला ग्रुप बना सर्वश्रेष्ठ

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** मालोट, पंजाब में बेसिक लीडरशिप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न एनसीसी इकाइयों ने भाग लिया। इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का विकास करना था।

इस कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिमला ग्रुप को सर्वश्रेष्ठ ग्रुप घोषित किया गया। ग्रुप ने ड्रिल, ग्रुप टास्क और अनुशासन आदि गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया। यह हमारे कॉलेज के लिए गर्व की बात है कि गवर्नमेंट कॉलेज देहरी के चार एनसीसी कैडेट्स ने इस श्रेणी में पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

इन कैडेट्स के अनुकरणीय प्रदर्शन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता की कैंप अधिकारियों व अन्य कैडेट्स द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। इन कैडेट्स की सफलता ने न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी भविष्य में इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है।

# पंचरुखी-भूआना सड़क पर भूस्खलन डंगे के साथ दर्जनों चीड़ के पेड़ आए चपेट में



## पिछले साल भी इसी जगह पर गिरा था ल्हासा, लोक निर्माण विभाग मंडल जयसिंहपुर के तहत 25 सड़कें बंद

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** प्रदेश में दो दिन से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग मंडल जयसिंहपुर के तहत आते क्षेत्र में जगह-जगह ल्हासे गिरने से 25 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। वहीं, पंचरुखी से तिनबड़ बाया भूआना सड़क में करोड़ी की चढ़ाई में भू-स्खलन होने से सड़क को काफी नुकसान हुआ है।

पिछले वर्ष भी ल्हासा गिरने से लगभग एक महीना सड़क बंद रही थी। लोक निर्माण विभाग ने डंगा लगाकर सड़क को बहाल किया था। इस बार भी उसी जगह पर डंगे के साथ दर्जनों चीड़ के पेड़ भू-स्खलन की चपेट में आए हैं। पंचरुखी से भूआना, तिनबड़, जयसिंहपुर व चढ़ियार की और जाने के लिए यह मुख्य सड़क मार्ग है। सड़क के बंद होने से वाहन चालकों को बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, करोड़ी से कैलाशपुर तक वैकल्पिक सड़क है, लेकिन यह सड़क इतनी संकरी है कि वाहनों को पास देने की भी जगह नहीं है। इससे घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है।




### अधिशाषी अभियंता ने लिया स्थिति का जायजा

**अधिशाषी** अभियंता विजय वर्मा ने टीम के स्थिति का जायजा लिया। वर्मा ने बताया कि मंडल जयसिंहपुर की 25 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का काम शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा नुकसान करोड़ी की चढ़ाई में हुआ है। इस सड़क को बहाल करने में समय लगेगा। यहां पर डंगा लगाना संभव नहीं है, इसलिए यहां पर कटिंग करके ही रोड को खोला जा सकता है। एस्टिमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। कटिंग करवाकर जल्द वाहनों के लिए सड़क को बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारी बरसात के कारण मंडल जयसिंहपुर का लगभग एक करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि करोड़ी से मछुई कैलाशपुर वैकल्पिक सड़क मार्ग का प्रयोग करें।

# मौल खड्ड में बाढ़ से ढाटी पुल का डंगा टूटा

## बारिश का कहर: चाह पुल के पिल्लर भी धंसने से भारी नुकसान




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** मौल खड्ड में सोमवार रात को बाढ़ आने के कारण ढाटी से शिवनगर की ओर जाने वाली सड़क पर ढाटी पुल का डंगा क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण सांबा ढाटी से शिवनगर के लिए यातायात ठप हो गया है। पिछले दो साल भी मौल खड्ड में आई बाढ़ के कारण डंगा दो बार क्षतिग्रस्त हुआ था। क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन यह अब तीसरी बार हुआ है। इसके अलावा चाह गांव से चांदड़ को जाने वाली सड़क पर बने पुल के दोनों पिल्लर जमीन में धंस गए हैं। पीडब्ल्यूडी से संबंधित एसडीओ प्यार सिंह धीमान ने कहा कि ढाटी पुल के साथ लगता डंगा मौल खड्ड की बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। मरम्मत करने में लगभग 12 लाख रुपए का खर्चा आएगा, जबकि चाह चांदड़ में मरम्मत के लिए लगभग 8 लाख रुपए का खर्च आएगा। दोनों मार्ग को जल्द बहार कर दिया जाएगा।

# ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा; सीएम सुक्खू ने लिया जायजा, लोगों से की सावधानी बरतने की अपील



भड़ोली में ब्यास नदी पर बने पुल और आसपास के इलाकों की स्थिति का जायजा लेते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** प्रदेश में लगातार बारिश से ब्यास नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे निचले क्षेत्रों में खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी उपमंडल के भड़ोली क्षेत्र में पहुंचकर ब्यास नदी पर बने पुल और आसपास के इलाकों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन से फीडबैक लिया और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्यास नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर लोगों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए और किसी भी सूरत में नदी-नालों के किनारे जाने से बचें। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि प्रशासन की एडवाइजरी का सख्ती से पालन करें।

# शाहपुर-द्रमण में लोगों के घरों और दुकानों में घुसा पानी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर में भारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। फोरलेन के कारण बंदला खड्ड का पानी लोगों के घरों व दुकानों में जा घुसा। कुछ लोग आधी रात्रि को घर छोड़कर सड़कों पर आ गए। वहीं, द्रमण में कुछ लोगों ने घरों के शीशे तोड़कर अपनी व परिवार की जान बचाई। लोगों का कहना है कि उनका घर तालाब में तब्दील हो गया। पूरे घर में पानी भर गए है। कई मकानों को खतरा भी पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि न तो घर में सोने की जगह है और न ही बिस्तर व रसोई का कुछ सामान बचा है।









### शाहपुर में लोगों ने सड़क पर दिया धरना

**शाहपुर** में लोगों ने सड़क पर बैठकर रास्ता जाम कर दिया, जिसके बाद एसडीएम शाहपुर करतार चंद व एनएचएआई के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि बंदला खड्ड की पुली को डबल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम तक कल्वर्ट (पुली) डबललेन बन जाएगी, जिसके कारण कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी रोका जाएगा। इसके बाद पानी घरों में नहीं जाएगा। लोगों का कहना है कि उनके घर का सारा सामान पानी में डूब गया, जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। एसडीएम ने बताया कि नुकसान का जायजा लेने के लिए अधिकारी भेजे गए हैं और नियमानुसार जो मुआवजा होगा, उन्हें दिया जाएगा।


# सुशासन आदर्श नहीं, बल्कि व्यवहारिक दृष्टिकोण बना : राज्यपाल

## कहा- डिजिटल तकनीक से पारदर्शिता और नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ी

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से संसाधनों का कुशल प्रबंधन सेवाओं की पारदर्शिता और नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा की सुशासन अब केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक दृष्टिकोण बन चुका है। राज्यपाल ने यह बात तपोवन स्थित विधान सभा परिसर में राष्ट्र मंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र-2 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कही।

उन्होंने राष्ट्र मंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र-2 की इस महत्वपूर्ण वार्षिक कॉन्फ्रेंस के आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के इस पावन स्थल तपोवन में आयोजित यह संवाद निश्चित ही हमारे लोकतंत्र की समृद्ध परंपरा को और अधिक सशक्त बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह अपार प्रसन्नता है कि लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों से आए सदस्यों का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से देवभूमि आगमन पर स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि 30 जून को राज्य संसाधनों के प्रबंधन में विधायिकाओं की भूमिका एवं राज्य के विकास विषय पर आयोजित विचार-मंथन किया गया।



राज्यपाल शुक्ल ने राष्ट्र मंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र-2 के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि लोकतंत्र में विधायिका केवल कानून बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र संसाधनों-आर्थिक, प्राकृतिक व मानव संसाधन के न्यायसंगत, पारदर्शी और उत्तरदायी उपयोग की दिशा तय करने वाली संस्था है। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि संसाधन सीमित हैं और अपेक्षाएं अनंत। ऐसे में विधायिकाओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे बजट, नीतियों और योजनाओं के निर्माण एवं निगरानी में सकारात्मक, दूरदर्शी और जनहितकारी भूमिका निभाएं।

राज्यपाल ने कहा कि आज 'दलबदल कानून-संविधान की 10वीं अनुसूची के अंतर्गत अयोग्यता की धाराएं' तथा 'विधायिकाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग' जैसे विषयों पर चर्चा हुई है।

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जोन-2 का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

# सम्मेलन के होंगे दूरगामी परिणाम: कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** विधानसभा की ओर से आयोजित दो दिवसीय संसदीय संघ भारत क्षेत्र-2 का वार्षिक सम्मेलन सार्थक चर्चा के साथ मंगलवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन को कुल आठ राज्यों की सभाओं तथा तेलंगाना विधानपरिषद के चेयरमैन समेत कुल 38 प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। मंगलवार को आरंभ हुए सत्र में प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण विषयों क्रमशः अनुच्छेद 102 (2) और 101 (2) की 10वीं अनुसूची के तहत दलबदल के आधार पर अयोग्यता का प्रावधान तथा विधानसभाओं में एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग पर मंथन किया गया, जिस पर सभी प्रतिनिधियों ने अपने संबोधनों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सत्र को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मैं आप सभी का आभारी हूं, जिन्होंने खराब मौसम के बावजूद भी इस सम्मेलन के महत्व को समझते हुए इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि एआई पर ज्यादा नहीं बोलना चाहते, क्योंकि डिजिटल अभियान में हिमाचल प्रदेश अग्रणी रहा है। देश की सर्वप्रथम ई-विधान प्रणाली का सूत्रधार भी हिमाचल है, जिसका शुभारंभ वर्ष 2014 में हुआ था। दलबदल कानून को और भी मजबूत तथा सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि जनप्रतिनिधि लोगों के विश्वास को बनाए रखते हुए इसकी अवहेलना न कर सकें। यदि दलबदल कानून सख्त होगा तो सरकार भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य करेगी तथा अपना निर्धारित कार्यकाल भी पूरा करेगी। उन्होंने विधानसभा ने इस कानून को पारित कर दिया है, जिसमें प्रावधान किया है कि कोई भी सदस्य अगर दलबदल कानून के तहत अपनी सदस्यता खोता है तो वह विधानसभा से मिलने वाली सभी सुविधाओं व पेंशन से वंचित होगा तथा अगले छह वर्षों तक चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य घोषित होगा। समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश उपस्थित थे।



तपोवन विधानसभा में संसदीय संघ भारत क्षेत्र-2 के वार्षिक सम्मेलन में हुई सार्थक चर्चा।

# अब ऑनलाइन हो प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही: मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने धर्मशाला विधानसभा में कहा कि प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही को अब ऑनलाइन किया जाना चाहिए, ताकि प्रदेश और देशभर के नागरिक देख सकें कि लोकतंत्र का यह मंदिर कैसे कार्य करता है। प्रदेश की विधानसभा देश की पहली डिजिटल विधानसभा बनी थी और अब समय आ गया है कि इसे पूर्ण रूप से ऑनलाइन कर एक नई मिसाल पेश की जाए।

उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष से विशेष आग्रह किया कि प्रदेश की विधानसभा की कार्यवाही को ऑनलाइन किया जाए, ताकि पूरे देश में यह एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हो सके। उन्होंने कहा कि जमाना बदल रहा है, तकनीक के इस दौर में पारदर्शिता और जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए विधानसभा की कार्यवाही को ऑनलाइन करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पूरे प्रदेश का दौरा कर नशे के खिलाफ एक सशक्त वातावरण तैयार किया है। उन्होंने सराहना की कि राज्यपाल द्वारा नशे के विरुद्ध शुरू की गई मुहिम को प्रदेश सरकार के प्रयासों के साथ समन्वय मिला है, जिससे यह अभियान और अधिक प्रभावशाली हुआ है। कानून निर्माण से लेकर अपराधियों की धरपकड़ तक, राजभवन का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में स्थित विधानसभा भवन को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन सिर्फ कुछ दिनों के लिए उपयोग में आने के बावजूद अपनी गरिमा और उद्देश्य में पूर्ण है।




# डाडासीबा पुलिस ने ब्यास किनारे से प्रवासी परिवारों को समय रहते हटाकर बचाई जान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**भारी** बारिश के चलते ब्यास नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच डाडासीबा पुलिस और प्रशासन ने कई लोगों की जान बचाई है। पंचायत जम्बल के 'बस्सी' क्षेत्र में नदी किनारे झुग्गियों में रह रहे 10 प्रवासी परिवारों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर प्रशासन ने एक बड़ी संभावित त्रासदी को टाल दिया। यह सभी परिवार पंजाब के होशियारपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। ये लोग परिवार के साथ यहां मवेशियों के साथ अस्थायी रूप से ब्यास नदी के किनारे बसे हुए थे। जब प्रशासन को सूचना मिली कि यह इलाका जलभराव की चपेट में आ चुका है, तो डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और थाना प्रभारी के साथ मिलकर उन्होंने स्थिति का निरीक्षण किया और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। अधिकारियों ने न केवल लोगों को बाहर निकाला, बल्कि उनके रहने, खाने और आवश्यक मदद की व्यवस्था भी सुनिश्चित की।



नदी किनारे झुग्गियों में रह रहे 10 प्रवासी परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

## घुरकाल में ब्यास नदी किनारे अज्ञात महिला का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी पुलिस ने घुरकाल में निर्माणाधीन पुल के नीचे ब्यास नदी के किनारे एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बीते दिनों जिला कुल्लू में हुई भयंकर बारिश के बीच नदी में आई लकड़ियों के साथ यह शव बहकर यहां पहुंचा है। दरअसल पानी के बीच बहकर आई लकड़ियों के पास से ही यह शव बरामद हुआ है। इस संबंध में पुलिस ने कानूनी कारवाई करते हुए शव को शवगृह देहरा में पहचान के लिए रख दिया है। मामले की पुष्टि देहरा एसपी मयंक चौधरी ने की है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि घुरकाल में एक महिला का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जस्वाल के नेतृत्व में एसआई नाजर सिंह की अगुवाई में पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर शव को अपने कब्जे में लिया।

**नाराजगी** पुलिस कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जीप-ट्रॉला मालिकों और व्यापारियों में गहराया आक्रोश

# योल बाजार में विजिटर पार्किंग पर गहमागहमी

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** योल बाजार स्थित विजिटर पार्किंग इन दिनों विवाद का केंद्र बनी हुई है जिसकी वजह से क्षेत्र में गहमागहमी है। पुलिस विभाग की कार्रवाई से जीप-ट्रॉला मालिकों और कुछ व्यापारियों में भारी आक्रोश है। मामला तब गरमाया जब पुलिस ने सिर्फ जीप चालकों के चालान काटने और उन्हें पार्किंग से हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, इसी पार्किंग में निजी दोपहिया, चौपहिया, दुकानदारों और किरायेदारों के वाहन बदस्तूर खड़े रहते हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

जानकारी के अनुसार, जब यह क्षेत्र छावनी परिषद के अधीन था, तब जीप और ट्रॉला चालकों को पार्किंग का एक हिस्सा आवंटित किया गया था। शेष भाग विजिटर पार्किंग के लिए तथा टैक्सी वाहनों को गेहरी पुल की पार्किंग में खड़ा करने के निर्देश थे। समय के साथ कैंट बोर्ड भंग हो गया और अब यह क्षेत्र पंचायत के अधीन है, लेकिन पंचायत को भी इस पार्किंग व्यवस्था की पुख्ता जानकारी नहीं है। ऐसे में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को लोग पक्षपातपूर्ण मान रहे हैं और उसे दोहरा मापदंड बता रहे हैं। जीप चालक कुलदीप चंद, विकास बालिया और सुरेश कुमार का कहना है कि हम पिछले 27 वर्षों से यहीं अपनी गाड़ियां खड़ी करके रोजी-रोटी चला रहे हैं। बाजार में जब कोई ग्राहक आता है तो वह सामान लाने के लिए हमारी जीप किराए पर करता है। पहले पुलिस और व्यापार मंडल की सहमति से हमें सात गाड़ियां खड़ी करने की अनुमति मिली थी, लेकिन अब हर बार चौकी प्रभारी बदलते ही नियम बदल जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि 70 प्रतिशत गाड़ियां दुकानदारों और स्थानीय लोगों की होती हैं, लेकिन कार्रवाई केवल जीप वालों पर होती है। रेहड़ी लगाने वाले कार्तिक का भी आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई चयनात्मक है। उनका कहना है कि उनकी रेहड़ी तो तुरंत हटवा दी जाती है, लेकिन पुलिस चौकी के नीचे और सड़क किनारे लगी बाकी रेहड़ियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। पैदल चलने वालों के रास्ते भी अवरुद्ध रहते हैं, जिससे आम जनता को भारी दिक्कत होती है। स्थानीय व्यापारी सुखविंदर सिंह उर्फ बबलू का कहना है कि सही मायनों में पार्किंग खाली रहेगी तो बाजार में रौनक बढ़ेगी और ग्राहकों को सुविधा होगी, मगर पुलिस को कार्रवाई करते वक्त सबके साथ बराबरी का व्यवहार करना चाहिए। साथ ही गरीब तबके को बेवजह परेशान न किया जाए। व्यापार मंडल के प्रधान अक्षित मैनी का कहना है कि इस मुद्दे पर जल्द ही पुलिस और व्यापारियों के साथ बैठक होगी। उसके बाद ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। पुलिस चौकी प्रभारी संजय ठाकुर का कहना है कि मैंने हाल ही में पदभार संभाला है। शिकायतें मिली थीं कि बड़ी गाड़ियां लगातार खड़ी रहती हैं, जिससे विजिटर्स को पार्किंग नहीं मिलती। पहले समझाया, फिर कार्रवाई की। जल्द ही सभी पक्षों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा। लेकिन जो भी नियम तोड़ेगा, उस पर कार्रवाई जरूर होगी। इस पूरे घटनाक्रम ने योल बाजार में प्रशासनिक पारदर्शिता, पुलिस की कार्यप्रणाली और पार्किंग व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। लोगों की मांग है कि या तो सब पर समान नियम लागू हों या फिर व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।



सुखविंद्र सिंह। कुलदीप चंद

## गुलेर-लुदरेट संपर्क मार्ग बंद

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** भारी बारिश के कारण मंगलवार को गुलेर नंदपुर-लुदरेट संपर्क मार्ग बंद हो गया। लोक निर्माण विभाग हरिपुर के एसडीओ गुरबचन सिंह ने बताया कि भारी बारिश से निर्माणाधीन नंदनाला पुल के पास टेंपरेरी सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कोई बड़ी घटना घट सकती है। लोगों की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए उक्त सड़क मार्ग बारिश के दिनों में जुलाई और अगस्त में सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। जब तक यह मार्ग बंद रहेगा तब तक नंदपुर भटोली, लुद्रेट की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन गुलेर से बिलासपुर-सकरी होते हुए नगरोटा सूरियां की ओर से आ जा सकते हैं।

**वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग गुलेर-सकरी का करें प्रयोग**

# सभी स्कूल भवनों की करें जांच : उपायुक्त

## बोले-शिमला प्रशासन आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार, जिले में 24×7 राहत टीमें तैनात

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष ने मंगलवार को घोषणा की कि जिला प्रशासन मानसून के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार और सतर्क है।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी स्कूल फिलहाल खुले रहेंगे। यदि किसी क्षेत्र में कोई आपदा या अन्य समस्या आती है, तो संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी स्कूल बंद करने के आदेश जारी करेंगे। उन्होंने सभी स्कूलों को अपने भवनों की सुरक्षा जांच करने का निर्देश दिया है। यदि किसी स्कूल भवन को खतरा है, तभी स्कूल बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आपदा की स्थिति में स्कूल बंद किए जाते हैं, तो ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रहेगी, जिसके लिए सभी स्कूल अपने ऑनलाइन तंत्र को तैयार रखें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश से नुकसान हुआ



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी शिमला अनुपम कश्यप।

है और शिमला भी इससे अछूता नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है।

उपायुक्त ने जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपदा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को स्थिति का लगातार जायजा लेते रहना चाहिए और जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फिलहाल शिमला जिले में मानसून की बारिश से कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, होमगार्ड और पुलिस विभाग को अपनी त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को तैयार रखने का निर्देश दिया है। ये टीमें आपदा की स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर सकेंगी। ये टीमें जिले में विभिन्न स्थानों पर 24×7 तैयार रहेंगी, जिनमें एक टीम शिमला शहर की लिफ्ट के पास, दूसरी मॉल पर स्थित पुलिस सहायता कक्ष के पास, तीसरी सुन्नी में, चौथी पराला में और पांचवी रामपुर में तैनात रहेगी। उन्होंने सभी को उपलब्ध संसाधनों की समय पर जांच करने के भी निर्देश दिए ताकि जरूरत पड़ने पर कोई समस्या न आए।

### आपदा मित्र व युवा स्वयंसेवकों की लेंगे मदद

**किसी** भी आपदा से निपटने के लिए जिले में लगभग 200 'आपदा मित्र' तैयार किए गए हैं, जिन्हें हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि इन आपदा मित्रों की सहायता आपदा से निपटने के लिए ली जाएगी। इसके अतिरिक्त, युवा स्वयंसेवकों से भी आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्य में सहायता ली जाएगी।

### खुदाई और कटाई पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**डीसी** ने कहा कि मानसून के दौरान पूरे जिले में खुदाई, उत्खनन और कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा ताकि बारिश से भूस्खलन न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी कटाई वाले स्थानों को तिरपाल से ढकने के भी निर्देश दिए ताकि कोई भूस्खलन न हो और किसी भी सरकारी और निजी भूमि को नुकसान न पहुंचे।

### अस्थायी पुनर्वास योजनाएं तैयार करें एसडीएम

**उपायुक्त** ने उपमंडल दंडाधिकारियों को अपने क्षेत्र में अस्थाई पुनर्वास की योजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान लोगों का दूसरी जगह अस्थाई पुनर्वास करना पड़ता है, जिसके लिए अभी से उपयुक्त जगह का चयन किया जाना चाहिए जहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को वहां आश्रय प्रदान किया जा सके।

# सुन्नी व तत्तापानी में उफान पर सतलुज नदी

## लोगों में दहशत, प्रशासन की अपील-सतलुज तटीय क्षेत्रों के लोग रहें सतर्क



सुन्नी में उफान पर सतलुज नदी।

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** समय से पहले आई बरसात ने हिमाचल में अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई स्थानों पर बादल फटने और नदियों के खतरे के निशान से ऊपर बहनें की सूचनाएं है। शिमला ग्रामीण के सुन्नी में भी सतलुज नदी के उफान ने क्षेत्र वासियों को डरा दिया है।

आलम यह है कि सुन्नी व तत्तापानी से गुजरती सतलुज नदी के उफान से कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है सुन्नी के समीप मंडी जिला के थली को जोड़ने वाले पुल से महज एक फीट नीचे सतलुज नदी बह रही है इसे में राहगीर पुल पार करने से डरने लगे है। तत्तापानी पुल के समीप भी सतलुज नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बीते सोमवार रात मूसलाधार बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मंगलवार को दिनभर क्षेत्र के दर्जनों संपर्क मार्ग अवरूद्ध रहे जबकि मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से चली रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बरसात का असर देखने को मिला। क्षेत्र में येलो अलर्ट के चलते मंगलवार को लगभग सभी शिक्षण संस्थान बंद रहे। बारिश से क्षेत्र में जगह-जगह भूमि कटाव और नदी नालों में तीव्र गति से बह रहे पानी से हुए नुकसान के कारण कहीं संपर्क मार्ग अवरूद्ध हुए तो कहीं पानी से भूमि कटाव की स्थिति बनी रही।

### चाबा पावर हाउस में भरा पानी, मशीनें बंद

**बता** दें कि सुन्नी के समीप सतलुज नदी के तट पर बना लगभग 100 वर्ष पुराने चाबा पावर हाउस में भी पानी भर गया जिस कारण पावर हाउस में लगी मशीनों ने काम करना बंद कर दिया। मंगलवार को दिन भर छुटपुट बरसात होती रही। प्रशासन द्वारा तटीय क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को नदी से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी जा रही है व घर में सुरक्षित रहने की सलाह भी दी जा रही है।

# बाहलीधार-जुवा-डिबरी मार्ग पर बने स्लैब पुल

## देवठी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशाषी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



देवठी पंचायत का प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपता हुआ।

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

**देवठी** ग्राम पंचायत के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज लोग निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। हालांकि ग्रामीणों को अधिशाषी अभियंता मौके पर नहीं मिले लेकिन उन्होंने अधीक्षक के माध्यम से उन्हें ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर विभाग से मांग की है की बाहलीधार-जुआ-डिबरी सड़क पर स्लैब पुल बनाया जाए। उनका कहना है कि नाले के पानी की निकासी के लिए जो कलवर्ट लगाए गए हैं वे बंद हो चुके हैं।

बरसात में नाले का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है, साथ ही यह पानी सड़क को भी डैमेज कर रहा है। बरसात में यह सड़क तालाब बन जाती है।

प्रधान ग्राम पंचायत देवठी संजीव ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवठी में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल आने जाने में भी दिक्कत पेश आ रही है। इसलिए उपरोक्त नाले पर स्लैब पुल लगाया जाए।

प्रधान ने विभाग से गुहार लगाई है कि दलित प्रधान गांव डिबरी बस्ती की पुकार सुनी जाए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर से अधिशाषी अभियंता से मिलेगा।

# पुरानी संजौली-ढली सुरंग में सभी की आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सुरक्षा कारणों से पुरानी संजौली-ढली सुरंग को सभी प्रकार के वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। जिला दंडाधिकारी शिमला, अनुपम कश्यप ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार, आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अब संजौली और ढली के बीच आवागमन के लिए नई सुरंग का उपयोग किया जाएगा, जिसे दोतरफा यातायात के लिए खोल दिया गया है। इससे पहले पुरानी सुरंग एक महत्वपूर्ण मार्ग थी, लेकिन अब सुरक्षा कारणों से इसे बंद कर दिया गया है। यह कदम शिमला में यातायात प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

# जनप्रतिनिधि जनता के हक के लिए रहें प्रतिबद्ध : अनिरुद्ध

## चेड़ी पंचायत में आयोजित चिकित्सा शिविर के उद्घाटन पर बोले पंचायतीराज मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मंगलवार को कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के हक के लिए किसी भी हद तक जाने से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के हितों के लिए ही होते हैं। अनिरुद्ध सिंह शिमला के कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेड़ी में आयोजित एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

जन विकास समिति, ग्राम पंचायत और इनर व्हील क्लब मिड टाउन ने अपनी 25वीं सालगिरह और चिकित्सक दिवस के मौके पर इस शिविर का आयोजन किया, जिसमें एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया। मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्हें शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़कें पक्की हो चुकी हैं और नई सड़कों के निर्माण के लिए एफआरए की मंजूरी के लिए मामले भेजे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अनु में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के लिए एफआरए क्लीयरेंस मिल चुकी है, और उन्होंने विभाग को आगामी प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।




### आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में किया जा रहा काम

**अनिरुद्ध** सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया है। इसके अलावा हिम ईरा ब्रांड के तहत लाखों महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

### घर-द्वार तक स्वास्थ्य सुविधाएं, 10 लाख की दवाइयां की वितरित

**मंत्री** ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के चिकित्सा शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि शिविर में बच्चों को निःशुल्क नेत्र जांच के बाद चश्मे भी मुहैया करवाए गए। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ और महिला रोग विशेषज्ञों की एक टीम ने 500 से अधिक लोगों का चेकअप किया। इस दौरान कुल 10 लाख रुपये मूल्य की निःशुल्क दवाइयां लोगों को वितरित की गई।

# नौणी-भराड़ीघाट फोरलेन विवाद : केंद्र ने हिमाचल सरकार से मांगी रिपोर्ट

## परियोजना संबंधी एनओसी की प्रक्रिया में की गई कार्रवाई का मांगा ब्यौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। बिलासपुर**

**नौणी**-भराड़ीघाट फोरलेन परियोजना को लेकर उठे विवाद के बाद अब केंद्र सरकार ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए हिमाचल सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। यह कार्रवाई पर्यावरण मंत्रालय की क्षेत्रीय इकाई (उप-कार्यालय शिमला) की ओर से की गई है, जिसने प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) को पत्र भेजकर इस परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय स्वीकृति (एनओसी) की प्रक्रिया में की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा मांगा है।

यह पत्र मंत्रालय को फोरलेन विस्थापित एवं प्रभावित समिति की ओर से भेजी गई शिकायत के आधार पर भेजा गया है। समिति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि शिमला-मटौर फोरलेन के नौणी-भराड़ीघाट खंड में पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। शिकायत के अनुसार, बिना स्थानीय लोगों को जानकारी दिए भूमि अधिग्रहण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया गया। मंत्रालय के उप वन महानिरीक्षक के. राजा राम सिंह द्वारा 25 जून को भेजे गए पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि यह पत्र सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद जारी किया गया है। पत्र में हिमाचल सरकार से इस मामले की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसकी प्रतिलिपि राज्य सरकार के नोडल अधिकारी-सह-अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल (एफसीए) को भी भेजी गई है। फोरलेन विस्थापित एवं प्रभावित समिति के महासचिव मदन लाल ने कहा कि इस परियोजना में जिस तरह से बिना राइट ऑफ वे और बाउंड्री पिलर के कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है, वह नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते इस प्रक्रिया को पारदर्शी नहीं बनाया गया, तो स्थानीय जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है और भविष्य में परियोजना भी कानूनी व सामाजिक विवादों में फंस सकती है। उन्होंने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की अनियमितताओं के कारण बड़े स्तर पर विरोध हुआ था। इसलिए नौणी-भराड़ीघाट परियोजना में भी उसी प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। अब सभी की नजरें हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर हैं कि वह इस संवेदनशील मामले में किस तरह की रिपोर्ट प्रस्तुत करती है और क्या आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

# किरतपुर-नेरचौक फोरलेन की बदहाल स्थिति पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरसात के मौसम में किरतपुर-नेरचौक फोरलेन की खस्ताहाल एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फोरलेन पर लगातार गिरते ल्हासों और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बिलासपुर जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकारों से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है।



उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब लोगों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण फोरलेन के विभिन्न हिस्सों में बड़े-बड़े पत्थर और मिट्टी खिसक रही है, जिससे रोजाना वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकाला गया तो यहां किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि संबंधित निर्माण कंपनी ने जिस तरह से कटिंग की है, वह पूरी तरह से तकनीकी लापरवाही का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण के दौरान पहले भी कई गंभीर खामियां सामने आई थीं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष मंडी-भराड़ी पुल में दरारें आने के बाद पुल की मरम्मत करवाई गई थी, लेकिन इस दौरान भी लोगों को एकतरफा यातायात झेलना पड़ा। हाल ही में जकातखाना के पास भारी भू-स्खलन हुआ, जिससे आवाजाही बाधित रही। वहीं, बिलासपुर जिले के लोगों पर दो स्थानों पर टोल वसूली को 'अन्यायपूर्ण' करार दिया। उन्होंने कहा कि जहां एक टोल प्लाजा पर्याप्त होता, वहां दो-दो टोल वसूले जा रहे हैं, जो नियमों के खिलाफ है और जनता के साथ खुला शोषण है। उन्होंने कहा कि टोल वसूलने के बावजूद सुविधाएं नदारद हैं न शौचालय हैं, न पीने का पानी और न ही ठहराव के उचित इंतजाम।

# 20 मत्स्य सोसायटियों ने रखीं अपनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत कुलजार पंचायत में मत्स्य विभाग से संबद्ध सोसायटियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान जिलेभर के 20 सोसायटी के लोगों ने भाग लिया और विवेक को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। सरकार की ओर से ली जा रही रॉयल्टी को 15 फीसदी से साढ़े सात फीसदी करने पर भी आभार जताया। विवेक ने लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार के समक्ष इन लोगों की सभी समस्याओं को रखा जाएगा। ताकि इनका समाधान हो सके।

वहीं, मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर मछुआरों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। जिसका लाभ इस वर्ग को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुखबिंद्र सिंह सुक्खू की अगवाई में इस वर्ग को रायल्टी को लेकर बड़ी राहत प्रदान की है। जिससे इस वर्ग को लाभ मिलेगा। मत्स्य सोसायटी के सदस्यों ने विवेक को अवगत करवाया कि यहां पर ठेकेदारी प्रथा को बंद करने को लेकर फेडरेशन का गठन किया जाना चाहिए, जिससे इस वर्ग को लाभ मिलेगा।

# उपतहसील ऑफिस को बहाल कर किया जाए शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** शाहतलाई में पूर्व सरकार की ओर से उपतहसील खोली गई थी, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही उपतहसील को डिनोटिफाई कर दिया गया था। नगर पंचायत तलाई के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित 5 दर्जन से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि शाहतलाई कस्बे में उपतहसील कार्यालय खुलने से क्षेत्र की 11, 12 पंचायतों की जनता को सुविधा मिलती थी, लेकिन उप तहसील कार्यालय डिनोटिफाई करने कारण 20 हजार से ज्यादा जनता को परेशानी बनी हुई है। नगर पंचायत तलाई के पूर्व अध्यक्ष पवन कौशल, मंदिर न्यास शाहतलाई के न्यासियों नरेंद्र शर्मा, शशि पाल शर्मा, देशराज शर्मा आदि ने पत्र में मुख्यमंत्री सुक्खू से शाहतलाई में उपतहसील कार्यालय बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आमजन की सुविधा को देखते हुए तलाई में उपतहसील कार्यालय को बहाल कर विधिवत शुरू किया जाए, ताकि क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के हजारों क्षेत्रवासियों को लाभ मिल सके।

# बिलासपुर कॉलेज में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में नए शैक्षणिक सत्र शुरुआत हवन पूजा के साथ हुई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि नए सत्र की शुरुआत हवन व प्रसाद वितरण के साथ हुई। प्राचार्य ने महाविद्यालय की एडवाइजरी और आपदा प्रबंधन कमेटी की आपात मीटिंग भी की। उन्होंने बरसात के समय में होने वाली समस्याओं की समीक्षा की और आपदा प्रबंधन कमेटी को निर्देश दिए कि वो हर प्रकार की आपदा के लिए पूरी तरह तैयार रहें इसके साथ ही सभी कमेटी के साथ हॉस्टल वार्डन (ब्वॉयज और गर्ल्स) को भी निर्देश दिए गए कि जहां भी महाविद्यालय में मलबा गिरने या किसी भी प्रकार की समस्या आए उसका तत्काल समाधान किया जाये और महाविद्यालय के साथ लगती सड़क पर पत्थर आदि हटा दिए जाए, ताकि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर महाविद्यालय के पीटीए के प्रधान नईम मोहम्मद सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग और विद्यार्थियों के संगठन उपस्थित रहे।

# एनएचएआई अधिकारियों से मारपीट निंदनीय : महेंद्र



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने शिमला के भट्टाकुफर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दो अधिकारियों के साथ हुई मारपीट की घटना को लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। उन्होंने निंदा करते हुए इसे प्रदेश की गिरती कानून व्यवस्था और सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का स्पष्ट संकेत बताया। धर्माणी ने कहा कि एक कैबिनेट मंत्री ने प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में एनएचएआई अधिकारियों को कमरे में बंद कर पीटा, जो कि पूरी तरह अमानवीय और गैरकानूनी कृत्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब मंत्री स्वयं कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं और अधिकारियों में भय का वातावरण बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम और पुलिस अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। न तो किसी ने मारपीट को रोकने का प्रयास किया, न ही घायल अधिकारियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई गई। यह दर्शाता है कि प्रशासनिक अमला भी अब मंत्रियों के डर और दबाव में काम कर रहा है।

# बेहड़ा-भदसीं सड़क पर फंस रही गाड़ियां, लोग परेशान



स्थानीय लोगों ने उठाई समस्या का जल्द से जल्द हल करने की मांग।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

**उपतहसील** भराड़ी के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग उपमंडल भराड़ी के बेहड़ा समसाए भदसीं सड़क पर बारिश की वजह से कच्ची सड़क होने से गाड़ियां फंस रही हैं। लोगों को बरसात के दिनों में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क तीन सड़कों को आपस में जोड़ती है, लेकिन लोगों को बरसात के दिनों में सड़क का लाभ नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों में प्रीतम सिंह , राजेश कुमार, आमिर खान, अरुण कुमार, संजीव कुमार, अनिल कुमार आदि ने सरकार व विभाग से मांग की है कि इस सड़क की समस्या को देखते हुए संज्ञान लिया जाए, ताकि लोगों की समस्या का हल हो सके।

उधर, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रतन सिंह ने कहा कि जमीन मालिक काम करने नहीं दे रहा है। इसकी वजह से बीच में से सड़क छोड़कर आगे पक्की कर दी गई है। जमीन मालिक इसकी आज्ञा दें, तो जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# अब 5 को दिल्ली रवाना होंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा: स्वदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के बिलासपुर दौरे की अवधि एक दिन बढ़ गई है। बुधवार 2 जुलाई को बिलासपुर पहुंच रहे नड्डा का पहले 4 जुलाई को दिल्ली वापस लौटने का कार्यक्रम था, लेकिन नए शेड्यूल के अनुसार अब वह 5 जुलाई को दिल्ली रवाना होंगे। बिलासपुर दौरे के दौरान वह बरसात के इस मौसम में हिमाचल में नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा भी करेंगे। इसके मद्देनजर 5 जुलाई को वह डीसी ऑफिस के बचत भवन में प्रस्तावित बैठक में भाग लेंगे। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा 2 जुलाई को बिलासपुर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह सर्किट हाउस में हिमाचल भाजपा के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए डॉ. राजीव बिंदल समेत पार्टी के कई अन्य नेता व कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। पहले दिन जेपी नड्डा शाम तक बिलासपुर में ही रहेंगे।

# शराब ठेके की पंचायत एनओसी को लेकर झूठ बोल रहे मंत्री धर्माणी : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**




पत्रकारवार्ता करते पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग

**घुमारवीं** में शराब के नए ठेके खोलने पर मंत्री राजेश धर्माणी ने जो बयान दिया है, वह हास्यस्पद है। यह बात पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राजेश धर्माणी द्वारा यह कहना कि ठेकों को खोलने के लिए पंचायत की एनओसी की शर्त को भाजपा कार्यकाल में बंद किया है, जो सरासर झूठ है। यह बात धर्माणी ने सिर्फ अपना पल्ला झाड़ने के लिए कही है, जो कि तथ्यों से बिलकुल परे है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने स्वयं नई आबकारी नीति में संबंधित पंचायत की एनओसी की शर्त को हटाया था फिर इसमें भाजपा सरकार दोषी कैसे हो सकती है। गर्ग ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो सरकार के बनते ही पूर्व भाजपा सरकार के द्वारा अपग्रेड व खोले गए स्कूलों को डिनोटिफाइड कर दिया गया था। ऐसे में शराब ठेकों को बंद करने पर कांग्रेस सरकार क्यों हिचकिचा रही है। जब शराब के ठेके खोले गए थे, तो सोई गांव के लोग मंत्री धर्माणी से मिले, उस समय मंत्री ने लोगों को 2 दिन में ठेका बंद करवा देने का आश्वासन दिया था। यह भी कहा था कि अगर ठेका बंद नहीं हुआ तो स्वयं लोगों के साथ धरने पर बैठेंगे। इससे लगता है कि प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग का आपस मे तालमेल नहीं है। गर्ग ने कहा कि अगर जल्द से जल्द शराब के ठेके बंद नहीं किए गए तो घुमारवीं भाजपा लोगों के साथ आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी। इस मौके पर प्रवक्ता महेंद्र पाल रतवान भी मौजूद रहे।

# एम्स में मरीजों व तीमारदारों के लिए लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी क्लब बिलासपुर ने अन्नपूर्णा दिवस पर मंगलवार को एम्स बिलासपुर में मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए राजमाह-चावल, कढ़ी-चावल व खीर का लंगर दिया। इस लंगर में करीब 1500 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। रोटरी क्लब के प्रधान सुनित गुप्ता ने बताया कि आज के दिन से ही रोटरी क्लब का नया वित्तीय वर्ष भी आरंभ होता है व अब से संजीव वात्स्यायन रोटरी क्लब बिलासपुर के प्रधान व नरेंद्र खन्ना क्लब सेक्रेटरी व चेतन ठाकुर क्लब के कोषाध्यक्ष के रूप में क्लब का दायित्व संभाल लेंगे। शीघ्र ही नए प्रधान की इंस्टालेशन सेरेमनी भव्य रूप से आयोजित की जाएगी।

# वर्षों से लंबित ब्रेही-पालेई सड़क को मिली वन विभाग की स्वीकृति

## ब्रेही पंचायत के सादून वार्ड के लोगों को टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ग्राम** पंचायत ब्रेही के अंतर्गत आने वाले सादून वार्ड के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। वर्षों से लंबित ब्रेही-पालेई सड़क मार्ग को आखिरकार हिमाचल प्रदेश वन विभाग से स्वीकृति मिल गई है। केवल दो किलोमीटर लंबा यह मार्ग, स्थानीय लोगों के लिए जीवनरेखा से कम नहीं है, जिसकी प्रतीक्षा ग्रामीण दशकों से कर रहे थे।

इस संदर्भ में समस्त ग्रामवासियों ने ललित ठाकुर निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, उपाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस (हि.प्र.) व अध्यक्ष, कृषि उत्पाद विपणन समिति चंबा से विशेष अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करवाने के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करें।


राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर से लगाई कार्य जल्द शुरू करने की उम्मीद।

ग्रामवासियों का कहना है कि यह सड़क न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी, बल्कि विकास की नई संभावनाएं भी खोलेगी। उनका मानना है कि ललित ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से यह परियोजना अब धरातल पर उतर सकेगी। ग्रामीणों ने ठाकुर से टेंडर प्रक्रिया को अनुशंसा करने की अपील की है ताकि यह बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके और क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो।

ग्रामवासियों ने एक स्वर में कहा कि यह सड़क हमारे लिए सिर्फ एक मार्ग नहीं, बल्कि विकास का द्वार है। अब सबकी निगाहें ललित ठाकुर पर टिकी हैं, जिनके सहयोग से यह सपना जल्द ही साकार हो सकता है।

# चंबा-भरमौर एनएच पर दुनाली के पास टिप्पर खराब होने से लगा जाम



चंबा-भरमौर एनएच पर दुनाली के पास टिप्पर खराब होने से लगा जाम।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मंगलवार सुबह चंबा-भरमौर एनएच पर उस समय अफरातफरी मच गई जब दुनाली के समीप एक टिप्पर (डंपर) अचानक बीच सड़क पर खराब हो गया। यह घटना सुबह 9 बजे के करीब हुई, जिससे मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो गई। करीब साढ़े चार घंटे बाद, यानी दोपहर 1:30 से 2:00 बजे के बीच, टिप्पर को मार्ग से हटाकर यातायात बहाल किया गया। इस दौरान भरमौर, होली और चंबा की ओर जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस संवेदनशील मार्ग पर भारी वाहनों की नियमित निगरानी की जाए और समय पर वैकल्पिक मार्गों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि इस तरह की परेशानी से बचा जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसे हालात से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टैम्पो ट्रैवलर संचालन के लिए 14 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग ने चंबा जिले में चयनित 41 स्टेज कैरिज वाहनों (टैम्पो ट्रैवलर) के संचालन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह आवेदन 9 से 30 जून तक आमंत्रित किए गए थे, लेकिन अब विभाग ने इसे बढ़ाकर 14 जुलाई तक कर दिया है। इस निर्णय से उन इच्छुक आवेदकों को और अधिक समय मिलेगा जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाए थे। चयनित मार्गों की सूची, आवेदन की प्रक्रिया तथा नियम व शर्तों का विस्तृत विवरण परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चम्बा, श्री राम प्रकाश द्वारा दी गई है। विभाग की ओर से सभी योग्य इच्छुकों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है।

### स्वास्थ्य में उन्नत कार्य करने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा ने डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. विपिन ठाकुर ने की। इस अवसर पर उन्होंने केक काट कर सभी चिकित्सकों को चिकित्सा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य में उन्नत कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर साल 1 जुलाई को मनाया जाता है। यह डॉ. बिधान चंद्र रॉय की विरासत को चिकित्सा समुदाय की ओर से एक श्रद्धांजलि है। डॉ. बिधान चंद्र रॉय एक महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे। 1991 में इसकी शुरुआत की गई थी। 1 जुलाई 1882 को उन का जन्म हुआ था और 1 जुलाई, 1962 को उनका देहांत हुआ था। एक जुलाई को उनकी जयंती व पुण्यतिथि होने के कारण यह दिवस चिकित्सक को समर्पित कर डॉक्टर-डे के रूप में मनाया जाने लगा, जो चिकित्सा और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन के एक पूरे चक्र को दर्शाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डॉक्टर देश के सैनिक हैं।

### एसआईएस इंडिया लिमिटिड के साक्षात्कार में 6 चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा युवाओं को निजी सुरक्षा क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने के लिए एसआईएस इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एकदिवसीय कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया में 20 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 6 युवाओं का चयन सफलतापूर्वक किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड में सुरक्षा गार्ड और अन्य संबंधित पदों के लिए प्रतिमाह 15,000 से 17,000 तक वेतन प्रदान किया जाएगा। चयन के पश्चात एक माह की अनिवार्य ट्रेनिंग दी जाएगी, जो 5 जुलाई के बाद शुरू की जाएगी। इस प्रशिक्षण की फीस 10,880 निर्धारित की गई है, जिसमें यूनिफॉर्म, पीटी ड्रेस (शारीरिक प्रशिक्षण पोशाक) और भोजन की सुविधा शामिल है। यह प्रशिक्षण एक महीने तक चलेगा, जिसके उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति एसआईएस इंडिया लिमिटेड के विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने इस पहल को युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बताया और अन्य युवाओं से भी ऐसे रोजगार मेलों और कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने की अपील की, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बना सकें।

# मेडिकल कॉलेज छात्रों की गतिविधियों पर उठे सवाल


स्थानीय लोग उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में मेडिकल कॉलेज के छात्रों और स्थानीय नागरिकों के बीच हालिया विवाद ने अब प्रशासनिक स्तर पर गंभीर रूप ले लिया है। मंगलवार को चंबा के नागरिकों ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की, साथ ही सख्त कदम उठाने की अपील की।

ज्ञापन में नागरिकों ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्रों और स्थानीय निवासियों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में हाथापाई तक पहुंच गया। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया कि इस पूरी घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर लगे ष्टष्टञ्ज कैमरों की फुटेज तत्काल खंगाली जाए। नागरिकों का कहना है कि कैमरा फुटेज से यह स्पष्ट हो जाएगा कि घटना किसने शुरू की और क्या वास्तविक परिस्थितियां थीं।

इसके अलावा, ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सपड़ी मोहल्ला और आसपास के क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्र देर रात तक शराब के नशे में हुड़दंग मचाते हैं, जिससे आम नागरिकों का जीना दूभर हो गया है।

# खाई में गिरी कार, युवक की मौत, एक घायल

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत खेरी सड़क पर एक कार खाई में गिर जाने से एक युवक की जान चली गई जबकि दूसरा घायल अवस्था में 40 घंटे बाद जंगल में मिला। सूचना के अनुसार पता चला है की दोनों युवक रविवार को भगढार से बनीखेत की ओर आ रहे थे। कि अचानक बडेरू नामक स्थान पर कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। परिजनों ने रविवार को दोनों युवकों का इंतजार किया लेकिन फिर यही सोचा कि कही किसी रिश्तेदार के पास रुक गए होंगे। लेकिन जब सोमवार को भी दोनों युवकों का पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी में की थी। दोनों युवकों के मोबाइल नेटवर्क में नहीं थे जिससे कि परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों के साथ पुलिस भी इन युवकों की तलाश में युवकों को खोजती रही फिर परिजनों ने सड़क के किनारो को देखते हुए कुछ पेड़ों पर निशान देखते हुए गहरी खाई में देखा तो कार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। सुमित को घायल अवस्था में 108 एंबुलेंस के द्वारा डलहौजी अस्पताल में ले जाया गया और उसके बाद उसे टांडा अस्पताल रेफर कर दिया। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने दी है और कहा है कि पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# एसपी अभिषेक यादव से मांगी मिंजर मेले के दौरान बास्केटबॉल टूर्नामेंट की अनुमति


पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव को मिंजर के दौरान बास्केटबाल टूर्नामेंट आयोजित करने को लेकर मांगपत्र सौंपा।

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला चंबा के जागरूक नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव को एक आधिकारिक पत्र लिखकर आगामी मिंजर मेले के अवसर पर एक बास्केटबाल टूर्नामेंट आयोजित करने की अनुमति मांगी है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है।

पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को फिटनेस, टीम भावना और अनुशासित जीवनशैली की ओर प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नशा-मुक्त समाज के प्रति जागरूकता भी फैलाई जाएगी। आयोजकों ने यह टूर्नामेंट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चंबा में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है, जो आयोजन के लिए एक उपयुक्त और केंद्रीय स्थान है। बास्केटबॉल एक तेज़ गति वाला टीम खेल है, जिसमें रणनीति, तालमेल और शारीरिक क्षमता का अद्भुत समावेश होता है। यह खेल युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से फिट बनाता है, बल्कि उन्हें एकजुट होकर लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। आयोजकों ने यह भी आश्वासन दिया है कि टूर्नामेंट के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे खेल सामग्री, अनुशासन और स्वच्छता पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से निभाई जाएंगी। साथ ही उन्होंने यह आग्रह किया है कि इस टूर्नामेंट को मिंजर मेले के आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल किया जाए।

## रामपुर नगर परिषद की मासिक बैठक संपन्न

# लंबे समय से काम शुरू न करने वाले ठेकेदारों को भेजा जाएगा नोटिस


नगर परिषद रामपुर की मासिक बैठक की अध्यक्षता करती परिषद की अध्यक्ष मुस्कान नेगी।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर की मासिक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता परिषद की अध्यक्ष मुस्कान नेगी की। इस मौके पर पूर्व की बैठक में पारित किए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया कि नगर परिषद के सभी 9 वार्डों में विकास कार्यों के लिए आठ-आठ लाख रुपए के टेंडर लगवाए जा रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिस ठेकेदार ने काम लेने के बाद भी यदि लंबे समय से काम शुरू नहीं किया तो उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

इस बात की जानकारी देते हुए कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी ने बताया कि बैठक में पूर्व की बैठक में पारित किए प्रस्तावों पर चर्चा हुई।उन्होंने जानकारी दी कि परिषद की पिछली बैठक में विकास कार्यों के लिए 72 लाख स्वीकृत किए गए थे। जिस में से 30 लाख के टेंडर हो गए हैं।

इस बैठक में आगामी कामों की सूची तैयार की गई। नेगी ने बताया कि बरसात को देखते हुए शहर की नालियों की सफाई कर दी गई है। राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण को भी नालियों को साफ करने के लिए बोला गया है। एनएच ने नगर परिषद से टिप्पर की मांग कि थी, जोकि उन्हें दिया गया है।

बैठक में उप प्रधान विशेषर लाल, पार्षद प्रीति कश्यप, स्वाति बंसल, रोहिताश्व सिंह मेहता, कांता देवी, गोविंद राम, अश्वनी नेगी, मनोनीत पार्षद राकेश गुप्ता, जयश्री गोयल, सुशील ठाकुर व गिरीश गौतम, जेई राजेश शर्मा सहित कई मौजूद रहे।

# मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर प्रशासन के पास नहीं वीआईपी को ठहराने का कोई उचित प्रबंध

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर प्रशासन के पास सरकारी अधिकारियों व वीआईपी के लिए ठहराने का भी भरमौर प्रशासन के पास उचित प्रबंध नहीं है। यहां पर सरकारी रेस्ट हाउस का अभाव होने के चलते वीआईपी लोगों के लिए विशेष प्रावधान नहीं है।

जानकारी के मुताबिक यहां पर मात्र 15 से 20 सरकारी कमरों के सहारे ही मणिमहेश यात्रा के दौरान अतिथियों को ठहराने का प्रबंध किया जाता है। यहां पर लोक निर्माण विभाग के दो रेस्ट हाउस के जरिए ही अतिथियों को ठहरने का प्रबंध है जो काफी नहीं है। हालांकि हर वर्ष मणिमहेश यात्रा के

**मात्र 15 से 20 सरकारी कमरों का है प्रबंध**

दौरान लाखों श्रद्धालु भरमौर से होकर मणिमहेश पहुंचते हैं। इस दौरान देश के कोने-कोने से वीआईपी अतिथि यहां पर पहुंचते हैं। जिनको ठहराने के लिए कई बार प्रशासन के हाथ पांव फूल जाते हैं। हालांकि इस बार इस तिथि को देखते हुए भरमौर प्रशासन ने प्राइवेट कमरों को हायर करने की भी सोची है।

गौरतलब है हर वर्ष मणिमहेश यात्रा पर देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पर पहुंचते हैं। जिनमें से कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ कई राज्यों के सरकार के मंत्री भी यहां यात्रा पर आते हैं। जिन्हें ठहराने के लिए भरमौर प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जानकारी के अनुसार यहां पर दो रेस्ट हाउस हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग जिसमें लगभग दो दर्जन कमरे हैं साथ ही एक गेस्ट हाउस वन विभाग द्वारा संचालित किया जाता है जहां मात्र दो ही कमरे हैं। लिहाजा इसके सहारे ही भरमौर प्रशासन को विशेष अतिथियों को ठहरने का प्रबंध किया जा रहा है। जबकि यहां पर इस यात्रा की सफल आयोजन के लिए सरकार द्वारा कई प्रशासनिक व उच्च अधिकारियों को भी नियुक्त किया जाता है।

# सर्किट हाउस बना कला का नया केंद्र

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले से पहले सज रही चंबा की पहचान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पहाड़ों** की रानी कहे जाने वाले चंबा की संस्कृति अब सिर्फ पुस्तकों और स्मृतियों तक सीमित नहीं रही अब ये दीवारों पर बोल रही है, रंगों में उतर रही है, और हर आने-जाने वाले को अपनी ऐतिहासिक समृद्धि का परिचय दे रही है। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले 2024, जो 27 जुलाई से आरंभ हो रहा है, से पहले चंबा के सर्किट हाउस की दीवारें एक नई कहानी कह रही हैं कला, संस्कृति और चंबा की आत्मा की कहानी।

जिला प्रशासन की पहल पर, चंबा के स्थानीय कलाकारों लेखराज चौहान, कैफ खान, लोकेन्द्र, गजेन्द्र और रेजू ने अपनी कल्पना और कौशल से सर्किट हाउस को जीवंत रंगों से सजाया जा रहा है। दीवारों पर उकेरी गईं चंबा की मिनिएचर पेंटिंग्स, प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल, और स्थानीय जीवनशैली के दृश्य अब आगंतुकों का ध्यान खींचने लगे हैं। यह केवल सजावट नहीं, बल्कि एक सजीव प्रदर्शनी है जिसमें चंबा की लोक कला, इतिहास, और सांस्कृतिक विरासत हर रंग में समाई हुई है।


मिंजर मेले से पहले चंबा के सर्किट हाउस में दीवारों पर चित्रकारी करते कलाकार।

सर्किट हाउस वह जगह है जहां राजनेता, अधिकारी और विशेष अतिथि सबसे पहले कदम रखते हैं। ऐसे में यह कला-प्रदर्शन चंबा की पहली छाप को अभिव्यक्ति की भव्यता में बदल रहा है। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को मंच देना, उनकी कला को पहचान दिलाना और मेले के आगमन पर चंबा की जीवंत संस्कृति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है। जिला प्रशासन ने कलाकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ा रही है, बल्कि 'पहला दृश्य ही प्रभावशाली हो' की परिकल्पना को साकार कर रही है।

# स्कूलों में नशा रोकथाम अभियान में संघ निभाएगा सहभागिता: अजय नेगी

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** सहायक पुलिस महानिदेशक सीआईडी हिमाचल प्रदेश एंटीनारकोटिक्स टास्क फोर्स के तत्वाधान शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से नो-एडीएन-बी-जीए 17-1-2027 हिमाचल प्रदेश सरकार (शिक्षा सचिव) के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में 26 जून से 26 जुलाई तक सभी स्कूलों में नशा रोकथाम अभियान में हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने इस अभियान को गति देने का निर्णय लिया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नेगी ने जारी प्रेस ब्यान के माध्यम से बताया कि स्कूल प्रधानाचार्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा की अपील पर सभी प्रधानाचार्य व प्रवक्ता इस अभियान को हर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सभी प्रवक्ताओं के सहयोग से गति देने को प्रयासरत रहेंगे।

अजय नेगी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 18 हजार प्रवक्ता है जो इस अभियान का हिस्सा बनेंने और विद्यार्थियो के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने को प्रयासरत रहेंगे। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंनें प्रवक्ता संघ के राज्य के समूह के माध्यम से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का लिंक भेज दिया है। उन्होंने सभी प्रवक्ताओं से आग्रह किया है कि वे लिंक के माध्यम से नशा मुक्त होने का सर्टिफिकेट डाउनलोड़ करें, जिससे इस अभियान को गति मिल सकें।

# एसएफआई सम्मेलन के लिए चुने 3 सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोझिकोड (केरल) स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएफआई के अखिल भारतीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी से तीन सदस्यों को अखिल भारतीय कमेटी में चुना गया है। इसमें, हिमाचल के प्रदेशाध्यक्ष कॉमरेड अनिल ठाकुर को अखिल भारतीय सह सचिव के पद पर चुना गया है। उनके साथ राज्य सचिव कॉमरेड सन्नी और कॉमरेड सरिता राणा को भी अखिल भारतीय कमेटी में शामिल किया गया है। कॉमरेड अनिल ठाकुर हिमाचल प्रदेश के छात्र आंदोलन का एक जाना-माना चेहरा है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, जिशान बेदी** सपुत्र श्री कुलदीप बेदी निवासी 15बी इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी के जन्म प्रमाणपत्र में मेरी बेटी का नाम गलती से नीलांशी बेदी दर्ज किया गया है जबकि उसका सही नाम सरगुन बेदी है। कृपया सभी संबंधित इसे नोट करें।

**Municipal Corporation Palampur (H.P.)**

No-2 MCorp/Palmp/2025-3532-3536 Dated-01/07/2025

**Tender Notice**

Sealed Item rate tenders are here by invited on behalf of Municipal Corporation Palampur for the Execution of following works from the approved and eligible contractor/supplier, so as to reach in this office on or before 11.07.2025 up to 3.00 P. M. and will be opened on the same day at 3.30 P.M. in the presence of interesting Contractor/supplier or their authorized representatives. Tender form can be issued from this office against Cash Payment from shown against the work on any working day 09.07.2025 from 11.00 A.M. to 4.00 P.M. No Tender form will be issued to any contractor after 4:00 PM

| S. N. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Earnest Money Rs. | Tender form Cost | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Balance work of C/C Path towards main ITI road in Sughar Ward No.05 MC Palampur. | 332000.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 2. | C/O cc paver road from Main Road to Rajinder House in Ward No.04 Aima MC Palampur | 461100.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 3. | C/O Culvert and providing jala near h/o Trilok Chand in ward no 07 | 160700.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 4. | C/o path and drain from h/o Vipan towards land of Subhash, Raj Kumar and others in ward no. 01 Lohna Municipal Corporation Palampur | 467250.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 5. | S/f G.I pipe from city hear shop towards Bhatia cloth house and Mahajan house in ward no. 02 Municipal Corporation Palampur | 154370.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 6. | C/o material recovery facility and p/l roof over shed 2 at SWM plant at Municipal Corporation Palampur | 365666.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 7. | Repair of road and drain from main road (DIY store) towards Gurudwara road in ward no. 03 Municipal Corporation Palampur. | 258600.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |

The Tender should accompany earnest money shown against each work which should be in the shape of Cash/National saving certificate/saving bank account of any post office In (H.P) duly pledged in favor of Commissioner, Municipal Corporation Palampur (HP). The conditional tenders and the tenders without earnest money shall be subject to summary rejection. The Under-signed reserve the right to reject any/all the tenders without assigning any reason. The offer of the tender will remain valid for 90 days from the opening of tender.

Sd/-
Commissioner
Municipal Corporation Palampur (HP)

## सूडोकू नवताल- 7478

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकू नवताल -7477 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

बुधवार, 2 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत आषाढ़, **तिथि** सप्तमी (09:25) : **नक्षत्र** मघा (07:21), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : सिद्धि (05:20), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:56-12:52)। **राहुकाल** (07:10-08:55)।

**विशेष दिन**

- 2 जुलाई 2025: विवस्वत सप्तमी आज।
- 2 जुलाई 2025: विश्व खेल पत्रकार दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृषः** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**मिथुनः** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्कः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंहः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्याः** स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ बचें।

**तुलाः** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

**वृश्चिकः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनुः** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मकरः** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभः** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

**किताबें** पढ़ने से हमें एकांत में विचार करने की आदत और सच्ची खुशी मिलती है। -डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

## संपादकीय

# भारत-चीन संबंधों में मधुरता

चीन और भारत के संबंध लंबे अर्से बाद एक बार फिर मधुर होने की उम्मीद जगी है। चीन भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने के लिए तैयार है। वहीं, भारत सीमांकन परिसीमन पर जोर दे रहा है। यह अच्छा है कि चीन ने खुद भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने की पहल की है। भारत और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से गहरे संबंध रहे हैं, लेकिन सीमा विवाद दोनों के रिश्तों में लंबे समय से दरार का कारण बना हुआ है। लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों के बीच सीमा रेखा को लेकर विवाद है। चीन ने यह पहल ऐसे समय में की है, जब वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ चीन के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका है। ऐसे में भारत जैसे बड़े बाजार के साथ मजबूत संबंध चीन के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। वहीं, भारत भी जानता है कि पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक हैं। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद कोई नया नहीं है।

इसका इतिहास ब्रिटिश शासन के समय तक जाता है। 1962 में दोनों देशों के बीच एक भीषण युद्ध हुआ था, जिसमें चीन ने लद्दाख के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से समय-समय पर दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव होता रहा है। 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट ला दी थी। उस झड़प में दोनों ओर के सैनिकों की मौत हुई थी। चीन का इतिहास बताता है कि वह अक्सर बातचीत के दौरान नरमी दिखाता है, लेकिन मौके पर अतिक्रमण करने से भी नहीं चूकता। चीन दक्षिण चीन सागर में, ताइवान के मुद्दे पर और लद्दाख में बार-बार अपनी मंशा स्पष्ट कर चुका है। इसलिए भारत को चीन की ओर से सीमा विवाद सुलझाने की पेशकश को लेकर उत्साहित होने के बजाय बेहद सतर्क रहना चाहिए। भारत की स्पष्ट नीति है कि सीमा विवाद का समाधान स्थायी और लिखित रूप में होना चाहिए। सीमांकन और परिसीमन ही विवाद का स्थायी हल है। मौखिक वादे और आश्वासन भारत के हित में नहीं हैं। भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि वह अपनी पोजीशन और भू-भाग को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

वर्तमान में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौनों से लेकर औद्योगिक मशीनरी तक भारत में चीन का सामान बड़ी मात्रा में बिकता है। चीन को भारत से सालाना अरबों डॉलर का व्यापारिक लाभ होता है। 2022-23 में भारत और चीन के बीच व्यापार लगभग 135 अरब डॉलर के आसपास रहा, जिसमें चीन का भारी व्यापारिक सरप्लस था। यदि सीमा विवाद सुलझ जाता है, तो दोनों देशों के बीच व्यापार और भी बढ़ सकता है। इससे चीन को अपना आर्थिक संकट हल करने में मदद मिलेगी, वहीं भारत को भी कुछ हद तक आर्थिक लाभ होगा, लेकिन यहां सवाल उठता है कि क्या आर्थिक लाभ देश की संप्रभुता से बड़ा हो सकता है? भारत को चीन की किसी भी बात या आश्वासन पर अंधा विश्वास नहीं करना चाहिए। अतीत ने यह सिखाया है कि चीन अपनी बातों से पलटने में देर नहीं लगाता। चाहे वह 1962 हो, 2017 का डोकलाम विवाद हो या 2020 की गलवान झड़प, चीन ने हमेशा भरोसे को तोड़ा है। इसलिए भारत को जो भी समझौता करना हो, वह साफ-साफ दस्तावेज में लिखित रूप में होना चाहिए।


भारत को केवल कूटनीतिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि सैन्य और आर्थिक स्तर पर भी अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी। चीन से निपटने के लिए भारत को अपनी सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना होगा। सड़कें, पुल, हेलिपैड, फॉरवर्ड बेस और संचार व्यवस्था में तेजी लानी होगी। इसके साथ ही भारत को अपने मित्र देशों जैसे अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के साथ रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना होगा। इस समय चीन की अर्थव्यवस्था दबाव में है। रियल एस्टेट संकट, बेरोजगारी में इजाफा, अमेरिका और यूरोप से तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लगातार आ रही बाधाएं चीन को भारत की ओर झुकने पर मजबूर कर रही हैं। चीन जानता है कि भारत का बाजार उसके लिए बहुत अहम है।

भारत को स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि देश की संप्रभुता और अखंडता से कोई समझौता नहीं होगा। व्यापार और कूटनीति अपनी जगह हैं, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे ऊपर है। बातचीत के दौरान भी भारत को अपनी पोजीशन कभी नहीं छोड़नी चाहिए। चीन की रणनीति है धीरे-धीरे जमीन पर कब्जा करना। भारत को इस नीति को समझते हुए हर कदम बेहद सतर्कता से उठाना होगा। चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाना निश्चित रूप से भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। यदि यह विवाद स्थायी रूप से सुलझ जाता है तो दोनों देशों के बीच व्यापार, सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंधों में नई ऊंचाई आ सकती है, लेकिन यह भी सच है कि चीन पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश सर्वोपरि होता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# मराठी व हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री

**आशालता** वाबगांवकर मराठी और हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्रियों में से एक थीं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से बड़े पर्दे पर अमिट छाप थोड़ी थी। दूरदर्शन पर उन्होंने अपने कई सीरियलों से घर-घर पहचान बनाई थी। उन्हें मूल रूप से आशालता के नाम से जाना जाता था।



आशालता वाबगांवकर
जन्म : 2 जुलाई, 1941
मृत्यु : 22 सितंबर, 2020

आशालता वाबगांवकर गोवा की रहने वाली थीं और गोवा हिंदू एसोसिएशन से जुड़ी थीं। उन्होंने सबसे पहले कोंकणी और मराठी नाटकों में अभिनय करना शुरू किया था। आशालता वाबगांवकर का जन्म गोवा में हुआ था। उन्होंने 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। अभिनय के साथ ही उन्होंने मराठी फिल्मों के लिए गाने भी गाए थे। वे एक मराठी गायिका, नाटककार और फिल्म अभिनेत्री के रूप में प्रसिद्ध थीं। आशालता वाबगांवकर की शुरुआती शिक्षा मुंबई के सेंट कोलंबो हाई स्कूल, गिरगांव में हुई थी। 12वीं के बाद कुछ समय तक उन्होंने मंत्रालय में पार्ट टाइम काम भी किया। इसी दौरान उन्होंने आर्ट में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की।



कविता

## राम नाम का ओढ़ दुशाला

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा

*राम नाम का ओढ़ दुशाला, ध्यान लगा कर बैठ।*
*दाता के दरबार तभी तो, बन पाएगी पैठ।*
*जीवन व्यर्थ न जाए तेरा, जप ले हरि का नाम।*
*मौत कहां कब आ जाएगी, कर लें सुथरे काम।*
*लेखा-जोखा जो भी तेरा, लिखता भगवन लेख।*
*छूट न जाए कोरा पन्ना, मुड़-मुड़ के तू देख।*
*राम नाम का ओढ़ दुशाला, प्रीत लगा प्रभु संग।*
*ढल जाए तू उसके रंग में, जैसा उस का रंग।*
*ध्यान सिमरन सब से उत्तम, करिए मन से जाप।*
*अर्पण कर दो तन मन अपना, धुल जाएं सब पाप।*
*राम नाम का ओढ़ दुशाला, करो राम से प्यार।*
*उसका बन के उसका हो जा, होगा भव से पार।*
*मृगतृष्णा बन के है रचता, माया का संसार।*
*भूले से भी मत तू फंसना, धोखे का व्यापार।*
*अपनी पूंजी राम नाम की, जाते बंधन टूट।*
*राम नाम का ओढ़ दुशाला, कोई न सके लूट।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# दहकती धरती बनी विश्व के लिए भयंकर चुनौती



जलवायु परिवर्तन से बढ़ता तापमान एक वैश्विक संकट है, जिसके प्रभाव पर्यावरण, समाज, और अर्थव्यवस्था पर गहरे और दीर्घकालिक हैं। इसके समाधान के लिए सरकारों, उद्योगों, वैज्ञानिकों और व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जलवायु परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है। इसके तटीय एवं हिमालयी क्षेत्र और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था इसे जोखिम में डालते हैं। इस खतरे से निपटने के लिए भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना, इंटरनेशनल सोलर अलायंस और स्मार्ट सिटी जैसी कई पहल शुरू की हैं। पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का वादा किया है।



लेखक : राजेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850-1900 की तुलना में वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। यह बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, और जैव विविधता पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों (जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रस ऑक्साइड) के उत्सर्जन के कारण होता है, जो वातावरण में गर्मी को रोककर पृथ्वी के तापमान को बढ़ाते हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों ने इन गैसों के उत्सर्जन को तेजी से बढ़ाया है। नतीजतन, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और मौसम की चरम घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां कृषि और जल संसाधनों पर निर्भरता अधिक है, यह समस्या और भी गंभीर है।

बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की लहरें (हीटवेव) अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत में, विशेष रूप से उत्तर और मध्य भारत में, गर्मी की लहरों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की उपलब्धता अनिश्चित हो रही है।

उदाहरण के लिए, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियां, जो भारत और दक्षिण एशिया की जीवनरेखा हैं, प्रभावित हो रही हैं। अनियमित मानसून और सूखे ने जल संकट को और गहरा दिया है, जिससे पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की कमी हो रही है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा से फसलों की पैदावार भी प्रभावित हो रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, गेहूं और चावल जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में कमी देखी जा रही है। कीटों और रोगों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। तापमान वृद्धि के कारण चक्रवात, बाढ़, सूखा, और जंगल की आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत में, केरल (2018, 2019) और उत्तराखंड (2021) की बाढ़ इसका उदाहरण हैं। प्राकृतिक आपदाओं से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो रहा है।

अनंत ज्ञान

विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से विकासशील देशों को सालाना अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में उत्पादकता की कमी से आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ रहा है। इस खतरे को कम करने के लिए भारत सरकार सौर, पवन, और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ऊर्जा-कुशल उपकरणों, इमारतों, और परिवहन प्रणालियों को प्राथमिकता दी जा रही है। देश में परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना इस कवायद का हिस्सा है। वहीं भारत ने अपनी राष्ट्रीय वन नीति के तहत 33 प्रतिशत भूमि को वन क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रखा है। कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के साथ उद्योगों में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाकर भी चुनौती से निपटा जा सकता है।

सरकारी प्रयासों के अलावा आम आदमी को भी भविष्य की चुनौती से लड़ने के लिए तैयार होना होगा। भारतीय जनमानस को स्कूलों, समुदायों और मीडिया के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और समाधानों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। पानी और बिजली की बचत, पुनर्चक्रण, और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम इस अभियान का अहम हिस्सा हैं। स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के माध्यम से इस वैश्विक चुनौती से निपटा जा सकता है। लोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों का दान भी चलन में लाना होगा। जिससे लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। भारत जैसे देशों के लिए, जहां संसाधन सीमित हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार महत्वपूर्ण हैं। यदि हम अभी कार्रवाई नहीं करते, तो भविष्य की पीढ़ियों को इसका भारी मूल्य चुकाना पड़ सकता है।

पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकेले उत्तर प्रदेश में 210 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। यही प्रयास देश की अन्य राज्य सरकारे भी कर रही हैं इसके अतिरिक्त, भारतीय वन सर्वेक्षण (आईएसएफआर) 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल उत्तर प्रदेश में 559.19 वर्ग किलोमीटर वन और वृक्ष आच्छादन में वृद्धि हुई है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के वृहद पौधरोपण अभियानों और जनसहभागिता के कारण संभव हुई है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारे भी संजीदा दिख रही है जो एक शुभ संकेत है अब जरूरत है आम जन मानस को इस अभियान से जुड़ने की तभी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रकृति** के साथ छेड़छाड़ की वजह से वह अपने संतुलन की तलाश में बारिश के गाने गा रही है व इधर विकास की छत के नीचे पहाड़ बादल बरसा रहे हैं। मौसम का एक अलर्ट पता नहीं अपने मंसूबे को कितना भयंकर बना देगा। स्कूल प्रांगण को देखकर समय के अनुरूप छात्रों को रोका जा रहा है, तो यह कदम सतर्कता नहीं एक बहुत सुखद कदम है। खासतौर पर इन दिनों में कुछ परीक्षाओं के आयोजन में करियर की दौड़ लगाई जाती है। रविवार को प्रतियोगी व प्रशासनिक परीक्षा के दौर में ये बूंदें बाढ़ की तरह बरपी हैं व इसका गवाह है परीक्षा भवन से दूर रहे नौजवान। प्रकृति से छेड़छाड़ हम सब के लिए चिंता का विषय है। देश की सरकार व राज्यों की सरकारों को इस मामले में गंभीरता से सोचना होगा।

**रोशन लाल, दाड़ी**

## नजरिया

# सौ पुत्रों की प्राप्ति से भी बढ़कर है एक वृक्ष लगाना

भारतीय संस्कृति में पेड़ पौधों का बहुत महत्व है व इन्हें विशिष्ट महता प्रदान की गई है। इन्हें केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं माना जाता है, बल्कि इनकों देवतुल्य मानकर इनको पूजा जाता रहा है।

पुराणों के अनुसार एक सौ पुत्रों की प्राप्ति से भी बढ़कर एक वृक्ष लगाना और उसका पालन पोषण करना माना गया है। पेड़ों को यूं भी जीवन का प्रतीक, पर्यावरण संरक्षण, औषधीय गुणों को प्रदान करने वाला माना गया है। विश्व पर्यावरण दिवस जो प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है का संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1972 को इस दिन विश्व पर्यावरण दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया था व पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को दुनियाभर में मनाया गया। यह दिवस हमारे पर्यावरण के सामने आने वाली भिन्न-भिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता को जगाने के उद्देश्य से सरकारों, गैर सरकारी संगठनों, स्थानीय एनजीओ, समुदायों के लोगों व युवाओं के लिए प्रति वर्ष एक थीम के साथ एक मंच प्रदान करता है। कई दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने-कोने में फैल चुका है, जो पीने के पानी व खाने के साथ हमारे शरीर में समा रहा है। वर्ष 2025 में विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित किया गया है ।



लेखक : कपिल चटर्जी
मंडी (हि.प्र.)

वर्ष 2024 विश्व पर्यावरण दिवस को थीम भूमि पुनर्स्थापना , मरुस्थलीकरण को रोकने और सूखे के प्रति लचीलापन बनाने पर केंद्रित था। इसी वर्ष 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत में एक पेड़ मां के नाम के अभियान की शुरुआत की गई थी, जो मां और प्रकृति के प्रति आदर व श्रद्धा देने की अनूठी पहल है।



जिसका आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी जी ने 5 जून 2024 को नई दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगा कर की थी। मां और प्रकृति के प्रति सच्ची श्रद्धा का यह अभियान इस वर्ष भी 5 जून 2025 से 30 सितंबर 2025 तक देश भर में मनाया जा रहा है। पिछले वर्ष यह अभियान जो एक जन आंदोलन बन कर एक समय अवधि में लगभग 5.5 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए अब इस वर्ष में 10 करोड़ पेड़ों को लगाने के लक्ष्य तक पहुंचा कर इस धरती मां को हरियाली से सजाना है।

इस वर्ष 2025 में भी इस अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' की शुरुआत को भगवान महावीर जयंती पार्क में पौधा लगाकर शुरुआत की गई। हर वर्ष पेड़ लगाने के लिए समय-समय पर कई तरह के अभियानों को विभागों के द्वारा चलाया जाता रहा है, उन्हीं अभियानों में से एक सबसे भावनात्मक जुड़ाव अगर लग रहा तो वह है 'एक पेड़ मां के नाम'। जो यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व के प्रति श्रद्धा व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की भावना को उजागर करता है । 'एक पेड़ मां के नाम' का इस अभियान में किए जा रहे सामूहिक प्रयास से शानदार नतीजे देखने को मिल रहे हैं, जो मां के प्रति स्नेह दिखाने व जताने का सुनहरा अवसर भारत के हर नागरिक को प्रदान किया गया है। इस अभियान में मजबूत प्रयास जो सरकार व समाज दोनों के हो तो यह अभियान अपने लक्ष्य से कहीं आगे निकल जाएगा, जो आने वाले समय में एक मिल का पत्थर साबित होगा।

अनंत ज्ञान

यूं तो भारत में वन महोत्सव वर्ष में एक सप्ताह में मनाया जाता है। जो हर वर्ष जुलाई माह में आयोजित किया जाता है। वन महोत्सव वर्ष 1950 से पूरे देश में हर वर्ष मनाया जाता है जिसकी शुरुआत केंद्रीय कृषि मंत्री के एम मुंशी द्वारा की गई थी। जिसका मुख्य उदेश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना होता है। यहां इस बात का भी विशेष ध्यान रखना होगा, हमारा अभियान पेड़ लगाने तक ही सीमित होकर नहीं रह जाना चाहिए, अपितु इनका संरक्षण करना उससे बड़ी बात है व आज के समय की बड़ी जरूरत है। आइए, आज हम एक पेड़ लगाएं अपनी मां के नाम। पेड़ सालों तक खड़ा रहेगा, लोगों को जीवन देगा और मां की ममता का प्रतीक बनकर धरती को सुंदर व सुरक्षित बनाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में भारत का बेहतर प्रदर्शन

विकास दर को बढ़ावा देना हर देश की प्राथमिकता में सम्मिलित किया जाता है। किसी देश का विकास ही उस देश की मजबूती का आधार माना जाता है या यूं कहे कि देश के विकास के आधार पर देश की स्थिति का सही आंकलन किया जा सकता है। जिस देश की विकास दर में समयानुसार बढ़ोतरी देखी जाती हो उस देश को संभवतः विकसित देशों की श्रेणी में रखा जाए, तो कहना गलत नहीं होगा, लेकिन यह बढ़ोतरी किस आधार पर हो रही है यह भी एक मुख्य पहलू माना जाता है। निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करना ही विकास की सही परिभाषा को निर्दिष्ट करता है। व्यवस्थित ढंग से हर एक लक्ष्य को प्राप्त करना ही सही मायने में सही विकास की नींव को दर्शाता है। यदि किसी देश का निर्धारित लक्ष्य मजबूत एवं बहुपक्षीय होगा तभी उस देश को विकसित श्रेणी में आंका जाएगा।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला

केवल अपना पक्ष देखकर लक्ष्य को प्राप्त करना विकास की श्रेणी में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई देश केवल वर्तमान की स्थिति के आधार पर अपना हित साधने में लगा हुआ है और स्वयं को विकसित देशों में शामिल करना चाहता है तो यह अनुचित होगा। सही विकास के लिए उसे वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के संदर्भ में भी लक्ष्य निर्धारित करके उन्हें समयानुसार प्राप्ति हेतु प्रयास करने होंगे, तभी उसे विकास के पथ पर एक अग्रसर देश कहा जा सकता है।

बहरहाल, हम यहां जिस विकास की बात कर रहे हैं वह विकास मुख्यतः कई पहलुओं पर आधारित है। जी हां, हम बात कर रहे हैं सतत विकास लक्ष्यों की जिसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स भी कहा जाता है। क्या होते हैं सतत विकास लक्ष्य, आइए एक नजर इसकी परिभाषा पर डालते हैं। एक ऐसा विकास जो भावी पीढ़ियों की जरूरतों से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता हो। सतत विकास लक्ष्यों के बारे में आप सबने अवश्य ही सुना अथवा पढ़ा होगा। जिन्हें इस बारे में कुछ कम जानकारी है, उनके लिए इस लेख पर आगे विस्तार से चर्चा की जाएगी।

अब बात आती है कि क्यों हम आज सतत विकास लक्ष्यों के विषय पर प्रकाश डाल रहे हैं। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन्स नेटवर्क यानी एसडीएसएन ने हाल ही में सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट क्यों चर्चा में है, आइए जानते हैं। भारत ने टॉप 100 की सूची में पहली बार 99 रैंक हासिल किया



है। जो एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कुल 193 देशों की रैंकिंग्स को दर्शाया गया है जिसमें भारत को 99वें स्थान मिलना काबिले तारीफ है। 67 स्कोर के साथ भारत को 99 रैंक हासिल होना इसलिए भी बेहतर प्रदर्शन को दर्शा रहा है क्योंकि पिछले साल की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 64 था जिस आधार पर भारत को 109वां रैंक प्राप्त हुआ था। मतलब इस बार रैंक में 10 पायदान का भारी उछाल देखने को मिला है, जो सतत विकास लक्ष्यों के प्राप्ति हेतु भारत के अच्छे प्रदर्शन की झलक को दर्शाता है।

अनंत ज्ञान

हालांकि शीर्ष देशों की बात करें तो 87 अंकों के साथ फिनलैंड पहले स्थान पर, 85.7 अंकों के साथ स्वीडन दूसरे स्थान पर और 85.3 अंकों के डेनमार्क तीसरे स्थान पर रहा है। अचरज की बात यह है कि शीर्ष के 20 स्थानों पर, 19 स्थानों में यूरोपीय देशों का दबदबा रहा है। बात यूनाइटेड स्टेट्स की करें, तो 75.2 अंकों के साथ इस देश ने 44वां स्थान हासिल किया है। यह सभी स्थान किसी देश द्वारा हासिल किए जा रहे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के आधार पर प्रदान किए गए हैं।


अर्थात, कौन सा देश सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कितना प्रयत्नशील है, उक्त रैंकिंग उसी आधार पर जारी की गई है। हालांकि कुछ एक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु स्थिति यथावत रूप से बनी हुई है। हम यहां केवल भारत की ही बात नहीं कर रहे अपितु वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियां ऐसी हैं जिन पर तय समय में सफलता पाना कठिन साबित हो रहा है। इंटरनेट, मोबाइल, बाल मृत्यु दर व बिजली प्राप्ति आदि ऐसे कई लक्ष्य हैं जिनमें वैश्विक स्तर पर देश ने इस बार सफलता हासिल की है। हालांकि मोटापा, प्रेस की स्वतंत्रता, जैव विविधता संकट व भ्रष्टाचार आदि ऐसे कई लक्ष्य हैं जिन लक्ष्यों पर देश खराब प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। नतीजतन यही कुछ लक्ष्य मुख्य चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। इसी संदर्भ में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि उक्त रिपोर्ट में यह खुलासा भी किया गया है कि वर्ष 2030 तक समग्र रूप से महज 17 प्रतिशत तक ही लक्ष्य हासिल किए जा सकेंगे। अब वर्ष 2030 तक ही लक्ष्यों को प्राप्त करना है, यह कब और कैसे निर्धारित किया गया, इस बारे में आपको संक्षिप्त में बताते हैं।

दरअसल, वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 17 ऐसे लक्ष्य समूह निर्धारित किए गए थे जिन लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक सभी देशों को हासिल करना है। इन्हीं लक्ष्य समूहों के अंतर्गत विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति को मुख्य रूप से रेखांकित किया गया है। आइए अब उन लक्ष्य समूहों पर प्रकाश डालते हैं जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित किए गए हैं। हम यहां लक्ष्य समूहों की बात करेंगे। बहरहाल, अगली रिपोर्ट में भारत बेहतर प्रदर्शन करता नजर आए इसी उम्मीद के साथ सभी देशवासियों के लिए एक संदेश देना चाहेंगे कि लक्ष्य प्राप्ति हेतु देश-प्रदेश की सरकारों के साथ-साथ भारत के सभी लोगों को भी अपने-अपने स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है तभी हमारा देश उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डॉ. राजीव बिंदल को मिला अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता का इनाम

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर इतिहास रचा गया है, जब डॉ. राजीव बिंदल को तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति न केवल उनके संगठनात्मक अनुभव और कुशल नेतृत्व क्षमता को मान्यता देती है, बल्कि इस बात का प्रमाण भी है कि आज भी पार्टी के हर कार्यकर्ता और नेता के दिलों में उनके लिए गहरा सम्मान और विश्वास बना हुआ है।



लेखक : श्रेय अवस्थी
राज्य संयोजक, बेरोजगार युवा महासंघ

**निर्विरोध चयन-एकता और सम्मान का प्रतीक :** प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इस बार पार्टी की ओर से केवल एक ही नाम भेजा गया- डॉ. राजीव बिंदल का। यह निर्विरोध चयन अपने आप में एक शक्तिशाली संदेश देता है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं तक, सभी की पहली और सर्वसम्मत पसंद बिंदल जी ही थे। संगठन में एकमत से हुआ यह निर्णय यह दर्शाता है कि डॉ. बिंदल केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक संस्था हैं-जिनके अनुभव, समर्पण और साफ छवि पर हर किसी को भरोसा है।

**जमीनी जुड़ाव और संगठन पर पकड़ :** डॉ. बिंदल का राजनीतिक जीवन जमीनी स्तर से शुरू होकर संगठन के सर्वोच्च पद तक पहुंचा है। उन्होंने हर स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ जुड़कर संगठन को मजबूत किया है। उनका मानना रहा है कि



पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं, और यही वजह है कि वे हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में रहते हैं, उनकी समस्याओं को सुनते हैं और समाधान खोजने का प्रयास करते हैं। उनका नेतृत्व कार्यकर्ता-आधारित और परिणामोन्मुखी रहा है।

अनंत ज्ञान

**हर वर्ग की आवाज-विशेषकर युवा और बेरोजगारों के प्रतिनिधि :** डॉ. बिंदल को प्रदेश का ऐसा नेता माना जाता है जो न केवल सत्ता की बात करता है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों को सबसे पहले उठाता है। उन्होंने हमेशा बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को मजबूती से मंचों पर रखा है, चाहे वह विधानसभा हो या पार्टी फोरम। यही वजह है कि हिमाचल बेरोजगार युवा महासंघ और अन्य युवा संगठनों ने उनके तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुलकर समर्थन और शुभकामनाएं दी हैं। युवाओं को भरोसा है कि बिंदल जी का नेतृत्व उन्हें आवाज देगा, योजनाओं तक पहुंच दिलाएगा और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को प्राथमिकता देगा।

**राजनीतिक परिपक्वता और विपक्ष में जिम्मेदार भूमिका :** डॉ. बिंदल का राजनीतिक दृष्टिकोण केवल सत्ता केंद्रित नहीं रहा है। उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी जिम्मेदार भूमिका निभाई और सरकार को रचनात्मक सुझाव और जनहित की आलोचना के जरिए दिशा देने का कार्य किया। वे किसी भी राजनीतिक परिस्थिति में प्रदेश के हित को सर्वोपरि रखते हैं।

**2027 के लक्ष्य की ओर बढ़ता संगठन :** भारतीय जनता पार्टी अब 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट चुकी है और ऐसे समय में डॉ. बिंदल जैसे अनुभवी, नीतिगत रूप से मजबूत और संगठनात्मक रूप से सशक्त नेता का नेतृत्व मिलना पार्टी के लिए बड़ी बात है। उनका नेतृत्व पार्टी को न केवल जीत दिलाने की दिशा में ले जाएगा, बल्कि कार्यकर्ताओं को भी नई ऊर्जा और उद्देश्य प्रदान करेगा।

**नेतृत्व की नई लहर :** डॉ. राजीव बिंदल का तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनना हिमाचल प्रदेश की राजनीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। यह नियुक्ति एक ऐसे नेता को मिली है जो संगठन, समाज और युवा वर्ग-तीनों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है। हिमाचल बेरोजगार युवा महासंघ की ओर से डॉ. बिंदल को ढेरों शुभकामनाएं इस विश्वास के साथ कि वे प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर जनसरोकारों की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे। प्रदेश अब उनकी ओर देख रहा है- एक बार फिर नेतृत्व की नई लहर के साथ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लौंगनी के स्याठी गांव का नहीं बचा नमोनिशान

## 2014 में भी पड़ा था मलबा, प्रशासन और सरकार दस साल में उपलब्ध नहीं करवा पाई जमीन



**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत लौंगनी के स्याठी गांव की अनुसूचित जाति की बस्ती के डेढ़ दर्जन परिवारों के दस मकान और गोशालाएं बीस खच्चरें तीस बकरियां आठ भेड़ें पांच भैंसें और 50 से अधिक सदस्यों के सभी प्रकार के गहने, कपड़े, फर्नीचर, बाइक इत्यादि आज सुबह हुई प्रलयकारी वर्षा में बह गए और लगभग दो से तीन करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

गनीमत रही कि गांव के एक बुजुर्ग धनदेव को शुरू में बिजली कड़कने की और एक चट्टान के गिरने की आवाज सुनाई दी और उन्होंने सभी को उठाया और साईड के एक मकान में इक्कठा कर दिया और कुछ ही पलों में सारा पहाड़ ही नीचे आ गया और उससे सभी घर और गौशाला दब गए और उनका नामों निशान नहीं बचा। जैसे तैसे लोग वहां से ऊपर स्कूल और मंदिर के पास ही पहुंचे और तब तक पंचायत प्रधान, उपप्रधान और गांव के लोग इकठ्टा हो गए। सुबह चार बजे के आसपास पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह को जानकारी मिलने पर उन्होंने एसडीएम और डीसी को सूचित किया। सूचना मिलते ही एसडीएम जोगिंदर पटियाल, तहसीलदार रमेश कुमार और एसएचओ धर्मपुर से पैदल चलकर मौके पर पहुंचे और प्रभावितों को दस दस हजार फौरी राहत, तिरपाल तथा राशन सामग्री उपलब्ध करवाई गई और सभी प्रभावितों को जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं को माता जालपा मंदिर स्याठी-त्रयामबला में रहने और खाने की व्यवस्था स्थानीय पंचायत और लोगों ने की है।

पूर्व ज़िला पार्षद भुपेंद्र सिंह के कहा कि इस बस्ती में वर्ष 2014 में भी ल्हासा पड़ने से नुकसान हुआ था और ये परिवार तब से लेकर अब तक अपने लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराने की मांग सरकार से करते रहे हैं कियूंकि ये बस्ती नाले के साथ साथ बसी थी और ये स्लाइडिंग क्षेत्र है लेकिन किसी ने इनकी बात नहीं सुनी और अब ये बस्ती पूरी तरह तबाह हो गई।

### धर्मपुर में बारिश ने मचाया कोहराम, दर्जनों मकान व गोशालाएं ध्वस्त



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गत दो दिनों से हो रही भारी बारिश से धर्मपुर उपमंडल के अनेक गांवों में भारी नुक्सान हुआ है। स्याठी गांव में बादल फटने से एक दर्जन घर जमींदोज हो गए हैं और करीब तीन दर्जन खच्चरें, चार दर्जन भेड़ बकरियां, गांव की सभी गौशालाएं भी मलबे के ढेर में दब गई हैं। इससे लाखों का नुकसान हुआ है। प्रभावति लोग अपने परिवारजनों सहित खतरे का अभास होने से पहले सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे। वहीं सकलाना पंचायत के भदाना गांव में भी बादल फटने से कल रात को हुई भारी बारिश के कारण मुहाल भादराना में बहुत बड़ी लैंड स्लाइड हुई है।

### 17 प्रभावितों को दी 10-10 हजार की राहत

**सरी** पंचायत के कपाही गांव में रवि कुमार का तीन मंजिला मकान भी भारी बारिश से ध्वस्त हो गया है और लगभग एक करोड़ रुपयों का नुकसान हुआ है। उपमंडल धर्मपुर और सरकाघाट की सभी खड्डों और नालों में भारी बारिश से जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर तक पहुंच गया है। उपमंडल अधिकारी नागरिक धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा कि प्रशासन मुस्तादी से तैनात है वह घटनास्थल पर खुद पैदल गए हैं। 17 प्रभावित परिवारों को 10-10 हजार रुपए फौरी राहत दी गई है। बिजली, पानी और सड़कें बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है।

# लडभड़ोल में बारिश से कई सड़कें बंद, गोशालाएं व वाहन मलबे में दबे



**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील में जारी मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर अपना रौद्र रूप दिखाया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के कई हिस्सों में भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाओं के कारण सड़कों का संपर्क टूट गया है। भारी बारिश के चलते बैजनाथ-कांडापत्तन मार्ग एक बार फिर चफलू पुल के पास भारी मलबा गिरने से पूरी तरह ठप हो गया है। पुल पर भी मलबा आ गिरा है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

खडिहार पंचायत के बगड़ियाना में राज कुमार और दूनी चंद के घरों को बादल फटने के कारण खतरा उत्पन्न हो गया है। घटनाओं की सूचना मिलते ही प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। सड़क मार्गों को बहाल करने के लिए विभागीय तथा निजी जेसीबी मशीनों की सहायता से मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है और नियमानुसार राहत व पुनर्वास की कार्रवाई की जा रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि क्षेत्र में कई सड़कें बाधित हैं, जिन्हें शीघ्र बहाल करने का प्रयास जारी है।

### तुलाह में भूस्खलन की चपेट में आने से 3 गाड़ियां क्षतिग्रस्त

**तुलाह** पंचायत में भूस्खलन की चपेट में आने से तीन गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कोठी गांव में भी एक बार फिर सड़क पर चट्टानें गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। लडभड़ोल-सांडापत्तन मार्ग पर तैण और भ्रां में पत्थर और मलबा गिरने से यातायात पूरी तरह ठप है। गागल-भगेहड़, चलाहणु-गोलवां और गागल-सिमस खुड्डी सड़कें भी भूस्खलन के कारण बंद हो चुकी हैं। बलोटु गांव में भूस्खलन के कारण मीरा देवी के मकान का डंगा गिर गया है। तुलाह पंचायत के कोठी गांव में लैंडस्लाइड से पंकजू राम, श्याम सिंह, बीर सिंह और खेम चंद की गोशालाएं मलबे में दबकर ढह गई हैं।

# नाचन-सराज में कहर बनकर बरसी बरसात

## 9 लोगों सहित कई मवेशियों के बहने की आशंका, कई आशियाने उजड़े व गाड़ियां बही

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** जून माह का अंत वह जुलाई माह के शुरुआत जिला मंडी के नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्र के लिए कई गहरे जख्म दे गए। 30 जून की रात को शुरू हुई बारिश जो 1 जुलाई सुबह तक होती रही इस 10 घंटे की लगातार बरसात ने जिला मंडी के नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत गहरे जख्म दिए हैं। इन 10 घंटे में सैकड़ों आशियाने उजड़ गए सैकड़ों गौशाला में बह गई कई गाड़ियां व दो पहिया वाहन इस बरसात की भेंट चढ़ गए। सबसे दुख घटना नाचन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्यांज के पंगल्यूर गांव में जहां दो परिवारों के 9 सदस्य पानी में बह गए वहीं पर कई मवेशियों के भी इस बरसात में पानी में बह जाने की आशंका जताई जा रही है।

नाचन विधानसभा क्षेत्र के गोहर बासा स्यांज छपराहन नांडी पंगल्यूर बाडा बाखली आदि पंचायत में भारी नुकसान हुआ है। वहीं सराज विधानसभा क्षेत्र बगस्याड थुनाग मुरहाग खारसी कांढा अणाह बस्सी नलेहर मुसरानी औहण शलोग में भयंकर तबाही हुई है। जगह-जगह ल्हासा गिरे हैं। सड़क मार्ग अवरुद्ध है पानी बिजली बाधित हो चुकी है। पूरी रात सैकड़ों लोगों ने घरों के बाहर बिताई है। लोगों ने जान की परवाह किए बिना एक दूसरे की सहायता के लिए हर संभव कोशिश की है। कोई गिरे हुए मकान में फंसा तो उसे निकालने में अपनी जान की परवाह किए बिना फंसे लोगों को निकालता रहा तो कोई मवेशियों को निकालने के लिए हर संभव कोशिश करता रहा। मगर कुदरत के आगे किसी का जोर नहीं चलता। कुदरत ने जब अपना रौद्र रूप दिखाया तो कई आशियाने बहा के ले गई कई गौशालाएं धराशाई हो गई कई गाड़ियां मलबे के नीचे दब गई कई दुकानों को नुकसान हुआ। इसकी भरपाई करना सरकारों के लिए बहुत मुश्किल कार्य है। सराज विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों बीघा सेब के बगीचे धराशाई हो गए, लोगों की फैसले बर्बाद हो गई। सबसे दुख जो नौ लोगों की इस बरसात के तांडव में मृत्यु हुई है वह सबसे दुख घटना है। लोग चाह कर भी इस काली रात को कभी नहीं भूल सकते। आज से 3 वर्ष पहले भी नाचन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्यांज के ही काशन गांव में ऐसे ही एक दुखद हादसा हुआ था जब एक ही परिवार के साथ लोग भूस्खलन के कारण मकान के नीचे दबकर काल का ग्रास बने थे। आज फिर वही हालात पैदा हो गए हैं आज की रात फिर उन जख्मों को हराकर कर गई।



भारी बारिश के चलते हुई तबाही।



### इन्होंने जताया शोक

**सराज** विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, कांग्रेस प्रत्याशी रहे चेत राम ठाकुर, जगदीश रैडी, नाचन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार, नाचन कांग्रेस प्रत्याशी राय नरेश चौहान व दामोदर दास ब्रह्मदास ने इस दुख घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और लोगों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने का आग्रह किया है। जयराम ठाकुर ने प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया है कि सहायता का हरसंभव प्रयास किया जाएगा ताकि लोग की जिंदगी जो पटरी से उतर गई है को पटरी पर लाया जा सके। मगर जो लोग चले गए हैं उनके प्रति ग्रह संवेदनाएं व्यक्त की हैं उनकी आत्मिक शांति के लिए इन नेताओं ने प्रार्थना की है।

# करसोग के सरकोल में 30 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया

**पीयूष, अनंत ज्ञान**

**करसोग।** करसोग के सरकोल में हुई बादल फटने की घटना में एसडीडीएमए की ओर से चलाए गए राहत एवं बचाव अभियान में 30 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बचाया गया। एसडीडीएमए के अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उपमंडल प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम ने रात्रि के लगभग 12 बजे ही राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया। रेस्क्यू अभियान में प्रशासन ने विभिन्न स्थानों से 30 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। आपदा प्रबंधन टीम ने करसोग के कुट्टी गांव से बादल फटने से आई बाढ़ में फंसे 7 लोगों को, रिकी गांव में भी 7 लोगों को और करसोग ममेल में 16 लोगों को सुरक्षित निकला है। जिनमें 12 विद्यार्थी और 4 महिलाए शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना में एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु भी हुई है जबकि 4 लोग अभी लापता हैं जिन्हें ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि बादल फटने की घटना में प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों का लगभग 20 से 25 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ हैं। राजस्व विभाग की टीमें नुकसान का वास्तविक आंकलन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बादल फटने से रिहायशी, मकानों, गौ शालाओं और लोगों की जमीनों का भारी नुकसान हुआ हैं। घटना में देवराज निवासी बाग सलाना की गौशाला क्षतिग्रस्त हुई है जिसमें एक गाय और एक बछड़ा, हरि सिंह की एक गाय और एक अन्य परिवार की 8 बकरियां और एक गाय बाढ़ के तेज बहाव में बह गई है। जबकि सरकोल गांव के जोगिंद्र पाल, कामेश्वर सिंह व इनकी माता के दो मकान, एक दुकान, एक पोल्ट्री फार्म, श्याम सिंह का खाने का ढाबा दुकान, रति राम निवासी सनारली चेन कूपी की दुकान का सामान और जय सिंह मैकेनिक की दुकान का बादल फटने की घटना में पूरी तरह नामों निशान मिट गया हैं।



# पंडोह में आधी रात को मची भगदड़

## कुकलाह व ज्यूनी खड्ड में बाढ़ से तबाही, चपेट में आए दर्जनों घर

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** बीती रात 30 जून की आधी रात पंडोह और आसपास के क्षेत्रों में एक बार फिर प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लगातार बारिश के चलते कुकलाह खड्ड और ज्यूनी खड्ड में आई भारी बाढ़ ने पंडोह बाजार, कुकलाह, स्याज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया ।रात करीब 12 बजे, अचानक खड्डों में जलस्तर बढ़ने से पानी ने विकराल रूप धारण कर लिया। बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) ने आधी रात को लगभग 1 लाख 80 हजार क्यूसेक पानी पंडोह डैम से छोड़ा, जो 2023 की भीषण बाढ़ के स्तर से थोड़ा कम था, लेकिन प्रभाव लगभग वैसा ही रहा।

पंडोह डैम के सायरन बार-बार बजाए गए, ताकि लोग सचेत हो सकें। हालांकि बीबीएमबी प्रबंधन ने पानी छोड़ने की सूचना बाद में दी तब तक स्थिति भयंकर रूप ले चुकी थी। एसडीआरएफ और पंडोह पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए पंडोह बाजार को स्थानीय लोगों की सहायता से जल्द खाली करवाया। डर के माहौल में लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर निकल गए। सुबह पंडोह डैम से लगभग 70,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था और मंगलवार शाम तक यह फ्लो लगभग 48,000 क्यूसेक रह गया जों की सामान्य था।

इस भयंकर बाढ़ में पटिकरी प्रोजेक्ट पावर हाउस पूरी तरह से बर्बाद हो गया। कुकलाह पुल और बाखली पुल पानी के तेज बहाव में टूट गए। कुक्लाह में कई मकान, वाहन, मोटरसाइकिलें और कारें पानी में बह गईं। कई घर विशेषकर जो नदी किनारे बने हुए थे, टूटकर पानी में समा गए। कुछ लोगों के पानी में बहने की सूचना भी मिली है, लेकिन फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी देते हुए कुक्लाह पंचायत के उपप्रधान रेवती ठाकुर ने बताया कि कुक्लाह पुल और बाखली पुल टूटने के साथ कश्मीरी माता मंदिर की सराय, परस राम, चंद्रशेखर, हिम्मत राम, राम दास और वेद राम का मकान बाढ़ में टूट कर बह गया और कली राम, रमेश शर्मा, तारा चंद और हेत राम के घर को भारी नुकसान पहुंचा है।



पंडोह में भारी बारिश से ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों में दहशत।

# भूस्खलन के कारण सड़कों पर आया मलबा, करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**लडभड़ोल** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भूस्खलन की वजह से कई संपर्क मार्गों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने जानकारी दी कि प्रभावित सड़कों की मरम्मत युद्धस्तर पर की जा रही है। जल्द ही सड़कों को सुचारू रूप से बहाल कर दिया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके।

उधर, जोगिंद्रनगर क्षेत्र में बारिश के चलते भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग को 22.15 लाख रुपए तथा जलशक्ति विभाग को 127 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है। वहीं लडभड़ोल क्षेत्र में जलशक्ति विभाग को 30 से 40 लाख रुपए और लोक निर्माण विभाग को 14.5 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि समय रहते पुख्ता कदम उठाए जाएं, ताकि जान-माल की संभावित हानि को रोका जा सके। प्रशासन से यह भी मांग की गई है कि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत और पुनर्वास कार्य सुनिश्चित किए जाएं।



# विधायक चंद्रशेखर ठाकुर ने किया बारिश व भूस्खलन से प्रभावित हुए क्षेत्रों का दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** के विधायक चंद्रशेखर ठाकुर ने मंगलवार को धर्मपुर के स्याठी में बारिश और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान वह पीड़ित लोगों से मिले, उनसे बातचीत की तथा प्रशासन द्वारा कार्यान्वित राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने लौंगणी पंचायत के स्याठी, ततोहली बरडाणा, बनाल, हवाणी रियूर, सिद्धपुर और शिवद्वाला आदि क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों के घर जाकर बातचीत की और उनका दुख दर्द बांटा।

विधायक ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में हिमाचल सरकार हर कदम पर उनके साथ है। मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन तत्परता से राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटा है। उन्होंने कहा कि राहत मैनुअल के अनुसार फौरी राहत राशि प्रदान कर के पीड़ित परिवारों की मदद की जा रही है। इस से पूर्व विधायक जिला कांगड़ा के धर्मशाला के तपोवन में सीपीए भारत क्षेत्र के जोन-II वार्षिक सम्मेलन में भाग ले रहे थे। जैसे ही उन्हें इस घटना के बारे में ज्ञात हुआ विधायक लोगों के दुख दर्द बाटने वापिस धर्मपुर की ओर चल पड़े। इस दौरान कई जगह सड़क खराब थी और विधायक तुलाह में फंस गए। परन्तु विधायक ने तुलाह के खद्दर से कोठी तक का सफर जेसीबी से पूरा किया और दोपहर को धर्मपुर पहुंच गए। चंद्रशेखर ने कहा कि इस आपदा से प्रदेश को बहुत नुकसान हुआ है। लोगों की गाढ़ी कमाई पानी में बह गई या मलबे में दब गई। उन्होंने कहा कि वह उनकी पीड़ा को समझते हैं और इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ हैं। इस दौरान एसडीएम धर्मपुर जोगिन्द्र पटियाल, तहसीलदार धर्मपुर रमेश कुमार, नायब तहसीलदार, डीएसपी उपस्थित रहे।



बारिश व भूस्खलन के प्रभावितों से मिलते हुए विधायक चंद्रशेखर ठाकुर।

# शिक्षक समाज के लिए आदर्श का आइना : हीरा सिंह कौशल

**अनंत ज्ञान, महादेव**

**पीएमश्री** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड मंडी में कार्यरत संस्कृत प्रवक्ता हीरा सिंह कौशल सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने इन्हें टोपी, शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रचना गुप्ता प्रवक्ता भौतिक शास्त्र ने हीरा सिंह कौशल की शिक्षा विभाग के विभिन्न अध्यापक के पदों पर दी गई सेवाओं का वर्णन किया।

प्रधानाचार्य ने संस्कृत प्रवक्ता की कर्तव्यनिष्ठा व सहयोगी स्वभाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की। हीरा सिंह कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा शिक्षक के सुझाए गए मार्ग में ही चलना चाहिए। उसी से ही उसकी प्रगति संभव है तथा शिक्षक समाज के लिए एक आईने की तरह काम करता है, क्योंकि समाज शिक्षक की हर गतिविधि को देखता रहता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मंच संचालन भाषा अध्यापक हेमराज ठाकुर ने किया।



संस्कृत प्रवक्ता हीरा सिंह कौशल के सेवानिवृत्त होने के दौरान।

### धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपए प्रति क्विंटल किया निर्धारित

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ की विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चालू वित्त 2025-26 के लिए धान (ए ग्रेड) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने जिला के किसानों से आग्रह किया कि वह अपने समीप के बिक्री केंद्र में धान बेचकर लाभ उठाएं। उन्होंने कृषि विभाग के उप निदेशक तथा ग्रामीण विकास विभाग के जिला विकास अधिकारी को भी निर्देश दिए कि जिला के किसानों को अपनी खरीफ की फसल सरकारी बिक्री केंद्र में बेचने के लिए प्रोत्साहित व जागरूक करें, ताकि किसानों को खरीफ की फसलों के बेहतर दाम प्राप्त हो सके।

# 27 दिन बाद जंगल से मिला चौंतड़ा स्कूल में तैनात चपरासी का कंकाल, गांववासियों ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल के चौंतड़ा स्कूल में कार्यरत चपरासी लाल सिंह का शव 27 दिन बाद ऊपरी धार पंचायत के कफलोन जंगल से बरामद हुआ है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। परिजनों ने 3 जून को लाल सिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाई थी। गांववासियों का कहना है कि गुमशुदगी के बाद उन्होंने जंगल के चप्पे-चप्पे को खंगाला था, लेकिन तब वहां कुछ नहीं मिला था। अब अचानक 27 दिन बाद उसी क्षेत्र से कंकाल का बरामद होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

कंकाल के पास से लाल सिंह की जैकेट, जूते और टोपी बरामद हुई है, जिससे उसकी पहचान की गई। पंचायत प्रधान सूरज ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

### कोटला में ब्यास किनारे मिली अज्ञात महिला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के कोटला क्षेत्र में व्यास नदी के किनारे एक अज्ञात महिला पाई गई है, जिसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। महिला की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच आंकी गई है। उसकी लंबाई लगभग 5.2 फीट है, चेहरा गोल और रंग गोरा बताया गया है। पुलिस के अनुसार महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह अपना नाम या पता बताने में असमर्थ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने महिला को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और अब आम जनता से उसकी पहचान के लिए सहयोग मांगा गया है। यदि कोई व्यक्ति इस महिला को पहचानता हो, तो वह तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें थाना जोगिंद्रनगर-01908-222065, एसएचओ जोगिंद्रनगर-93172-21010, पुलिस चौकी बसी- 93172-21029थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी साझा करते हुए लोगों से यह भी अपील की है कि बरसात का मौसम जारी है, ऐसे में बिना आवश्यक कारण के घरों से बाहर न निकलें और विशेष रूप से नदी-नालों के पास जाने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही जान जोखिम में डाल सकती है। पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि महिला की पहचान सुनिश्चित करने के लिए इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करें।

### जियो बीपी के पेट्रोल पंप को नुकसान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भयंकर बारिश के चलते बल्ह घाटी के गांव गुटकर स्थित जियो बीपी के पैट्रोल पंप को भारी नुकसान पहुंचा है। पेट्रोल पंप की मालिक सोनिया सकलानी ने बताया कि भारी बारिश के चलते पंप के पीछे की ओर से खेतों व पहाड़ी से भारी मलबा व पानी लगातार आने से पंप का डंगा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें जगह जगह दरारें आ गई तथा पूरे परिसर में मलबा व गंदा पानी भर गया। जरूरी सामान भी इससे खराब हो गया तथा पंप में भी गंदे पानी के रिसाव हो जाने की आशंका बन गई। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का आकलन करने का आग्रह किया है।



### रामशरण की गोशाला में बैल की मौत

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** सिराज विधानसभा की ग्राम पंचायत तांदी विकास खंड गोहर में 1 जुलाई की मध्यरात्रि को हुई भारी बरसात मे देवीशरण पुत्र लोभी राम की गोशाला में पानी भर गया, जिससे बंधे 2 गाय 1 बैल पर गिरी गई, जिससे बैल की मौत हो गई और दो गाएं घायल हो गई है। रामशरण ने जिला प्रशासन से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### टुल्लू पंप से लगा करंट, महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** थाना गगरेट के अंतर्गत नगर पंचायत गगरेट के वार्ड नंबर 3 में आज सुबह करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान संतोष कुमारी (उम्र लगभग 45 वर्ष) पत्नी बिंद कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतोष कुमारी आज सुबह टुल्लू पंप का उपयोग कर रही थीं, इसी दौरान अचानक उन्हें जोरदार करंट लग गया। परिवारजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### चिंतपूर्णी कॉलेज में नए सत्र का हवन यज्ञ से आगाज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुरू होने पर परिसर में हवन यज्ञ किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया व आहुतियां डालीं। हवन के दौरान विभिन्न मंत्रों का जाप किया गया। महाविद्यालय ने इस हवन समारोह के आयोजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मूल्यों को प्रदर्शित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह आयोजन छात्रों को अपनी जड़ों से जोड़ने और परंपरिक मूल्यों को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मेहनत व लगन से जुट जाना चाहिए। उन्होंने समस्त महाविद्यालय परिवार व विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने संस्कृत आचार्य गोविंद शर्मा का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश



मुकेश अग्निहोत्री को माता की चुनरी व फोटो भेंट करते मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल व अन्य।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पहुंचने पर मंदिर अधिकारी व पुजारियों द्वारा उपमुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पुजारी नव कालिया द्वारा उपमुख्यमंत्री को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई। पूजा अर्चना करवाने के बाद उन्होंने प्रदेश वासियों के मंगल जीवन की कामना के लिए हवन आहुति डाली। मंदिर प्रशासन की तरफ से मंदिर अधिकारी अजय मंडल ने उपमुख्यमंत्री को माता की चुनरी व फोटो भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ट्रस्टी तिलक राज कालिया मंदिर के मुख्य सुरक्षा एवं परिचालन अधिकारी कर्नल मनीष धीमान, पुलिस उप निरीक्षक वसुधा सूद, जल शक्ति विभाग के एक्सन होशियार सिंह, मंदिर के सहायक अभियंता आरके जसवाल, अधीक्षक जीवन कुमार, थाना प्रभारी जयराम कुमार शर्मा, पुजारी वर्ग, अधिकारी कर्मचारी व अन्य मौजूद रहे।

### विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



हरोली ब्लॉक में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** केंद्र के वित्तीय सेवा विभाग और ऊना के डीसी के सहयोग से वित्तीय समावेश फ्लैगशिप योजनाओं पर हरोली ब्लॉक की बीटन, हलेड़ा बिलना, सैंसोवाल और भदौड़ी पंचायतों में जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों को प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की संतृप्ति बढ़ाने और मौजूदा निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों के पुनः सत्यापन, डिजिटल धोखाधड़ी की रोकथाम और दावा न की गई राशि तक पहुंचने और शिकायत निवारण को लेकर जागरूक किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला परिषद ऊना के उपाध्यक्ष ओंकार नाथ ने की। मुख्य जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि यह जागरूकता अभियान 30 सितंबर तक ऊना जिले की सभी पंचायतों में चलाया जाएगा। अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन धन योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं के दावों का वितरण भी जागरूकता शिविरों के दौरान किया जा सकेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इन शिविरों में भाग लें ताकि सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर पीएनबी बैंक शाखा प्रबंधक कुलदीप, पंचायत प्रधान परमजीत, सोहनलाल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा रानी उपस्थित रहीं।

### कार खाई में गिरी, 5 घायल

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान, गगरेट।** सोमवार सुबह अम्बोटा डब्बाली पंचायत में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। कार में सवार सभी पांच श्रद्धालु लुधियाना (पंजाब) से माता चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकने के लिए जा रहे थे। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में सभी को केवल मामूली चोटें आईं और किसी की जान को खतरा नहीं हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार की पहचान पीबी 91ए 8153 नंबर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया जिससे कार फिसलकर नीचे खाई में जा गिरी। हालांकि मौके पर समय रहते राहत कार्य शुरू कर दिए गए, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

# ऊना के युवा सीखेंगे स्विमिंग स्किल

## प्रशिक्षण के बाद राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में लेंगे भाग

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** ऊना के युवाओं को स्विमिंग स्किल सीखने के लिए शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब एवं हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब में आयोजित किया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग जिला ऊना के डिप्टी डायरेक्टर एचएएस विनय धीमान ने शिरकत की, जबकि बतौर विशेष अतिथि हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष राकेश वलिया, ऊना जिला स्विमिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रुपलीत कौर बेदी एवं सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पंडित सत्यदेव शर्मा मौजूद रहे।

हिमाचली परंपरा अनुसार शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब के मैनेजिंग डायरेक्टर रशीद मोहम्मद ने मुख्य अतिथि विनय धीमान को हिमाचली टोपी, हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विनय धीमान ने कहा कि खेल में अनुशासन




स्विमिंग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि विनय धीमान।

हमारे खेल को और परिपक्व करके निखरता है। जो खिलाड़ी खेल के हर नियम का पालन करता है, उसे ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माना जाता है। प्रतिभागी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद करने के बाद खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने लेंगे। ऊना जिला स्विमिंग एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य रशीद मोहम्मद ने बताया कि ऊना जिले के बच्चों, युवाओं एवं स्विमिंग के 60 खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब में आयोजित किया गया है।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर ऊना नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबा बेदी, लाडली फाउंडेशन के राज्य सचिव कंचन रायजादा, नताशा निगी, नेहा ठाकुर, कुठेड़ा खैरला पंचायत के पूर्व प्रधान सुभाष चंद, ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स हिमाचल प्रदेश के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### ऊना जिले के डॉ. राजेश शर्मा को कार्यभार संभालने पर दी बधाई

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** ऊना जिले के लोहारा गांव के डॉ. राजेश शर्मा प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन बनने पर ऊना जिला व चिंतपूर्णी विधानसभा इलाके में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के राज्य प्रधान अजय नेगी, मुख्य संरक्षक लोकेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश महासचिव इंदर सिंह ठाकुर, प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा, लेक्चरर संघ के प्रदेश चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना, विकास रतन ने डॉ. राजेश शर्मा को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होने एवं कार्यभार संभालने पर बधाई दी है।



लेक्चरर संघ के सदस्य शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा को बधाई देते हुए

हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में काफी समय से चेयरमैन का पद खाली था, जिससे बोर्ड से संबंधित कई कार्यों को करवाने में असुविधा हो रही थी, और प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने भी काफी बार प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में अध्यक्ष की तैनाती की मांग मुख्यमंत्री से की थी। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने स्कूल शिक्षा बोर्ड में डॉ. राजेश शर्मा को बोर्ड में चेयरमैन तैनाती के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी है। प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि डॉ. राजेश शर्मा के कार्यभार संभालने के बाद शिक्षकों की लंबित पड़ी मांगे व बोर्ड के अन्य महत्वपूर्ण कार्य तेजी से होंगे। लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि आज आज ऊना जिले के लेक्चरर संघ के वरिष्ठ नेता राजीव कौशल और राजीव शर्मा व प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें धर्मशाला जाकर बधाई दी।

## रास्ते के अधूरे निर्माण कार्य को लेकर पंचायत ने डीसी जतिन को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के साथ लगते कुठार खुर्द की पंचायत व गांव वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त जिला उपायुक्त से मिला और गांव के मुख्य रास्ते को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रधान कुठार खुर्द रचना देवी ने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में अरनियाला से महिला पुलिस थाना, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय होते हुए कुठार खुर्द तक के रास्ते के चौड़ीकरण को लेकर कार्य प्रशासन, विभाग और ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया था, तब लोगों को एक आस जागी थी कि रास्ता चौड़ा होगा तो लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात सुचारू रूप से चलेगा, लेकिन यहां उल्टा हुआ है।

यह लोगों को निजात दिलाने के चक्र में जब सड़क को उखाड़ा गया तो लोगों ने स्वर का गूंट पी लिया और सोचा कि अब जल्द ही यह मार्ग पूरा हो जाएगा, लेकिन 6 महीने बीत जाने के बाद भी इस सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका। बार-बार प्रशासन व ठेकेदार से संपर्क करने से यही आश्वासन मिला कि जल्द इस सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा, लेकिन उनके आश्वासन धरे के धरे ही रह गए। हम आप से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द विभाग व ठेकेदार को निर्देश दें कि इस मार्ग का काम पूरा किया जाए ताकि लोगों को आ रही समस्याओं से निजात दिलाई जा सके।

गौर हो कि इस सड़क मार्ग के निर्माण अधूरा होने के चलते पैदल चलने वालों राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्र तो पानी खड़ा होने के चक्कर में स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का प्रयोग पूरा गांव करता है, लेकिन कीचड़ होने के चलते लोग अब इस मार्ग का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस अधूरे कार्य को पूरा करवाया जाए।

## आपदा को लेकर सतर्क रहें अधिकारी : अमित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उपमंडल बंगाणा के सभागार में आपदा प्रबंधन पर बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी उपमंडलाधिकारी अमित शर्मा ने की। उन्होंने मानसून की संभावित परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान आपात परिस्थितियों जैसे अत्यधिक वर्षा, बाढ़, भूस्खलन एवं सड़क मार्ग अवरोध से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अमित शर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मानसून पूर्व सभी तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाएं। उन्होंने नालों और ड्रेनों की शीघ्र सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आपदा संभावित क्षेत्रों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने



मानसून आपदा प्रबंधन को लेकर बंगाणा में आयोजित बैठक के दौरान गणमान्य।

चेतावनी जारी होने की स्थिति में आमजन को त्वरित सूचना देने के लिए डिजिटल माध्यमों जैसे व्हाट्सऐप ग्रुप व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया गया, साथ ही जलभराव व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पूर्व सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक वस्तुओं का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वहीं, आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए लोक निर्माण विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग की क्विक रिस्पॉन्स टीमें गठित करने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को सर्पदंश से निपटने हेतु एंटी-वेनम दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके पश्चात उन्होंने बिजली एवं जलापूर्ति विभागों को आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, स्टाफ को सतर्क रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में सेवाएं शीघ्र बहाल करने के लिए तत्पर रहने को कहा गया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में लोनिवि, जलशक्ति विभाग, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन सेवा, विद्युत बोर्ड, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए 15 जुलाई तक आवेदन सौंपे जा सकते हैं। इसे लेकर आवेदन प्रारूप और आवश्यक शर्तों को उप निदेशक कार्यालय ऊना की वेबसाइट www.ddeeuna.in से डाउनलोड किए जा सकता है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग ऊना के उपनिदेशक सोमलाल धीमान ने सभी प्रधानाचार्यों, मुख्याध्यापकों, सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त केंद्र मुख्याध्यापकों को यह सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं कि इच्छुक आवेदक निर्धारित समयावधि के भीतर अपना आवेदन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना के कार्यालय में जमा करवाएं।

इसके अतिरिक्त उपनिदेशक ने समस्त सरकारी और निजी पाठशालाओं को स्कूल लगने से पहले विद्यालय परिसर, कमरों और पीने के पानी की टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही उन्होंने मिड-डे मील रसोईघर, बर्तन और राशन संबंधित वस्तुओं की विशेष सफाई सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान सभी बच्चों को रोल नंबर के मुताबिक हिंदी और इंग्लिश में समाचार बोलने के निर्देश दिए हैं। सोमलाल ने बताया कि स्कूल आरंभ होते ही विभाग की ओर से स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ऊना बनेगा एथलेटिक्स प्रतिभाओं का नया केंद्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

खेल अवसंरचना के क्षेत्र में ऊना जिला एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। हरोली विधानसभा क्षेत्र के रोड़ा गांव में 9.97 करोड़ रुपए की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा, जिसे केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है। इस ट्रैक से न केवल ऊना जिले बल्कि आसपास के जिलों के युवाओं के लिए वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने और अपनी प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच मिलेगा।

**ऊना में खेल अवसंरचना के विस्तार को नया आयाम :** ऊना में पहले से ही युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा संचालित छात्रावास के माध्यम से आधुनिक खेल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। अब इस सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण से विशेष रूप से एथलेटिक्स में करियर बनाने की चाह रखने

**हरोली के रोड़ा में 9.97 करोड़ रुपए से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक**

वाले खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता का अभ्यास स्थल मिलेगा, जो उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

**खेलों में अग्रणी ऊना :** ऊना जिला पहले से ही खेलों के क्षेत्र में एक पहचान बना चुका है। यहां के खिलाड़ियों ने हॉकी, कबड्डी और पैरा एथलेटिक्स जैसे क्षेत्रों में राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह परंपरा नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन रही है।

**खेल संरचनाओं का निरंतर विकास :** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में खेल संरचनाओं का निरंतर विकास हो रहा है और यहां की प्रतिभाएं

### खेलों में ऊना को और मजबूत कर रहे : मुकेश

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना ने खेलों के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है और राज्य सरकार इस पहचान को और सशक्त बनाने के लिए वैज्ञानिक कोचिंग और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रोड़ा में बनने वाला सिंथेटिक ट्रैक युवा प्रतिभाओं को तराशने के साथ-साथ उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा, साथ ही, यह प्रयास युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार जिले का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया जा रहा है।

## रामगढ़धार के जंगल में अवैध कटान मामले में आरोपियों से करवाई निशानदेही

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत अंबेहड़ा राम किशना गांव में हाल ही में सामने आए अवैध कटान मामले ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की चिंता को बढ़ा दिया है। रामगढ़धार के घने जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया, जिसके बाद वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी नाबालिग पाया गया, जिसे कानून के तहत उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

वन विभाग और पुलिस की संयुक्त विशेष टीम ने तीनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि अवैध कटान के पीछे की पूरी साजिश और इसमें संलिप्त अन्य लोगों की जानकारी प्राप्त की जा सके। इस रिमांड के दौरान आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही करवाई गई, जिसमें उन्होंने जंगल में किए गए अवैध कटान को कबूल कर लिया है। जांच में सामने आया कि यह केवल एक स्थान तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से जंगल में गतिविधियां बढ़ गई थीं, लेकिन किसी ने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। अब जब मामला सामने आया है, तो लोग भी जागरूक हो रहे हैं और प्रशासन को सहयोग दे रहे हैं।

ऊना के डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है, जिसकी निष्पक्ष जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जंगल की संपदा को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत चौकीमनयार पंचायत स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आज विधिवत समापन हो गया। कथा के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और समापन समारोह भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

कथावाचक पंडित सुरेंद्र शास्त्री जी महाराज ने कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मिलन गाथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बचपन के सखा सुदामा जब दरिद्रता की हालत में द्वारिका पहुंचे, तो भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें राजसी सत्कार देकर आत्मीयता और भक्ति की मिसाल पेश की। इस प्रसंग ने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के समापन अवसर पर विशाल हवन



लक्ष्मी नारायण मंदिर चौकीमनयार में कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था और समर्पण का परिचय दिया।

हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर भक्ति रस, भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजता रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूरदराज से भी लोग कथा श्रवण और भंडारे में शामिल होने आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथावाचक सुरेंद्र शास्त्री ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समस्त समिति सदस्यों और स्थानीय जनसमूह का धन्यवाद प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि ऐसी धार्मिक कथाएं समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती हैं और लोककल्याण की भावना को सशक्त करती हैं।

## तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बनी खेड़ा की टीम



क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी और आयोजक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्रीय खेल भावना को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रथम ब्रदर क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। बणघार (बोहड़ु) के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में 32 टीमों के 460 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेड़ा टीम और डोहक टीम के बीच खेला गया, जो कि खेड़ा टीम ने जीता। इस समापन समारोह के दौरान राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं जिला युवा मोर्चा सचिव अजय ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजकों जसविंदर सिंह (जट्ट) और बलविंदर बैंस की भूमिका अहम रही। स्थानीय लोगों ने आयोजन को सराहते हुए इसे हर साल आयोजित करने की मांग की। समारोह का समापन करते हुए मुख्य अतिथि अजय ठाकुर ने युवाओं को खेलों को अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य युवाओं का ही है और अगर वे खेलों के माध्यम से अनुशासित जीवन अपनाएं तो समाज और देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**सम्मान** सिविल अस्पताल हरोली में डॉक्टर्स-डे पर कार्यक्रम का किया आयोजन

## स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

इनरव्हील क्लब ऊना ने मंगलवार को सिविल अस्पताल हरोली में डॉक्टर्स-डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 15 चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऊना की प्रधान शोभा सोनी ने कहा कि चिकित्सक लोगों की अनमोल जिंदगी को बचाने में अहम भूमिका अदा करते है।

उन्होंने डॉक्टर्स डे की सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि मानव जीवन को बचाने में सभी चिकित्सक अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर हरोली डॉ. शिंगारा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रोगियों को घर-द्वार पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देना प्रदेश सरकार का ध्येय है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि




डॉक्टर्स-डे पर कार्यक्रम में सम्मानित किए गए डॉक्टर्स के साथ इनरव्हील क्लब के सदस्य व अन्य गणमान्य।

### कार्यक्रम में ये चिकित्सक हुए सम्मानित

कार्यक्रम में डॉ. शिंगारा सिंह, डॉ. मोनिका चंदेल, डॉ. मनमीत सैणी, डॉ. मनीष चौधरी, डॉ. अनु बाला चंदेल, डॉ. पूजा रानी, डॉ. वंदना कजला, डॉ. शिवेक मोहन, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. इंगित परमार, डॉ. सागर, डॉ. मनवीर सिंह, डॉ. अंशु आंगरा, डॉ. पुष्पिंदर राणा, डॉ. रोहित वात्सायान को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

चिकित्सक वर्ग पीड़ित मानवता की सेवा के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा समाज द्वारा इस प्रकार से बेहतर कार्य को पहचान देने से उनके उत्साह में बढ़ौतरी होती है तथा चिकित्सक अधिक उत्साह से पीड़ित रोगियों की सेवा में जुटते है। उन्होंने इनरव्हील क्लब का कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इनरव्हील क्लब की सचिव अमरजीत बबली ने सभी का स्वागत किया। इनरव्हील प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। क्लब उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने पर्पज आफ द डे पर प्रकाश डाला। क्लब सदस्य सुमन पुरी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर इनरव्हील क्लब प्रधान शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, संयुक्त सचिव रंजना बख्शी, कोषाध्यक्ष निरुपमा महाजन, आईएसओ मीरा मेहता, पूर्व प्रधान रमा कंवर, सुमन पुरी, रजिता कसाणा, रमा कालिया, अनुपा ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऊना ने कुष्ठ आश्रम कोयला खुर्द में वितरित किया राशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना ने सामाजिक सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में कुष्ठ आश्रम सोसायटी कोटला खुर्द के निवासियों को राशन सामग्री वितरित की। इस अवसर पर क्लब द्वारा लगभग 10 हजार मूल्य की खाद्य सामग्री 20 जरूरतमंद परिवारों के 60 से अधिक सदस्यों को प्रदान की गई। इस सेवा कार्य में क्लब के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर की अगुवाई में कई सदस्य उपस्थित रहे।

इनमें प्रमुख रूप से डॉ. केआर आर्य, शकुंतला आर्य, हरिनारायण चीटू, नरेंद्र कपिला, बलदेव चंद, संजीव पुरी, बरजिंदर जीत सिंह (गोल्डी), ओंकार नाथ कसाना, जगदीश राव, मोहित, संजीव अग्निहोत्री, आर.के. शर्मा एवं पंकज शर्मा शामिल रहे। क्लब सदस्यों ने आश्रम में रह रहे लोगों से उनका हालचाल भी जाना।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष यशपाल ठाकुर ने कहा कि रोटरी क्लब ऊना के ऐसे सामाजिक सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर कुष्ठ आश्रम सोसायटी के सचिव लाल बाबू गोप, करणा, आशित भाभरी, रामु भाभरी व 20 परिवारों के सदस्य उपस्थित थे।



रोटरी क्लब ऊना ने अन्नपूर्णा दिवस पर वितरित किया 10 हजार रुपए का राशन।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार वाहन ने बच्ची को मारी टक्कर, मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के नजदीक गोजरा गांव में एक वाहन चालक ने तेज रफ्तार से आते हुए सांची शर्मा को जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर रिंपू शर्मा और उसकी शांति शर्मा वहां मौजूद थे। अनीता शर्मा पत्नि बालकृष्ण पुरोहित के बयान पर मनाली थाना में मामला दर्ज किया गया है। उनके मुताबिक शाम करीब 3.30 बजे मनाली की ओर से तेज रफ्तार से गाड़ी नंबर एचपी 58 ए 6490 आई और सांची शर्मा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सांची शर्मा के सिर और नाक से खून बहने लगा। उसे तुरंत मिशन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने सांची शर्मा को मृत घोषित किया। गाड़ी डेविड वैनन पुत्र राजू चला रहा था। पुलिस ने उक्त आरोपी के खिलाफ अभियोग 103/25 281,106 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीएसपी केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### स्टेज कैरिज रूटों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कुल्लू ने जानकारी दी कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज वाहन (टेम्पो ट्रैवलर 18+2 सीटर) के संचालन के लिए इच्छुक हिमाचली बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयनित मार्गों की सूची एवं रूट आवंटन प्रक्रिया से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इन मार्गों के लिए 14 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग की तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने कहा कि कुल्लू में ड्राइविंग टेस्ट के लिए आरटीओ, कुल्लू और आरएलए कुल्लू में तिथियां निर्धारित की गई हैं। आरटीओ कुल्लू में 7, 14, 19, 23 व 28 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा 24 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। आरएलए कुल्लू में 8 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आरएलए मनाली में 9 व 25 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा 10 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए बंजार में 11 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

# बारिश से एनएच समेत 21 सड़कें बाधित पीडब्ल्यूडी को 40 लाख रुपए का नुकसान

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** सोमवार रात को हुई तेज बारिश के कारण सैंज-आनी-औट एनएच-305 सहित पीडब्ल्यूडी की करीब 21 ग्रामीण सड़कें बाधित रहीं। इस कारण मंगलवार को क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

आनी-लुहरी के बीच एनएच-305 पर कारशा के बासेरी नाले में अचानक आई बाढ़ से एनएच-305 पर भारी मलबा आ गया, जिससे मार्ग बाधित हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मलबे में एनएच किनारे खड़ा एक ट्राला भी दब गया। गनीमत रही कि गाड़ी में उस समय कोई नहीं था, जबकि कारशा से सैंज के बीच भी कई जगह भूस्खलन के कारण मार्ग बाधित हुआ। वहीं, एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कारशा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एनएच के रामपुर डिवीजन के अधिशाषी अभियंता केएल सुमन ने बताया कि लुहरी-सैंज के बीच अतुल फिलिंग स्टेशन के समीप नाले में अचानक आई बाढ़ से सड़क का एक हिस्सा बह गया। वहीं, एनएच-305 के बाधित होने से आनी क्षेत्र का लुहरी, रामपुर, शिमला, किन्नौर आदि से संपर्क कट गया। पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि बंद पड़ी 21 सड़कों में से करीब 15 सड़कों को मंगलवार शाम तक बहाल कर दिया गया है। वहीं, सोमवार रात को भारी बारिश के चलते पीडब्ल्यूडी को 40 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। इसकी पुष्टि सड़कें बाधित होने से मंगलवार 12 बजे तक किसी भी रूट पर बस सेवाएं नहीं जा सकीं। दोपहर बाद रोहाचड़ा, टकरासी, कुठेड़, डुघा, बांशा आदि रूटों पर आधे रास्ते तक बस सेवाएं बहाल हो पाईं। वहीं, मंगलवार सुबह आनी और निरमंड उपमंडलों में शिक्षण संस्थानों को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी रही।



एनएच-305 पर कारशा के बासेरी नाले में अचानक आई बाढ़ से एनएच 305 पर हुआ नुकसान।

अविभावक अधिकतर सड़कों के बंद होने के कारण बच्चों को स्कूल भेजने में घबराए दिखे, जबकि प्रशासन की ओर से शिक्षण संस्थानों को बंद करने को लेकर कोई भी आदेश जारी नहीं हुए। इसके बाद एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों में पहुंचने को लेकर अधिक परेशानी है, वहां के स्कूल प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक के आग्रह पर स्कूल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं, जबकि पूरे उपमंडल में सभी स्कूलों को बंद नहीं किया गया, केवल उपमंडल के प्राथमिक स्कूल ही मंगलवार को बंद रखे गए।



दीप्ति नवल नग्गर में कुल्लवी व्हिम्स के दौरे के दौरान अन्य महिलाओं के साथ।

## प्रसिद्ध अभिनेत्री व लेखिका दीप्ति नवल ने नग्गर में कुल्लवी व्हिम्स का किया दौरा

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

प्रसिद्ध अभिनेत्री और लेखिका दीप्ति नवल ने नग्गर में कुल्लवी व्हिम्स का दौरा किया।

उन्होंने दोपहर का समय महिलाओं से मिलने, उनके काम को देखने और उनकी बुनाई, कताई, करघा और प्राकृतिक रंगाई की प्रक्रियाओं को समझने में बिताया। दीप्ति नवल ने कुल्लवी व्हिम्स से कुछ हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदे और समूह के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि एक अच्छी दोपहर कुल्लू बीम्स के सह संस्थापक ब्रिघु और उनकी टीम के साथ-नग्गर की अद्भुत और मेहनती महिलाओं के साथ। सच कहूं तो, मैं बहुत प्रेरित होकर वापस आई। कुल्लवी व्हिम्स के सह संस्थापक भृगु राज आचार्य ने बताया कि यह महिलाओं का एक समूह है, जो 400 से अधिक स्थानीय महिलाओं के साथ काम कर रहा है, जो देसी ऊन और पारंपरिक हिमाचली बुनाई व कढ़ाई को फिर से जीवित कर रही हैं और उनके लिए सम्मानजनक आजीविका के अवसर बना रही हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि पिछले महीने इस समूह की महिलाओं द्वारा ऑस्ट्रेलिया में भी अपनी प्रतिभा से कुल्लू की संस्कृति को पहचान दिलवाई थी।

## तीसरी बार भाजपा अध्यक्ष बने डॉ. बिंदल को दी बधाई

अनंत ज्ञान, केलांग



भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. राजीव बिंदल ने तीसरी बार हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को शिमला स्थित संकटमोचन मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

इस दौरान उनके साथ लाहौल-स्पीति से पूर्व विधायक रवि ठाकुर, बिलासपुर के विधायक रणधीर शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ. बिंदल ने कहा कि संकटमोचन संकट हरेंगे। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि प्रदेश के हित में हम सब मिलकर कार्य करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लाहौल-स्पीति सहित पूरे हिमाचल के विकास में पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बिंदल ने कहा कि लाहौल-स्पीति पर पूरा आशीर्वाद रहेगा। रवि ने कहा कि डॉ. बिंदल का अनुभव और कार्यकुशलता पार्टी के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। उनके नेतृत्व में भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में डॉ. बिंदल की यह तीसरी पारी है, जो उनके संगठनात्मक अनुभव और लोकप्रियता को दर्शाती है। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति भाजपा की ओर से भी डॉ. बिंदल को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई। पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश

## विलुप्त होती लाल चावल की खेती, देवी देवताओं के आशीर्वाद से संरक्षित हो रही

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जिला कुल्लू के नग्गर स्थित हलाण, सरसेई और बड़ाग्रां गांवों के ग्रामीण मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं वे सदियों पुरानी और अब विलुप्त होती जा रही स्थानीय लाल चावल धान की खेती को पुनर्जीवित करने में जुटे हैं।

यह प्रयास सिर्फ खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का भी काम है। नग्गर, हलाण और सेरी के हारयानों द्वारा लाल चावल धान की खेती को आज भी सहेजा जा रहा है। रुहणी के नाम से जानी जाने वाली यह स्थानीय धान रोपाई परंपरा, जो अब कुल्लू के अधिकांश हिस्सों में लुप्त हो चुकी है, उसे इन गांवों में जीवित रखा जा रहा है। विशेष रूप से, नग्गर हलाण सेरी में देवता के खेत में पारंपरिक खेती के माध्यम से ग्रामीण इसे पुनर्जीवित करने और संरक्षित करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यह संरक्षण सदियों से चली आ रही है और देवी-देवताओं के आशीर्वाद के साथ ही रुहणी का कार्य आरंभ होता है। हलाण गांव के आराध्य देवता बासुकीनाग के खेत में यह सामूहिक प्रयास देखा गया। हलाण गांव के देवता बासुकीनाग के कारदार अंकित नेगी ने बताया कि हलाण और सरसेई के सभी ग्रामवासी इस पुनीत कार्य में सम्मिलित हुए। घाटी के बड़ाग्रां में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के उपरांत यह कार्य आरंभ हुआ। देवी माता सिंहासनी के कारदार लाल सिंह कटोच ने बताया कि इस वर्ष भी रुहणी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हलाण गांव के देवता बासुकीनाग के कारदार अंकित नेगी ने लुप्त होती इस परंपरा को जीवित रखने के लिए सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि रुहणी के दौरान सभी ने खुशी-खुशी स्थानीय गाने गाए, जिससे यह कार्य और भी उत्साहपूर्ण हो गया। अंत में, महिलाओं ने रुहणी के साथ पारंपरिक नृत्य भी किया।

### जाटू के चावल का संरक्षण

**हलाण** गांव के देवता बासुकीनाग के कारदार अंकित नेगी ने बताया कि जब धान तैयार हो जाएगा, तो सबसे पहले इसे धार्मिक कार्यों में उपयोग किया जाएगा। उनका मानना है कि यदि सभी ग्रामीण इस परंपरा को निभाते रहें, तो लाल चावल, जिसे जाटू के चावल भी कहते हैं, उसको सफलतापूर्वक संरक्षित और बचाया जा सकता है। यह पहल न केवल स्थानीय कृषि विविधता को बनाए रखने में मदद करेगी, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी अक्षुण्ण रखेगी।

## समुद्र मंथन व भगवान के 24 अवतारों की कथा सुनाई



श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, और नरसिंह अवतार की कथाएं सुनते हुए लोग।

अनंत ज्ञान, मनाली

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, और नरसिंह अवतार की कथाएं सुनाई गईं। समुद्र मंथन और भगवान के 24 अवतारों की कथाएं भी सुनाईं।

श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक रवि शर्मा ने भक्त प्रह्लाद की भगवान के प्रति अटूट भक्ति और उनके पिता हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से मुक्ति की कथा सुनाई। रवि शर्मा ने ध्रुव द्वारा अपने पिता का प्यार पाने के लिए की गई कठोर तपस्या और भगवान से वरदान प्राप्त करने बारे विस्तृत बातें बताईं।

उन्होंने भगवान विष्णु द्वारा नरसिंह रूप में हिरण्यकश्यप का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने की कथा का जिक्र किया। देवताओं और असुरों द्वारा अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन की कथा भी बताई। कथावाचक रवि शर्मा ने बताया कि कैसे भगवान की भक्ति से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है और कैसे मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। आयोजक व कुल पुरोहित पंडित बुध राम शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्त इन कथाओं को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। सभी ने भगवान के प्रति अपनी भक्ति और प्रेम को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उझी घाटी के लोग भारी संख्या में श्रीमद्भागवत कथा का आनंद ले रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा से उझी घाटी का माहौल भक्तिमय हो गया है।

## दिल्ली का युवक 24 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को चिट्टा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली निवासी बताया जा रहा है। पुलिस दल भुंतर एयरपोर्ट के समीप नियमित गश्त पर था। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस को उसकी गतिविधियों पर शक हुआ और संदेह के आधार पर जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हेरोइन को कब्जे में लेकर युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रथम गुप्ता (25 वर्ष) पुत्र राजेंद्र प्रसाद, निवासी फ्लैट नंबर 1-डी, टॉवर नंबर 2, एपी वॉनडर्स, रिठाला डाकघर, रोहिणी सेक्टर-7, जिला उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## रघुनाथ हॉस्पिटल ने दृष्टिबाधित स्कूल के बच्चों के साथ मनाया डॉक्टर्स-डे



रघुनाथ हॉस्पिटल में पहुंचे दृष्टिबाधित स्कूल के बच्चों का स्वागत करता हुआ स्टाफ।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

रघुनाथ हॉस्पिटल कुल्लू में डॉक्टर्स-डे को सेवा और समर्पण की भावना के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अस्पताल के सभी डॉक्टरों और स्टाफ ने मिलकर दृष्टिबाधित स्कूल, कुल्लू के छात्रों के साथ अस्पताल परिसर में दिन बिताया और उनके लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रघुनाथ हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दृष्टिबाधित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। यह पहल डॉक्टरों के सेवा-भाव और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और अस्पताल की संस्थापक सदस्य डॉ. ललिता बंसल ने कहा, डॉक्टर्स-डे हमें यह याद दिलाता है कि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी हर वर्ग के लोगों की सेवा करना है। इन बच्चों के साथ समय बिताना हमारे लिए बेहद भावुक और प्रेरणादायक अनुभव रहा। डॉक्टरों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। रघुनाथ हॉस्पिटल अपने आदर्श वाक्य करुणा के साथ देखभाल को साकार करते हुए समाज की सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## पार्वती प्रोजेक्ट को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले निर्मल सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, सैंज

ऊर्जा सेक्टर की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी ने एक सीनियर अधिकारी निर्मल सिंह को 33 वर्षों बाद सेवानिवृत्ति प्रदान की है।

कार्यपालक निदेशक एवं पार्वती परियोजना के प्रमुख रहे निर्मल सिंह पिछले तीन दशकों से एनएचपीसी में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। विशेष कर पार्वती हाइड्रो प्रोजेक्ट में अपनी छाप छोड़ने वाले अनुभवी व्यक्तित्व निर्मल सिंह को ऊर्जा कंपनी ने सोमवार देर शाम को विदाई दी। निर्मल सिंह ने 1991 से एनएचपीसी में अपनी नौकरी शुरू की तथा अब एनएचपीसी से सेवानिवृत्ति मिली है। इस मौके पर एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उक्त रिटायर्ड अधिकारी ने पिछले दो दशकों से लटक रहे पार्वती प्रोजेक्ट को बुलंदियों तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। लिहाजा,



निर्मल सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए एनएचपीसी के अधिकारी।

एनएचपीसी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया। इसमें एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विभिन्न लोगों ने भाग लिया। अपनी सेवानिवृत्ति के मौके पर एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी निर्मल सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने देश के कई पावर प्रोजेक्ट्स में अपनी सेवाएं दी हैं। निर्मल सिंह ने पार्वती प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य में गति लाने के लिए दिन-रात एक किया तथा बर्फीली पहाड़ियों में इंजीनियरिंग का नया फॉर्मूला तैयार कर एशिया की सबसे लंबी 32 किलोमीटर टनल को मुकाम पर पहुंचाने में अथक प्रयास किए। चमेरा, धौली गंगा, टनकपुर, डुगर, पार्वती प्रोजेक्ट के अलावा जम्मू-कश्मीर के दुलहस्ती पावर प्रोजेक्ट में कठिन परिस्थितियों में नौकरी की है। रिटायरमेंट पार्टी के अवसर पर एनएचपीसी की प्रशासनिक अधिकारी डॉली सिंह ने बताया कि कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह एक मेहनती एवं संघर्षशील अधिकारी हैं तथा उन्होंने देश के विभिन्न पावर प्रोजेक्ट्स में अथक मेहनत की है। एनएचपीसी के तमाम कर्मचारियों व अधिकारियों ने निर्मल सिंह को बधाई देकर सम्मानित किया।

## आईटीआई शमशी में प्रशिक्षु छात्राओं ने रैंप पर बिखेरे जलवे

अनंत ज्ञान, भुंतर

आईटीआई शमशी में मंगलवार को स्किल इन स्टाइल फैशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्विंग ट्रेड्स की प्रशिक्षु छात्राओं ने अपने द्वारा डिजाइन किए गए आकर्षक परिधानों के साथ रैंप पर शानदार प्रस्तुति दी।

छात्राओं ने अपने आत्मविश्वास और अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फैशन शो में स्विंग टेक्नोलॉजी, ड्रेस मेकिंग और एसओटी ट्रेड्स की छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने संस्थान में ही तैयार किए गए सुंदर परिधानों का प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड की छात्राओं ने मेकअप आर्टिस्ट के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षु छात्राओं के रचनात्मक



कौशल और आत्मविश्वास को मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में जजमेंट की भूमिका, कुमुद प्रोहित, कौशल्या ठाकुर और दीपिका शर्मा ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ड्रेस मेकिंग की प्रशिक्षिका कांता देवी और स्विंग टेक्नोलॉजी ट्रेड की सरिता देवी का विशेष योगदान रहा।

**खुशखबरी** सैलानियों को मिलेंगे घाटी के सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के तैयार किए उत्पाद

# अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर अब सजेगा साप्ताहिक हाट

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**केलांग।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल निहारने आने वाले देश-विदेश के सैलानियों के लिए खुशखबरी है। अब यहां आने वाले सैलानियों को यहां की सुंदरता निहारने के साथ-साथ घाटी की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को खरीदने के लिए एक बाजार मिलेगा।

अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में अब लाहौल-स्पीति की महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों का बाजार सजेगा। जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति की ओर से स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिकी बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। इस पहल के तहत सप्ताह में एक दिन यह हाट अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर सजेगा। इस बाजार में घाटी की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पाद। इसमें घर में तैयार घी, लाहौल की जुराबें, मफलर, दस्ताने सहित अन्य चीजें एक ही जगह पर एक साथ उपलब्ध होंगी।



अटलटनल के नॉर्थ पोर्टल पर साप्ताहिक हाट के बारे में डीसी लाहौल-स्पीति अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं।

**डीसी लाहौल-स्पीति ने दी अटल टनल में साप्ताहिक बाजार लगाने की अनुमति**

**प्रशासन की इस पहल से महिलाओं की बढ़गी आर्थिकी, बनेंगी आत्मनिर्भर**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

डीसी लाहौल-स्पीति की ओर से टनल के पास इस हाट को एक दिन सजाने के लिए अनुमति दे दी गई है और जल्द ही सैलानियों के लिए अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर स्थानीय उत्पादों का यह बाजार सजेगा। डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना की अध्यक्षता में वन मंडल केलांग में चल रहे जायका प्रोजेक्ट में शामिल 28 स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन वन विभाग कार्यालय के सभागार में किया गया। इस बैठक में वनमंडलाधिकारी लाहौल अनिकेत वानवे, एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा व उदयपुर अलीशा चौहान, उद्योग विभाग प्रबंधक राजेश शर्मा, रेंज अधिकारी केलांग व पट्टन भी मौजूद थे। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आय बढ़ाने के लिए जायका प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारियां दी गईं और साथ ही उद्योग विभाग में स्फूर्ति योजना के तहत बनाए जा रहे क्लस्टरों के बारे में भी बताया गया। डीसी ने उद्योग विभाग और वन विभाग को कन्वर्जेंस के तहत यह कार्य करने के निर्देश दिए। इसमें केलांग व पट्टन घाटी में एक-एक क्लस्टर स्थापित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए अटल टनल के पास साप्ताहिक हाट लगाने के लिए अनुमति दी गई। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सप्ताह में एक दिन अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर अस्थायी स्टॉल में दुकानें लगाकर अपने उत्पाद बेच सकेंगी। लिहाजा, जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति की इस पहल से अब स्वयं सहायता समूह से जुड़ी स्थानीय महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक बाजार मिलेगा, जिससे महिलाओं की आय बढ़ने के साथ ही वह आत्मनिर्भर बनेंगी।

## छात्राओं को दी करियर व जीवन मूल्यों की प्रेरणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्रा), सुल्तानपुर का दौरा किया। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है।

डीसी ने इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं, अध्यापकों और स्कूल प्रशासन के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि छात्रों में आत्मविकास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास भी आवश्यक है। डीसी ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) यूनिट की मांग की थी, जिसे पूरा करते हुए आज से विद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में विद्यालय की 12 छात्राओं को एनसीसी में शामिल किया जा रहा है, जबकि अगले वर्ष 13 और छात्राओं को इसमें जोड़ा जाएगा। उन्होंने इसे छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश स्कूल की छात्राओं से बातचीत करती हुईं।

कदम बताया। डीसी ने छात्राओं से पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने का आग्रह किया।

उन्होंने स्कूल में रीडिंग क्लब बनाने का सुझाव दिया और कहा कि इस क्लब में प्रथम चरण में 20 छात्राओं के साथ वे एक महीने बाद पढ़ी गई किताब ईआर ब्रेथवेट द्वारा लिखी गई आत्मकथात्मक उपन्यास टू सर, विथ लव पर चर्चा भी करेंगी। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से डायरी लिखने की सलाह दी, जिससे वे आत्मचिंतन और विचारों को अभिव्यक्त करना सीख सकें। साथ ही, उन्होंने प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ने, विशेषकर संपादकीय पृष्ठ पर ध्यान देने की बात कही, ताकि वे सम-सामयिक मुद्दों की जानकारी और विश्लेषणात्मक सोच विकसित कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना तंवर, एसएमसी अध्यक्ष यतिन शर्मा, उपाध्यक्ष रूप चंद, सदस्य कविता नेगी, एनसीसी के अधिकारी, अध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं को संबोधित करते हुए डीसी ने सिविल सेवा परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा की रणनीति, पाठ्यक्रम, समय प्रबंधन, और अनुशासन की महत्ता को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और कठोर मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की छात्राएं भविष्य की नीति निर्माता, प्रशासक और नेतृत्वकर्ता बन सकती हैं, बशर्ते वे समर्पित रहकर पढ़ाई करें और अपनी प्रतिभा को सही दिशा में आगे बढ़ाएं।

# नेशनल हाईवे-5 में कई जगहों पर पहाड़ियों से हुआ लैंड स्लाइड

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश सहित सोलन जिले में लगातार हो रही बारिश से नुकसान बढ़ता जा रहा है। हाईवे सहित रिहाइशी क्षेत्रों में लैंड स्लाइड की घटनाओं से लोगों को जान माल का खतरा बना हुआ है। वहीं, नेशनल हाईवे-5 में कई जगहों पर पहाड़ियों से लैंड स्लाइड होने से यातायात प्रभावित होने के साथ वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो चुका है। मंगलवार को नेशनल हाईवे के कुमारहट्टी बाईपास के गलवाना पर भूस्खलन के कारण ऊपरी दिशा में जाने वाले यातायात अस्थायी रूप से बंद हो गया। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, अब ऊपरी दिशा का संपूर्ण यातायात समलेच सुरंग के माध्यम से सुचारू रूप से प्रवाहित किया गया। हालांकि, बाद में सड़क को साफ कर यातायात सुचारु हो गया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। यातायात नियमों का पालन करें। सोलन मुख्यालय से सपरूण दोहरी दीवाल में भी नेशनल हाईवे में मलबा आने से सुबाथू की तरह जाने वाली सड़क के डायवर्जन को सिंगल लेन किया गया। इससे यहां जाम की स्थिति बनी हुई है। चक्की मोड़ पर अभी स्थिति सामान्य बनी हुई है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस तैनात है।



सोलन जिले में लगातार हो रही बारिश से कुमारहट्टी बाइपास पर हुआ लैंड स्लाइड।

## मानसून की पहली बारिश से 3 करोड़ से अधिक का नुकसान

**जिले** में मानसून की पहली बारिश से अभी तक 3 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है। लोक निर्माण विभाग व बिजली बोर्ड को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। सोलन के कटला नाला में निर्माणाधीन भवन पर लैंड स्लाइड होने से नुकसान की आशंका है। इससे आसपास के घरों को भी खतरा है। सोमवार रात और मंगलवार को सुबह भी सोलन में बारिश हुई। जानकारी के मुताबिक सोलन जिले में वर्षा से दो करोड़, 89 लाख, 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को दो करोड़ 49 लाख 35 हजार रुपए का हुआ। बिजली बोर्ड को 37 लाख 45 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। कसौली की भोजनगर पंचायत के कमलोग गांव में एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं, चक्की मोड़ से परवाणू के बीच में पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण थोड़े समय के लिए वाहनों की आवाजाही रुकी, लेकिन उसके बाद यातायात सुचारू रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ मार्गों को खोलने के लिए विभाग जुटा रहा और शाम तक सभी मार्गों को वाहन निकलने लायक खोल दिया गया था।

## दानोघाट के कार्यालय के पास गिरा डंगा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल में पिछले दो दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नुकसान होने का क्रम भी बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत दानोघाट के कार्यालय के पास डंगा गिरने से काफी नुकसान हुआ है। इसके साथ ही सार्वजनिक शौचालय के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। पंचायत प्रधान मंजू ठाकुर ने बताया कि पंचायत घर के साथ लगा डंगा गिर गया, जिससे लगभग 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जहां डंगा गिरा है, उसके साथ ही लगभग 2 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया है। इसके गिरने का खतरा बना हुआ है। मंजू ने कहा कि एनएच-5 के साथ बने पंचायत घर के भवन को इस बारिश से भविष्य में काफी नुकसान हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मदद की अपील की है।



दानोघाट के कार्यालय के पास गिरा डंगा।

# दोलग गांव में फोरलेन का मलबा आने से स्कूल और कई घर खतरे की जद में

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट के समीप स्थित दोलग गांव में बारिश के साथ फोरलेन का मलबा बहकर आने से एक स्कूल और कई घरों पर खतरा पैदा हो गया।

इसके साथ ही गांव की बावा थड़ा मूला सड़क भी बंद हो गई। जानकारी के अनुसार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण फोरलेन में बनाए कलवट से पानी के साथ निर्माण में निकला भारी मात्रा में मलबा गांव तक पहुंच गया। इससे गांव की सड़क बंद होने के साथ राजकीय प्रारंभिक पाठशाला दोलग के भवन और गांव के करीब आधा दर्जन घरों को खतरा पैदा हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पंचायत प्रधान सीरिनगर राजविंद्र कौर, पूर्व प्रधान गुरविंद्र, ग्रामीण इंद्र सिंह मेहता, गोपाल चंद, अमर सिंह सहित कई लोगों का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा से मिला और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने मांग की है कि आगामी चार पांच दिनों तक दोलग स्कूल को बंद किया जाए। मलबा आने से गांव का बाबा थड़ा मूला सड़क मार्ग भी बंद हो गया। इस पर उन्हें आश्वासन दिया कि डीसी सोलन से बात करके फोरलेन के कलवट के पानी को ड्रेन के माध्यम से किसी नाले में लाया जाएगा, ताकि भविष्य में खतरे की संभावना कम हो जाए। उधर, बारिश से कंडाघाट चायल सड़क पर सैंज नामक जगह पर कार पर मलबा गिर गया। इस घटना में गाड़ी के अतिरिक्त किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि की है। बारिश के कारण कई जगह लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के तहत आने वाली सड़कों को क्षति पहुंची है सभी बड़ी खड्डें और नाले उफान पर हैं। लोगों को नियमित दैनिक कार्यों को करने में बाधा आई।



बारिश से कंडाघाट चायल सड़क पर सैंज नामक स्थान पर कार पर गिरा मलबा।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर में वन विभाग ने शुरू की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में वन भूमि पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण मामलों को लेकर उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए वन विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सिरमौर जिला और नाहन वन परिक्षेत्र में विभाग ने कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। वनमंडल अधिकारी नाहन भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार वन भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहा है। पिछले एक महीने में दो अतिक्रमण के मामलों में कार्रवाई करते हुए विभाग ने संबंधित स्थलों पर तालाबंदी की है। इनमें एक मामला कोलर क्षेत्र का तथा दूसरा नाहन वन परिक्षेत्र से संबंधित है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त चार अन्य अतिक्रमण मामलों की जांच जारी है और जल्द ही उन पर भी उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। वन विभाग द्वारा की जा रही इस कार्रवाई से साफ संकेत मिलते हैं कि अब वन भूमि की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

### 118 लोगों से खाली पेज पर करवाए हस्ताक्षर

**अनुराग, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** माजरा पंचायत में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ग्राम वासियों से खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवाने का गंभीर आरोप पंचायत प्रतिनिधियों पर लग रहा है। सूत्रों के अनुसार 118 से अधिक लोगों से बिना किसी जानकारी के खाली पेज पर आंखें बंद कर साइन करवा लिए गए। यह मामला अब गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामवासियों को बिना किसी विवरण के कागजों पर साइन करने को कहा गया। दस्तावेजों में क्या लिखा जाएगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई। लोगों को भ्रमित करके उनके दस्तखत लिए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है और कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इस बारे विकास खंड अधिकारी विकास बंसल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### 35 किसानों को पोषण के प्रति जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट की ओर से संचालित जीवा परियोजना के अंतर्गत पोषण संवेदनशील कृषि पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को पोषण के प्रति जागरूक करना और परियोजना क्षेत्र में कुपोषण को दूर करना था। प्रशिक्षण में 35 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भोपाल से जीआईजेड की कंसल्टेंट भावना नगर तथा जीवा परियोजना के प्रमुख दीपक चमौला द्वारा एफआरपी व लीड किसानों को मार्गदर्शन दिया गया। जीवा परियोजना के अध्यक्ष पुष्पेंद्र ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही लाभकारी रहा। हमें पोषण के महत्व की जानकारी मिली। अंबुजा फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

### सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने पर बल दिया

**अनंत ज्ञान, अर्की।** शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी हेमलता शर्मा प्रवक्ता अर्थशास्त्र ने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम 24 से 1 जुलाई तक मनाया गया। इसमें छात्राओं को संस्कृत भाषा, विविध, व्यंजनों, दर्शनीय स्थल आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसमें 78 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य भारतेंदु भार्गव ने छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। छात्राओं को उद्बोधन में उन्होंने संस्कृत विविधता कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखने पर बल दिया।

### मुकेश अग्निहोत्री आज सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 2 जुलाई को सोलन के प्रवास पर होंगे। मुकेश अग्निहोत्री 2 जुलाई को सोलन के कंडाघाट उपमंडल के क्यारीघाट स्थित प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल मेघदूत से सायं 4.30 बजे मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल प्रदेश के साथ हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की 24 नई वोल्वो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### इनरव्हील क्लब सोलन ने मनाया डॉक्टर्स-डे

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के चंबाघाट स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में मंगलवार को इंनरव्हील क्लब सोलन ने डॉक्टर्स-डे मनाया। इस अवसर पर डॉ. पूनम शर्मा और डॉ. विनय बत्रा ने केक काटा और इस दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया। साथ ही डॉक्टर को उपहार भी दिए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ने डाक्टरों की सेवा, समर्पण की मुक्तकंठ प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक मानव जीवन की रक्षा के लिए अपने जीवन को दांव पर लगा देते हैं। इस अवसर पर इनव्हील क्लब सोलन की प्रधान चारवी, कुमुद ठाकुर, नमिता गंभीर, सुमन कंवर, रीना बाली, शीला कौशल व अन्य मौजूद रहीं। क्लब सोलन ने सभी डॉक्टरों को सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया।

### डेंगू के खिलाफ जंग में उतरी पांवटा नगर परिषद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डेंगू के खतरे को देखते हुए पांवटा नगर परिषद ने कमर कस ली है। इस बार परिषद ने 'मच्छर मुक्त पांवटा' मिशन के तहत पूरे शहर में बड़ा अभियान छेड़ दिया है। कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने सभी सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि एक भी वार्ड में गंदगी या रुका हुआ पानी नजर नहीं आना चाहिए। नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है और हर वार्ड में फॉगिंग मशीनें लगातार चलाई जा रही हैं। संजय कुमार ने कहा कि डेंगू को पांवटा में पैर जमाने नहीं दिया जाएगा। इस बार डेंगू से पहले हम तैयार हैं। सभी वार्डों में सफाई और दवा छिड़काव का काम पहले ही शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद की टीमें लगातार फील्ड में हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने अतिरिक्त दवाइयों, फॉगिंग मशीनों और सफाई कर्मियों की विशेष टीमों की व्यवस्था पहले ही कर ली है। यही नहीं, डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वे अपने घरों और आसपास पानी न जमा होने दें, कूलर, गमले, टंकियों की सफाई नियमित करें।

## स्टांप विक्रेताओं के पदों के लिए आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** तहसीलदार एवं उप पंजीयक नाहन, उपेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा जारी प्रासंगिक नियमों और निर्देशों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप तहसील नाहन, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में स्टांप विक्रेताओं के दो रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक तहसील नाहन का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, तथा कंप्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। उम्मीदवार सरकारी/अर्ध सरकारी या किसी अन्य पूर्ण कालीन व्यवसाय में नहीं होना चाहिए। आवेदन के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, बेरोजगार होने का प्रमाणपत्र, आयु तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन स्वत: हस्ताक्षरित कर 15 जुलाई तक तहसीलदार एवं सब-रजिस्ट्रार कार्यालय नाहन में जमा करवाने होंगे।

# एचआरटीसी की बस पलटी, 11 यात्री घायल

## बस में 47 यात्री थे सवार, बाइक सवार को बचाते समय टायर हुआ स्किड

अनंत ज्ञान टीम, सोलन/नालागढ़

सोलन जिले के अंतर्गत नालागढ़ में मंगलवार को भारी बारिश के बीच सड़क हादसा हो गया।

नालागढ़-स्वारघाट मार्ग पर दिल्ली जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 47 यात्री सवार थे, जिनमें से 11 यात्री घायल हुए हैं। यह हादसा गोलाजमाला के पास हुआ, जहां सरकाघाट डिपो की बस फिसलन भरी सड़क पर संतुलन खो बैठी और पलट गई। यह हादसा नालागढ़-स्वारघाट रोड पर गोलजमाला नंगल के समीप पेश आया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाते समय टायर स्किड हो गया और सड़क किनारे बने पैराफिट से टकरा गई, जिस कारण बस सड़क पर ही पटल गई। घायलों को तुरंत लोगों की मदद से नालागढ़ के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है। हादसे के कारण मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बस हादसे की जांच की जा रही है और घायलों को हरसंभव मदद प्रदान की जा रही है। जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से सड़क फिसलन भरी हो गई थी।



इससे ड्राइवर को बस पर नियंत्रण बनाए रखना मुश्किल हो गया। बस में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में डॉक्टरों की अतिरिक्त टीम तैनात कर दी गई। बीएमओ नालागढ़ कवि राज नेगी ने बताया कि सरकाघाट डिपो की बस नालागढ़ के नंगल में पलटी है, जिसमें 47 यात्री सवार थे, जिनमें से में 11 यात्री घायल हुए हैं, जिनको अस्पताल लाया गया है। इनमें से तीन का सीटी स्कैन कराया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही उन्हें जरूरत पड़ने पर चंडीगढ़ रेफर किया जाएगा। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने भी मामले की पुष्टि की है।

# अर्की में कार से अवैध देसी शराब की 25 पेटियां बरामद

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** पुलिस थाना अर्की की टीम थाना क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक मारुति कार नं. एचपी-7सी-1666, जिसे चालक नरेश कुमार चला रहा था।

उसमें भारी मात्रा में शराब ले जाई जा रही है, जिस सूचना पर पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अर्की बाजार के समीप नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को रोककर चैक करके उसमें से 25 पेटियां (300 बोतलें) शराब देसी मार्का हिम संतरा बरामद की गईं, जिस पर उक्त मारूति कार का चालक कोई भी वैध लाइसेंस/दस्तावेज/परमिट पुलिस के समक्ष पेश न कर सका, जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त



अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपी चालक नरेश कुमार उर्फ संजू पुत्र स्व. रोशन लाल निवासी गांव दिदु डाकखाना बखालग तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 42 वर्ष से गहनता से पूछताछ करने के उपरांत बीएनएसएस 2023 के प्रावधानों के अनुसार धारा 35 (3) बीएनएसएस पाबंद किया गया। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# शुभम चौहान अपने हुनर से हिमाचल की समृद्ध संस्कृति को दे रहे पहचान

आशीष, अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र भलग गांव से ताल्लुक रखने वाले शुभम चौहान अपनी कला के जरिए हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और आस्था को नई पहचान दे रहे हैं।

यूटीसीएल बागा के समीप जन्मे शुभम ने अपनी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगल से पूरी की और वर्तमान में फाइन आर्ट्स शिमला में बीएफए द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। शुभम अब तक राज्य संग्रहालय शिमला और कुनिहार में अपनी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगा चुके हैं। उनकी एक पेंटिंग राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुई। इसमें उन्हें प्रशंसा पदक से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने कला शिक्षक विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में अब तक तीन राष्ट्रीय कला शिविरों की मेजबानी भी की है। शुभम की पेंटिंग्स में हिमाचल की पारंपरिक



संस्कृति, देवी-देवताओं और ऐतिहासिक पात्रों की गूंज सुनाई देती है। हालही में उन्होंने सुकेत क्षेत्र के प्रसिद्ध बाड़ुबाड़ा देवता जी का चित्र बनाया है, जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। उनके इस चित्र में लोक आस्था, परंपरा और भावनाओं की गहराई बखूबी झलकती है। शुभम का सपना है कि वे हिमाचल की लोक संस्कृति को देश-विदेश तक अपनी कला के माध्यम से पहुंचाएं।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ सिरमौर पुलिस का बड़ा एक्शन : एसपी

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत जिला सिरमौर पुलिस द्वारा गत दिनों में नशे के सौदागरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए, नशे के बड़े-2 तस्करों की सूत्रों से सुचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्तियों जिनमें शोएब खान पुत्र सलीम खान व सकीब शाह पुत्र सोनू शाह निवासीगण जीवनगढ़, डाकघर अंबादी, तहसील विकासनगर, उतराखंड के रहने वाले हैं, जो कि विकासनगर से महरुवाला की तरफ आ रहे हैं तथा इलाका में चिट्टा/ हेरोइन, बेचने का कार्य करते हैं, उक्त गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भूड़डी रोड, वाईफरीकेशन महरुवाला सड़क पर एक मोटर साइकिल को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने उक्त दोनों मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों के कब्जे से 323 ग्राम चिट्टा/ हेरोइन बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने

**दो मामलों में 1 करोड़ 65 लाख की अवैध संपत्ति सीज**

बताया कि उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में अभियोग 38/25 22 फरवरी 2025 नारकोटिक्स ड्रग्स, साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कर संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए व नशे के तस्करों का उन्मूलन करने के लिए तथा तस्करों की तह तक पहुंचने के लिए अधोहस्ताक्षरी के द्वारा एक विशेष वित्तीय अन्वेषण टीम का गठन पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय रमाकांत ठाकुर की देखरेख में किया गया, जिनको इस अभियोग के संदर्भ में स्वापक औषधि व मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम-1985 के अध्याय बीए के प्रावधानों के तहत वित्तीय अन्वेषण करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम द्वारा वित्तीय अन्वेषण पूर्ण करने के उपरांत संबंधित आरोपी के अतिरिक्त नातेदारों एवं संबंधियों जिनमें शमशादा पत्नी सलीम खान, कौशर पुत्र सलीम खान, आसामीन पत्नी कौशर, शबनम पुत्री सलीम खान सभी निवासीगणजीवनगढ़, डाकघर अंबादी, तहसील निकास नगर उतराखंड की अवैध संपत्ती को सीज/फ्रीज करके अपने आदेशों को आवश्यक स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकारी व प्रशासक, तस्कर एवं विदेशी मुद्रा छत्रसाधक (संपत्ति संपहरण), अधिनियम, 1976 एवंस्वापक औषधि व मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 एवं न्यायनिर्णायक प्राधिकारी, वेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम-1988 नई दिल्ली को भेज गया था। सक्षम प्राधिकारी के द्वारा संबंधित आरोपियों/नातेदारों एवं संबंधियों की अवैध संपत्ति की कुल कीमत 54,08,791.37 को सीज/फ्रीज करने के संदर्भ में अपनी स्वीकृति प्रदान की है। जिला सिरमौर, पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में वित्तीय अन्वेषण के तहत अपराधियों की कुल 95,00,485.85 रुपए की व 70,70,702.29 रुपए की नकदी/ अवैध संपत्ति सक्षम प्राधिकारी के द्वारा सीज/फ्रिज की है। जिला सिरमौर, पुलिस द्वारा अभी तक कुल तीन मामलों में 2,19,79,979.51 रुपए की नकदी/अवैध संपत्ति सक्षम प्राधिकारी के द्वारा सीज/फ्रीज करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत, जो आरोपी पकड़े जाने के बावजूद बार-बार नशे के कारोबार में संलिप्त पाए गए हैं, उनके खिलाफ जिला सिरमौर पुलिस द्वारा पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई गई है, जिस कड़ी में अब तक चार व्यक्तियों संजय कुमार, बब्ली, शोकत अली, रेश कुमार के खिलाफ नियमानुसार रिपोर्ट तैयार करके उचित माध्यम से सचिव (गृह), हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रेषित की गई थी। उपरोक्त व्यक्तियों के प्राधिकृत अधिकारी से डिटेंशन के आदेश प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की गई। नेगी ने बताया कि चारों आरोपी को तीन माह के लिए आदर्श केंद्रीय कारागार नाहन भेजा जा चुका है।



**आयोजन** शिक्षा मंत्री ने कहा, गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य

# शिक्षकों के जल्द भरे जाएंगे 3101 पद

अनंत ज्ञान, सोलन

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने तथा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है। रोहित ठाकुर सोलन जिले के बद्दी में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का शुभारंभ के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

रोहित ने कहा कि शिक्षा बेहतर भविष्य का आधार है और प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन कर रही है, ताकि छात्र हर स्तर पर लाभान्वित हो सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गुणवत्तायुक्त व प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा की दृष्टि से स्कूल और कॉलेज शिक्षा के अलग-अलग निदेशालय बनाए हैं। सीएम सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नवीनतम राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) परख में हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर समग्र रूप से 5वीं रैंकिंग मिली है। उन्होंने कहा



बद्दी में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के शुभारंभ के उपरांत शिक्षा मंत्री।

कि पूर्व सरकार के समय में वर्ष 2021 में किए गए इस सर्वेक्षण में प्रदेश को 21वां स्थान मिला था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों, शिक्षकों के परिश्रम और छात्रों के अथक प्रयासों व लगन से आज हिमाचल के शिक्षा स्तर में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एनुअल स्टेटस ऑफ ऐजुकेशन रिपोर्ट (असर), 2024 के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों का रीडिंग लेवल देश में सबसे बेहतर पाया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और धरातल पर योजनाओं के उचित कार्यान्वयन का परिणाम है। प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कम छात्र नामांकन वाले स्कूलों का विलय, शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों का युक्तिकरण, रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी और सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना मुख्य कारक हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय अध्यापकों की पदोन्ति में आए ठहराव को वर्तमान सरकार ने दूर किया है और वर्तमान में समयबद्ध पदोन्नित के साथ-साथ अध्यापकों के खाली पड़े पद भी भरे जा रहे हैं। जल्द ही शिक्षकों के 3101 रिक्त पद चयन आयोग के माध्यम से भरे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उर्दू और पंजाबी शिक्षकों के भी 18 पद भरे गए हैं। आवश्यकतानुसार और पद भी भरे जा रहे हैं। रोहित ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षकों और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की एक्सपोजर विजिट करवा रही है। इसका उद्देश्य उनके दृष्टिकोण और शिक्षा की गुणवत्ता में व्यपाक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अध्यापकों से आग्रह किया कि अपने ज्ञान को अद्यतन रखें और यह प्रयास करें कि छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान व नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी दी जाए।

# आपातकालीन स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन दूरभाष नंबर 1077 और 112 पर करें सूचित

अनंत ज्ञान, नाहन

डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बरसात के मौसम के दौरान प्रदेश भर में हो रहे नुकसान की घटनाओं के मद्देनजर जिला वासियों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में नदी-नालों और भूस्खलन वाले इलाकों से दूर रहें और खराब मौसम की पूर्व जानकारी के लिए सचेत और दामिनी ऐप डाउनलोड कर जानकारी पर नजर बनाए रखें।

दक्षिण-पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश में सक्रिय है और सिरमौर जिला विभिन्न प्रकार की आपदाओं के लिए अति संवेदनशील है। बरसात के मौसम के दौरान जिले में भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाएं हो सकती हैं इसलिए आमजन नदियों, खड्डों और नालों के समीप जाने से बचें और इनमें तैरने, नहाने, कपड़े धोने और अन्य गतिविधियों से भी परहेज करें। डीसी ने मानसून सीजन के दौरान जिले का दौरा करने वाले पर्यटकों के लिए परामर्श जारी करते हुए उन्हें भूस्खलन, अचानक बाढ़ और अन्य प्राकृतिक खतरों के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि वे मौसम की जानकारी रखें, बरसात के समय में नदी-नाले व पहाड़ की ऊंची चोटियों में जाने से बचें तथा स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

उन्होंने जिले के होटल मालिकों से आग्रह किया कि वे पर्यटकों को इस मौसम के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों से दूर रहने के लिए जागरूक करें। डीसी ने सभी उपमंडलों में भी निर्देश जारी किए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों, खनन गतिविधियों, अस्थायी आश्रयों और अनाधिकृत संरचनाओं में रहने वाले लोगों की पहचान करें, जो कि नदियों और उनकी सहायक नदियों के पास, विशेष रूप से बाढ़ और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर तुरंत स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। डीसी ने जिला वासियों से आग्रह किया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में डीसी कार्यालय स्थित आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के निशुल्क दूरभाष नंबर 1077, 112 पर तुरंत सूचना दें।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद तिवारी ने किया ओपन एयर जिम का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने मंगलवार को सेक्टर 63 स्थित 3 बीएचके फ्लैट्स के सेंट्रल पार्क में नवनिर्मित ओपन एयर जिम का उद्घाटन किया। यह सुविधा 2.74 लाख रुपए की लागत से स्थापित की गई है और इसका उद्देश्य स्थानीय निवासियों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है। ओपन एयर जिम में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आधुनिक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं। इस अवसर पर तिवारी ने शहरी क्षेत्रों में सुलभ फिटनेस अवसंरचना की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे नागरिकों को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया और जनसुविधाओं के उन्नयन के लिए सराहना व्यक्त की। यह परियोजना चंडीगढ़ में हरित और स्वास्थ्य अनुकूल सामुदायिक स्थलों के विकास की निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम का समापन जिम उपकरणों के प्रदर्शन और निवासियों के साथ संवाद सत्र के साथ हुआ।

### हैफेड पंचकूला में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** पार्क ग्रेशियन अस्पताल, मोहाली ने स्व. श्रीमती शकुंतला देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट (संस्थापक मनोज बामनिया) के सहयोग से हैफेड हेड ऑफिस, सेक्टर-5 पंचकूला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह कैंप 'हम हैं ना' प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया गया, जिसमें 120 से अधिक कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस हेल्थ कैंप में ईएनटी, नेत्र रोग, त्वचा रोग, और पोषण व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रदान की गईं। अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर स्थल पर ही हेल्थ स्क्रीनिंग और काउंसलिंग की। शिविर का उद्घाटन हैफेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकुल कुमार (आईएएस), सेक्रेटरी योगेश कुमार (एचसीएस) और एडिशनल जीएम विकास देसवाल ने किया। पार्क अस्पताल, मोहाली की ओर से ज्वॉइंट डायरेक्टर प्रिय रंजन और दीपक कुमार ने कैंप की अगुवाई की। इस मौके पर पार्क ग्रेशियन अस्पताल, मोहाली की ओर से जानकारी दी गई कि अस्पताल ट्राइसिटी की सबसे मजबूत क्रिटिकल केयर टीम के साथ 24X7 इमरजेंसी और आईसीयू सेवाएं उपलब्ध कराता है। अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है और रोबोटिक सर्जरी की सुविधाएं ऑर्थोपेडिक्स, गायनेकोलॉजी, बैरियाट्रिक सर्जरी और रीनल ट्रांसप्लांट जैसी जटिल सर्जरी के लिए उपलब्ध हैं। यहाँ रोगियों को मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के जरिए तेज रिकवरी और कम दर्द के साथ बेहतरीन इलाज मिलता है।



### एसबीआई चंडीगढ़ अंचल ने डॉक्टर्स-डे मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), चंडीगढ़ अंचल ने अपने योग्य अंचल प्रमुख अरविंद कुमार के नेतृत्व में डॉक्टर्स-डे को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर चिकित्सा जगत के प्रतिष्ठित डॉक्टरों को मानवता की निःस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में चंडीगढ़ क्षेत्र प्रमुख रामकुमार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और डॉक्टरों के योगदान को हृदय से नमन किया।



### तुर्किये में पैगंबर के कथित कार्टून पर विवाद

**एजेंसी, अंकारा।** तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, लेमन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे 'दांत के बदले दांत, खून के बदला खून' के नारे लगा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा लेमन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा में अफसर को ऑफिस में घुसकर पीटा

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर में सोमवार को भुवनेश्वर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर रत्नाकर साहू की जनसुनवाई के दौरान कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में 6-8 लोग साहू को उनके ऑफिस से घसीटकर बाहर निकालते दिख रहे हैं। गालियां दे रहे और लगातार घूंसों से मारा जा रहा है। इसी बीच एक शख्स अधिकारी के चेहरे पर पैर से लात मारता है। शर्ट का कॉलर पकड़कर साहू को घसीट रहे, वह जमीन पर गिर गए हैं। मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सीएम मोहन चरण माझी से अपील की है कि इस शर्मनाक हमले को अंजाम देने वालों के खिलाफ तो सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही साजिश में शामिल राजनीतिक नेताओं पर भी तुरंत और कड़ी कार्रवाई की जाए। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में हिंदू युवती से दुष्कर्म पर विरोध तेज

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के कुमिल्ला के मुरादनगर में 26 जून को 21 वर्षीय हिंदू युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन और सियासत तेज हो गई है। एक ओर जहां हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने देशभर के कई शहरों में उग्र प्रदर्शन किया। उधर, राजनीतिक दलों में इस घटना पर विवाद छिड़ गया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने आरोपी फजोर अली को एक-दूसरे का नेता बताकर आरोप लगाए। जमात-ए-इस्लामी ने भी इस मामले में बीएनपी को निशाना बनाया। कुमिल्ला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एकेएम कमरुज्जमां ने जांच में इसे क्रूर यातना का मामला बताया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित सरल स्वभाव की है और एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर का कोई सबूत नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

### पिछड़ा वर्ग के परिवारों के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा तोहफा

# बेटियों को कन्यादान के लिए मिलेगा 51 हजार का शगुन

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में दिए जाने वाले शगुन की राशि में बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अब पिछड़ा वर्ग के परिवारों को बेटियों के विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपए मिलेंगे। पहले यह राशि 41 हजार रुपए दी जाती थी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शगुन की राशि में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार के इस निर्णय से 1.80 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले लाखों पात्र परिवारों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है।

इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह हेतु, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को



उनकी स्वयं की शादी हेतु और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को, जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो, उन्हें अब 51 हजार रुपये का कन्यादान मिलेगा।

इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपए की राशि विवाह के अवसर पर पहले से ही दी जा रही है। विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) 51 हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान किया गया है।

यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपए की राशि मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के छह माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपए की राशि विवाह के अवसर पर पहले से दी जा रही है। विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) 51 हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान किया गया है।

यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपए की राशि मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के छह माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना का लाभ के लिए आवेदक *shadi.edisha.gov.in* पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## धामी सरकार का कैंपा फंड से हरित क्रांति का रोडमैप तैयार



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि देहरादून शहर में ग्रीन कवर बढ़ाने हेतु, कैंपा फंड इस्तेमाल किए जाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से भी अनुमति प्राप्त करने की कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए। वन क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। इसके लिए वन विभाग के साथ पेयजल, जलागम, ग्राम्य विकास और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कैंपा निधि से संचालित परियोजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक भूपाल राम टम्टा, मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव वन श्री आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा, सचिव राधिका झा, चंद्रेश कुमार, एस एन पांडेय, श्रीधर बाबू अदांकी और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे पर सीएम सैनी ने डॉ. गोयल को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को एक होटल में राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे के अवसर पर डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान किडनी प्रत्यारोपण के क्षेत्र में योगदान के लिए पंचकूला के वरिष्ठ किडनी ट्रांसप्लांटेशन सर्जन डॉ. नीरज गोयल को सम्मानित किया।



डॉ. गोयल को हरियाणा में किडनी ट्रांसप्लांटेशन कार्यक्रम की स्थापना और उसे आगे बढ़ाने में उनके अग्रणी प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। यह सुविधा कभी राज्य के उत्तरी भाग में उपलब्ध नहीं थी।

अपनी अथक प्रतिबद्धता और सर्जिकल विशेषज्ञता के माध्यम से, डॉ. गोयल ने न केवल हजारों लोगों के लिए किडनी ट्रांसप्लांटेशन कार्यक्रम को पहुंचाया, बल्कि हरियाणा को उन्नत किडनी की देखभाल में एक आत्मनिर्भर केंद्र भी बनाया है।

अपने करियर के दौरान, डॉ. गोयल ने 1000 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांटेशन किए हैं, जिनमें से लगभग 400 सफल ट्रांसप्लांटेशन अल्केमिस्ट अस्पताल पंचकूला में की गई हैं, जहां वे यूरोलॉजी और ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में काम करते हैं।

## हरियाणा का लिंगानुपात बढ़कर हुआ 906 : सुधीर राजपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए नए सिरे से प्रयास करते हुए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग ने राज्यव्यापी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत, राज्यभर के सार्वजनिक पार्कों में जागरूकता रैलियां और मार्च आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग की संदेश को और अधिक बढ़ाने के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों के सोशल मीडिया हैंडल पर समर्पित अभियान चला रहा है। ऐसे लगातार प्रयासों से, हरियाणा का लिंगानुपात एक जनवरी से 30 जून, 2025 की अवधि के दौरान 906 तक सुधर गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। यह जानकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक के दौरान दी गई। बैठक के दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया, साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इसमें शामिल पाए जाने वाले किसी भी डॉक्टर के लाइसेंस रद्द करने सहित सख्त दंडात्मक कार्रवाई करें।

## अवैध आरएमसी पर संयुक्त कार्रवाई कर तत्काल बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य व पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आमजन को सुविधाओं और पारदर्शी प्रशासन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व में उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को गुरुग्राम जिले में अवैध रूप से संचालित रेडी-टू-मिक्सचर (आरएमसी) प्लांट के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें सील करने के निर्देश दिए थे, परंतु यह संज्ञान में आया है कि विभागीय कार्रवाई के बावजूद कुछ आरएमसी प्लांट सील होने के बाद भी पुनः संचालित हो रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं डीएचबीवीएन के अधिकारी संयुक्त रूप से ऐसे अवैध आरएमसी के खिलाफ कार्रवाई करें।

उद्योग मंत्री मंगलवार को गुरुग्राम में बिजली विभाग (डीएचबीवीएन) तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में विभागीय कार्यों, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई तथा आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किसी अवैध आरएमसी प्लांट को सील किया जाए, उसी समय बिजली विभाग उसका बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काटे, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर संदेश जाए।

उन्होंने बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिए कि गुरुग्राम की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख सड़कों पर लटकते तारों को शीघ्रता से ठीक किया जाए।

## देश-विदेश

### न्यूजवीक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में विदेश मंत्री जयशंकर बोले-

## अमेरिका के साथ व्यापार और भारत पाक सीजफायर में कोई संबंध नहीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका दौर पर गए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी चर्चा और भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बीच कोई संबंध नहीं है। उन्होंने यह बात न्यूजवीक मैगजीन के सीईओ देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू के दौरान कही। जयशंकर ने कहा कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न



करते हुए कहा था कि हमले का जवाब दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि 10 मई को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क कर कहा कि पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला ने भारत के डीजीएमओ ले. जनरल राजीव घई से संपर्क किया और सीजफायर की रिक्वेस्ट की थी। दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप कई बार दावा करवा चुके हैं कि उनकी व्यापार न करने की धमकी से दोनों देश सीजफायर करने के लिए सहमत हुए थे। (अनंत ज्ञान)

### जंगी जहाज 'तमाल' नौसेना में शामिल



**एजेंसी, मॉस्को।** भारतीय नौसेना को सबसे आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तमाल' मिल गया है। आईएनएस तमाल को रूस के कैलिनिनग्राद में कमीशन किया गया। कमीशनिंग सेरेमनी वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह की अध्यक्षता में हुआ। तमाल रूस से मिला आठवां और तुशिल क्लास की दूसरी वॉरशिप है। यह 2016 में हुए भारत-रूस रक्षा समझौते का हिस्सा है। (अनंत ज्ञान)

## कर्नाटक कांग्रेस में नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन : सुरजेवाला

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व में बदलाव को लेकर तेज होती अटकलों पर पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को उन्होंने नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा को सिरे से नकारते हुए साफ और स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी में इस मुद्दे पर किसी भी तरह की राय नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे केवल विधायकों और सांसदों से उनके क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरजेवाला ने कहा कि कल भी मैंने जवाब दिया था और आज भी साफ कर रहा हूं नेतृत्व परिवर्तन को लेकर राय लेने का सवाल ही नहीं है। जवाब केवल एक शब्द में है नहीं।



बता दें कि सुरजेवाला ने मामले में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस दौरान सुरजेवाला के साथ कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी मौजूद थे। सुरजेवाला ने बताया कि वे विधायकों, सांसदों, एमएलसी और हाल में विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़े उम्मीदवारों से मुलाकात कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## सब्सिडी बंद की तो मस्क को लौटना पड़ेगा अफ्रीका : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा।' ट्रंप के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला



इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे। ट्रंप ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि डीओजीई इस मामले की डिटेल जांच करे। (अनंत ज्ञान)

## हीटवेव की चपेट में आया पूरा यूरोप, रेड अलर्ट जारी

### बार्सिलोना में गर्मी का 100 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**एजेंसी, पेरिस/बार्सिलोना**

यूरोप इस समय जबरदस्त हीटवेव से जूझ रहा है। स्पेन के बार्सिलोना में जून महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। बार्सिलोना आमतौर पर भीषण गर्मी से बचा रहता है। हालांकि इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की चपेट में आ गया। यूरोप के कई देशों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। भीषण गर्मी के चलते स्कूल बंद हैं और लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा जा रहा है।

स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, बार्सिलोना में जून 2025 अब तक का सबसे गर्म जून साबित हुआ है। केन फाबरा वेधशाला में इस बार



औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 100 वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले जून 2003 में 25.6 डिग्री सेल्सियस औसत तापमान था। 30 जून को बार्सिलोना में एक दिन का तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। (अनंत ज्ञान)

### पेरिस में 40 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**फ्रांस** की राजधानी पेरिस में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। भीषण गर्मी के कारण फ्रांस में 1,300 से ज्यादा स्कूल आंशिक या पूरी तरह से बंद कर दिए गए हैं। इटली के 17 शहरों में भीषण गर्मी पड़ रही है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स में भी तापमान सामान्य से ज्यादा बना हुआ है।

## तेलंगाना में दवा फैक्टरी धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में दवा फैक्टरी में हुए धमाके में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। फैक्टरी से 31 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, अस्पताल में 5 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हैं। संगारेड्डी के एसपी परितोष पंकज ने यह जानकारी दी है। 30 जून को फैक्टरी की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद की घोषणा की थी। उधर, तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार धमाका हुआ, न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### रेमिटेंस | 8 साल में दोगुना हुआ रेमिटेंस, वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत ज्यादा

# प्रवासी भारतीयों ने रिकॉर्ड 11.60 लाख करोड़ रुपए देश भेजे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने देश में रिकॉर्ड 135.46 बिलियन डॉलर यानी करीब 11.60 लाख करोड़ रुपए भेजे। यह राशि पिछले साल की तुलना में 14 प्रतिशत ज्यादा है और आठ साल पहले यानी 2016-17 के 61 बिलियन डॉलर (5.22 लाख करोड़ रुपए) से दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत लगातार एक दशक से ज्यादा समय से दुनिया में सबसे ज्यादा रेमिटेंस (प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया पैसा) पाने वाला देश बना हुआ है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चीफ इकोनॉमिस्ट गौरा सेनगुप्ता के मुताबिक, 'रेमिटेंस में यह तेजी तब भी बनी हुई है, जब कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है। इसका कारण है कि अब भारतीय लोग कम तेल निर्भर अर्थव्यवस्थाओं जैसे अमेरिका, और यूके में ज्यादा हैं।'

पहले खाड़ी देशों में ज्यादातर ब्लू-कॉलर वर्कर्स (कंस्ट्रक्शन वर्कर, ड्राइवर, मजदूर) काम करते थे, लेकिन अब भारत के स्किल्ड प्रोफेशनल्स की डिमांड बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### कुल रेमिटेंस में विकसित देशों से आता है 45 प्रतिशत हिस्सा : आरबीआई

**आरबीआई** की रिसर्च के अनुसार, अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे विकसित देशों से कुल रेमिटेंस का 45 प्रतिशत हिस्सा आता है। पहले खाड़ी देशों से सबसे ज्यादा पैसा भारत आता था, लेकिन अब उनकी हिस्सेदारी कम हो रही है। इसका कारण है कि अब भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल्स की संख्या अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे देशों में तेजी से बढ़ रही है। ये लोग आईटी, इंजीनियरिंग, मेडिकल और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में वहां अच्छी सैलरी वाली नौकरियां कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीयों की संख्या करीब 45 लाख है, जिनमें से ज्यादातर उच्च शिक्षा प्राप्त लोग हैं। इनमें से 43 प्रतिशत के पास ग्रेजुएट डिग्री है, जो अमेरिकी नागरिकों (13 प्रतिशत) की तुलना में काफी ज्यादा है।



### कहां-कहां जाता है रेमिटेंस का पैसा ?

**भारत** में रेमिटेंस का सबसे ज्यादा फायदा उन राज्यों को मिलता है, जहां से लोग विदेशों में जाकर काम करते हैं। केरल, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस मामले में सबसे आगे हैं। खासकर केरल में रेमिटेंस का असर इतना ज्यादा है कि यह वहां के नेट स्टेट डोमेस्टिक प्रोडक्ट का 36.3 प्रतिशत हिस्सा है। यह पैसा परिवारों की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई, मकान बनाने और छोटे-मोटे बिजनेस शुरू करने में खर्च होता है।

## सेंसेक्स में 91 और निफ्टी में 25 अंकों का उछाल

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते को दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 25 अंक की तेजी रही। यह 25,542 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। BEL, रिलायंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट 2.60 प्रतिशत चढ़े। एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल और टेक महिंद्रा 2 प्रतिशत तक गिरे। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 शेयरों में गिरावट रही। NSE का मीडिया इंडेक्स 1.31 प्रतिशत गिरा। आईटी, रियल्टी और ऑटो शेयरों में भी गिरावट रही। मेटल, फार्मा और सरकारी बैंकों के शेयरों में खरीदारी रही। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 30 जून को सेंसेक्स 452 अंक गिरकर 83,606 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की गिरावट रही थी। यह 25,517 पर आ गया था। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### मंत्रिमंडल ने खेलो भारत-2025 नीति को दी मंजूरी : वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करने के उद्देश्य से एक व्यापक खेलो भारत नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों पर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर काफी ध्यान दिया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए ज्यादा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि इसका दूसरा मुख्य उद्देश्य खेल को 'जन आंदोलन' बनाना है। (अनंत ज्ञान)



### हरियाणा की रेसलर विनेश फोगाट मां बनीं, बेटे को दिया जन्म

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हरियाणा की रेसलर और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट मां बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार सुबह 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। विनेश को कल शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विनेश के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी हुई है। फिलहाल, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विनेश की शादी 7 साल पहले पहलवान सोमवीर राठी से हुई थी। उन्होंने पति सोमवीर राठी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, 'ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर (एक नए अध्याय के साथ हमारी प्रेम कहानी जारी है)।' पोस्ट में उन्होंने बच्चे के पैरों के निशान और प्यार का प्रतीक भी शेयर किया था। (अनंत ज्ञान)



### एएफसी महिला क्वालीफायर में भारत के सामने इराक की चुनौती

**एजेंसी, चियांग माइ (थाईलैंड)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को यहां 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। अपने शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा अंदाज में जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी खिलाड़ियों के साथ प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी। तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद छह अंकों और प्लस 17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर प्लस 11 है। इराक पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके चार अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में पांच जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### मारिया शारापोवा का खूबसूरत अंदाज

**रूस।** टेनिस की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी और पांच बार ग्रैंड स्लैम विजेता रही मारिया शारापोवा विश्व के बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस रशियन खिलाड़ी के प्रशंसक पूरी दुनिया में हैं।



## इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिए भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

# भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट आज से

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें।

हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया, तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें।

डोइशे ने कहा,''रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।''

उन्होंने कहा,''टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।'' बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है, लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके सीरीज ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वह रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे, लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले।

ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं, तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साई सुदर्शन और करुण नायर को खराब शुरूआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है।

दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है, लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है। उन्होंने दो बार भारत के पूरे दस विकेट लिए थे। (अनंत ज्ञान)



**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

## संन्यास से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं लियोन

**एजेंसी, सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)**

आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के ऑफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी सीरीज नहीं जीत सके। आस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा,''मैं भारत में सीरीज जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी सीरीज जीतना चाहता हूं।''

उन्होंने कहा,''हमारे पास यह मौका होगा, लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है। इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर भी है।'' लियोन ने आस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई।

आस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा,''मैने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे कैरियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं।'' (अनंत ज्ञान)



**बोले-ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया**

## अब कोई और नहीं बन सकेगा 'कैप्टन कूल'!

**एजेंसी, रायपुर**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने मशहूर उपनाम 'कैप्टन कूल' को ट्रेडमार्क कराने के लिए आवेदन किया है। ट्रेडमार्क रजिस्ट्री पोर्टल से मिली जानकारी के मुताबिक यह आवेदन स्वीकार कर लिया गया है, इसका मतलब यह कि अब कोई भी 'कैप्टन कूल' के उपनाम का इस्तेमाल किसी दूसरे खिलाड़ी के लिए नहीं कर पाएगा। मतलब यह कि अब टीम इंडिया में कोई और 'कैप्टन कूल' नहीं होगा।



सवाल यह है कि धोनी को उनके फैंस की ओर से दिए इस उपनाम का ट्रेडमार्क करवाने की जरूरत क्यों पड़ी। क्या इसके पीछे इमोशनल से ज्यादा कमर्शियल कारण है? दरअसल धोनी की कोराबारी कंपनी स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, कोचिंग सेंटर्स, ट्रेनिंग सेंटर्स भी चलाती है। इसके लिए कानूनी रूप से 'कैप्टन कूल' नाम को सुरक्षित करा लिया गया है। जानकार इसे धोनी की ब्रांड वैल्यू और उनकी सार्वजनिक पहचान को कानूनी सुरक्षा देने की दिशा में उठाया गया कदम बता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## मंधाना आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की सीरीज के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है, जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें, जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है। (अनंत ज्ञान)



## विंबलडन : अल्काराज ने मैराथन मुकाबले में फोगनिनी को हराया

**एजेंसी, लंदन**

गत दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विंबलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा।

स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा,''मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विंबलडन क्यो है। जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं।'' फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं। उन्होंने कहा,''मुझे लगा नहीं था कि उसके खिलाफ मैच पांच सेट में जाएगा। मेरे पास भी मौके थे।'' फोगनिनी विंबलडन में 15 बार खेले हैं, लेकिन कभी तीसरे दौर से आगे नहीं जा सके। इस साल वह ग्रैंडस्लैम में छह मुकाबले खेले और सभी में पराजय मिली। (अनंत ज्ञान)



## कैट ने 4 जून की भगदड़ के लिए आरसीबी को माना दोषी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग अढ़ाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे।

कैट ने कहा,''इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली।'' कैट ने अपने अवलोकन में कहा, ''अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।''

आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

कैट ने कहा,''समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अचानक आरसीबी ने बिना किसी पूर्व अनुमति के उपरोक्त प्रकार का बखेड़ा किया। पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास 'अलाद्दीन का चिराग' जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं।'' आरसीबी प्रबंधन इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं था।

## टेनिस टूर्नामेंटों की तरह विंबलडन में भी मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

**एजेंसी, लंदन**

दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में 'आउट' कह रही है।

विंबलडन में तीन बार के विजेता और अब कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे जॉन मैकेनरो ने भी इस बदलाव का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों और प्रशंसकों को लाइन जज की आवाज की कमी खलेगी लेकिन अगर मशीन सटीक फैसला देती है तो यह अच्छा बदलाव है। कम से कम अब आपके दिमाग में फैसले को लेकर कोई संदेह तो नहीं रहेगा।'' 66 वर्षीय मैकेनरो ने मजाक में कहा, ''अगर पहले ऐसा होता तो मेरे बाल इतने सफेद नहीं होते, जितने अब हैं।'' दुनिया की प्रमुख टेनिस प्रतियोगिताओं में पहले ही लाइन जज की जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने ले ली है। केवल फ्रेंच ओपन अपवाद है जहां अब भी लाइन जज ही फैसला सुनाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## हैंडबाल क्वार्टर फाइनल में हरियाणा से भिड़ेगी हिमाचल की महिला टीम

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** गुजरात के भुज में जारी 54वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि टीम ने क्वार्टर फाइनल तक के अपने सफर में पहला मुकाबला केरल के साथ 12-12 से बराबरी पर खेला। दूसरे मुकाबले में टीम ने दादर नगर हवेली को 22-8 से पराजित किया। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम उत्तराखंड के 8 के मुकाबले 23 गोल कर विजेता बनी। अवंतिका ने टीम की जीत में 8, अंजलि ने 4, मन्नत व रेखा ने 3-3 गोल दर्ज किए। क्वार्टर फाइनल में हिमाचल की टीम का सामना हरियाणा से होगा। प्रदेश संघ के अध्यक्ष भरत साहनी, महासचिव नंद किशोर शर्मा आदि ने खलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## सुपर मास्टर्स टी-20 क्रिकेट लीग का होगा आयोजन : विनोद कुमार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन ने सुपर मास्टर्स क्रिकेट लीग का आयोजन का निर्णय लिया है। 16 से 30 सितंबर तक होने वाली इस टी-20 क्रिकेट लीग में उत्तर भारत की 24 क्रिकेट टीमें भाग लेगी। इस टी-20 क्रिकेट लीग में भाग लेने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीकरण पहली जुलाई से शुरू हो गया है। यह जानकारी सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फैडरेशन के डायरेक्टर/सीईओ विनोद कुमार ने सोलन में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते विनोद कुमार, साथ हैं अन्य।

विनोद ने कहा कि आईपीएल के बाद यह उत्तरी भारत की सबसे बड़ी टी-20 क्रिकेट लीग होगी। इस लीग में पंजीकरण करने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों का ऑक्शन होगा। इस टी-20 क्रिकेट मुकाबले में 20 साल से लेकर 50 साल तक के क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण पहली जुलाई से शुरू हो गया है, जो 31 जुलाई तक चलेगा। क्रिकेट खिलाड़ी सुपर मास्टर क्रिकेट लीग की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ी को 999 रुपए पंजीकरण शुल्क देना होगा। एक अगस्त से 5 अगस्त तक लेट फीस 1499 के साथ खिलाड़ी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकृत खिलाड़ियों का बाद में ऑक्शन होगा। एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे।

विनोद ने बताया कि इस लीग का शुभारंभ 15 सितंबर 2025 को होगा। और यह प्रतियोगिता 30 सितंबर तक चलेगी। इसमें प्रतिदिन 4 टी-20 मुकाबले होंगे। उन्होंने विजेता टीम को 14 लाख, उपविजेता टीम को 8 लाख और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 2 लाख प्रति टीम पुरस्कार राशि के रूप में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि क्रिकेट लीग के अधिकतर मुकाबले चंडीगढ़ के मोहाली के निकट बन्नूर क्रिकेट मैदान में होंगे। सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले पीसीए स्टेडियम और धर्मशाला में भी हो सकते हैं।

इस मौके पर सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के एमआर शारदीया, बक्शी चंद, कुनाल सूद, केवलराम, अनुराग वर्मा, युवराज, लोकेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## मोहम्मद सिराज ने हैदराबाद में खोला अपना रेस्तरां




**एजेंसी, हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने हैदराबाद शहर में अपना पहला रेस्तरां जोहारफा खोला है जिसमें मुगलई, पारसी, अरबी और चीनी व्यंजन परोसे जाएंगे । सिराज ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा,''जोहारफा मेरे दिल के काफी करीब है। हैदराबाद शहर ने मुझे पहचान दी और अब इस रेस्तरां के जरिये मैं शहर को कुछ लौटाना चाहता हूं । यहां लोगों को घर जैसा खाना परोसा जाएगा।'' इससे पहले सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली और जहीर खान भी रेस्तरां खोल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

**हॉकी** | शिवेंद्र सिंह होंगे कोच, 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मुकाबला

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारत-ए टीम का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत-ए पुरुष टीम का ऐलान किया।

यहां जारी एक बयान में हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित किया गया है। भारत-ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा,''इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे।'' भारत-ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी, जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे, जो आठ जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा,''यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिये अहम प्लेटफॉर्म होगा जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा।'' (अनंत ज्ञान)



### संभावित टीम

**गोलकीपर:** पवन, मोहित एच शशि कुमार।

**डिफेंडर:** प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान)

**मिडफील्डर:** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह

**फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह

**स्टैंडबाय:** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।